WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... | 2 | देश-विदेश | 4 | अभिव्यक्ति | 8 | छत्तीसगढ़ | 11 | खेल/बिजनेस

बिलासपुर, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025 | शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 92 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

# वोटर लिस्ट जांच पर सुप्रीम कोर्ट का बेलेसिंग एक्ट जांच जारी रहेगी, आधार, राशन, वोटिंग कार्ड मान्य

**नई दिल्ली/नवप्रदेश।** बिहार में वोटरलिस्ट की सघन जांच यानी सीरियस इंटेंसिव रिविजन (SIR) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के मुताबिक चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई गई है, लेकिन जिन बुनियादी दस्तावेजों को प्रमाण के तौर पर लेने से आयोग अब तक इनकार कर रहा है, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें भी जाँच में शामिल करने का निर्देश दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के बाद अब मतदाता अपना वोटर ड्रक्ष कार्ड, आधार कार्ड और राशन कार्ड भी जमा कर सकते हैं। बिहार में चुनाव की अधिसूचना जारी होने से सिर्फ़ 3 महीने पहले, चुनाव आयोग की वोटरलिस्ट जांच की प्रक्रिया को लेकर सबसे बड़ा विवाद इसी बात पर था कि पहचान साबित करने वाले ये तीनों अहम दस्तावेज प्रक्रिया से बाहर कर दिए गए थे.. इस पूरी प्रक्रिया के खिलाफ कई राजनीतिक दलों और संस्थाओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली थी, जिस पर आज अहम सुनवाई हुई. अगली सुनवाई २८ जुलाई को होगी।

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को बिहार में जारी मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मामले में सुनवाई हुई। कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सीपीआई (एम) समेत कई विपक्षी पार्टियों ने बिहार में मतदाता गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने की मांग की। हालांकि, चुनाव आयोग ने याचिकाओं पर आपत्ति जताई और कहा कि चुनाव आयोग का सीधे मतदाताओं से रिलेशन है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने बिहार में मतदाता गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने चुनाव आयोग की तरफ से पक्ष रखा, जबकि कपिल सिब्बल और गोपाल शंकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## क्यों जरूरी था बिहार में मतदाता सूची का पुनरीक्षण

### सीमावर्ती जिलों से चौकाने वाला आधार डाटा आया सामने

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आधार कार्ड पंजीकरण को लेकर चौंकाने वाला डेटा सामने आया है। इन आंकड़ों ने न सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकता से जुड़ी चिंताओं को भी हवा दे दी है। जहां पूरे राज्य की औसत आधार सैचुरेशन दर 94त्न है, वहीं मुस्लिम बहुल जिलों, जिनका बॉर्डर दूसरे देश से लगा है, वहां यह आंकड़ा 120 फीसदी से भी अधिक पहुंच गया है। सबसे हैरान करने वाला आंकड़ा किशनगंज जिले का है, जहां 68 फीसदी मुस्लिम आबादी है, लेकिन आधार सैचुरेशन 126 फीसदी है। यानी कि वहां हर 100 लोगों पर 126 आधार कार्ड जारी हुए हैं। यही हालात कटिहार (44प्रतिशत मुस्लिम आबादी, 123प्रतिशत आधार), अररिया (43प्रतिशत, 123प्रतिशत) और पूर्णिया (38प्रतिशत, 121प्रतिशत) जैसे अन्य जिलों में भी देखने को मिल रहे हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि इन जिलों में वास्तविक जनसंख्या से कहीं अधिक आधार कार्ड बनाए गए हैं। आधार सैचुरेशन का तात्पर्य यह है कि किसी क्षेत्र की कुल जनसंख्या की तुलना में कितने प्रतिशत लोगों ने आधार बनवा लिया है। सामान्यतः यह आंकड़ा 100प्रतिशत के आसपास होना चाहिए, लेकिन जब यह 100 फीसदी से अधिक हो जाता है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## आज बेबाक

गजब बेइज्जती है। पटना में महागठबंधन की रैली में जिस ट्रक पर मंच बनाया गया था उसमें कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को चढ़ने नहीं दिया गया। उन्हें धकिया कर खदेड़ दिया गया। मंच पर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी के अलावा कई नेता थे। जिसमें से कुछ लल्लू पंजू टाइप ही थे लेकिन कन्हैया कुमार और पप्पू यादव जैसे बड़े नेताओं को वहां जगह नहीं मिली। बेचारे तारा और सितारा अपमान का घूंट पीकर रह गये। खैर अपनी बेइज्जती खराब कराने का भी दोनों को फायदा मिला। मीडिया में तेजस्वी यादव और राहुल गांधी से ज्यादा इन्हें कवरेज मिला।

## विधानसभा में जवाब देने सरकार तैयार : साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। सत्र के दौरान विपक्ष के हमलों का सामना करने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कही।

**गुरु पूर्णिमा पर सीएम साय पहुंचे रायगढ़ :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ में गुरु दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने गुरु पीठ आश्रम के उपासना स्थल पर अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा के दर्शन कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने आश्रम में अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी के प्रिय शिष्य प्रियदर्शी भगवान राम जी के दर्शन भी किए और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लोक सभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 29 यूट्यूबरों पर मनीलांड्रिंग का मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने जुआ खेलने की अवैध एप्लीकेशन को कथित रूप से बढ़ावा देने के लिए 29 अभिनेताओं, इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स पर धनशोधन का मामला दर्ज किया है। निदेशालय ने जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है उनमें फिल्म अभिनेता विजय देवराकोंडा, राणा दग्गुबाती, प्रकाशराज, निधि अग्रवाल और प्रणीता सुभाष शामिल हैं। तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में दर्ज पांच प्राथमिकी के आधार पर धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जांच शुरू की गई है। सूत्रों ने बताया है कि प्रवर्तन निदेशालय को संदेह है जंगली रमी, ए टू थ्री, परीमैच और लोटस-365 सहित कुछ प्लेटफॉर्मों के लिए पैसा लेकर प्रचार करने में अवैध धन का लेन-देन हुआ। इन एप्लीकेशन्स के जरिए अर्जित आय की राशि का अनुमान लगाने और हस्तियों की वास्तविक भूमिकाओं का पता लगाने के लिए व्यापक जांच चल रही है।

## छत्तीसगढ़ सहित देशभर मध्यम बारिश का अनुमान: मौसम विभाग

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में गरज के साथ तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश, में भी भारी से मध्यम वर्षा का अनुमान है। जबकि पूर्वी राजस्थान और उत्तराखंड में 15 जुलाई तक वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि पूर्वोत्तर भारत, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अगले 6 दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। वहीं केरल और तटीय कर्नाटक में भी आज तेज वर्षा हो सकती है। कल शाम दिल्ली में हुई मानसूनी बारिश के बाद लोगों को उमस से राहत मिली है। तेज बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव और यातायात बाधित होने की खबर है।

## पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करूंगा: सिद्धारमैया

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज कहा कि वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार इस समय दिल्ली में हैं। दोनों की लोकसभा में नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात होनी है। शिवकुमार दिल्ली में ही कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी से बुधवार को मुलाकात कर चुके हैं। सिद्धारमैया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है और वह अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेंगे।

# पांच देशों की सफल यात्रा के बाद दिल्ली लौटे पीएम मोदी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा के बाद गुरुवार को भारत लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएम मोदी की यह यात्रा सफल रही है। पीएम मोदी ने पांच देशों की अपनी यात्रा में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अब तक 17 विदेशी संसदों में भाषण दिए, जो कांग्रेस के सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के कुल रिकॉर्ड के बराबर है। उन्होंने यह उपलब्धि जुलाई 2025 के पहले सप्ताह में घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया में दिए हाल ही के भाषणों के साथ हासिल की है। इस वैश्विक सक्रियता से पता चलता है कि पीएम मोदी भारत के सबसे सक्रिय नेताओं में से एक हैं। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों ने कई दशकों में यह उपलब्धि हासिल की थी, जिनमें मनमोहन सिंह ने सात बार, इंदिरा गांधी ने चार बार, जवाहरलाल नेहरू ने तीन, राजीव गांधी ने दो और पी.वी. नरसिम्हा राव ने एक बार भाषण दिया था। पीएम मोदी ने सिर्फ एक दशक से अधिक समय में यह संख्या हासिल कर ली, जो भारत के कूटनीतिक दृष्टिकोण में बदलाव को दर्शाता है। उनकी हाल की यात्रा ने केवल अफ्रीका और कैरिबियन देशों के साथ भारत के नए संबंधों को दर्शाती है, बल्कि ग्लोबल साउथ में भारत की आवाज को गूंज को भी उजागर करती है। पीएम मोदी को घाना में 'ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया, जो 30 साल से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा थी। इसके अलावा, ब्राजील ने उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस से नवाजा। पिछले शुक्रवार को पीएम मोदी को त्रिनिदाद एंड टोबैगो की दो दिवसीय यात्रा के दौरान द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो सम्मान से सम्मानित किया गया था। वे यह सम्मान प्राप्त करने वाले पहले विदेशी नेता बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## प्रधानमंत्री मोदी ने दी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। गुरु पूर्णिमा का पर्व आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। भारतीय परंपरा में गहराई से जुड़ा यह दिन गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करता है, जो लोगों को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गुरु पूर्णिमा के विशेष अवसर पर सभी को शुभकामनाएं।प्रधानमंत्री के अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस शुभ दिन पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य के रिश्ते के महत्व को बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की अहम बैठक

### चार राज्यों से जुड़े 20 एजेंडों पर चर्चा

**रांची/नवप्रदेश।** पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की 27वीं बैठक गुरुवार को रांची में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुरू हो गई है। होटल रेडिसन ब्लू में चल रही इस बैठक में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के बीच अंतरराज्यीय समन्वय से जुड़े कुल 20 एजेंडों पर चर्चा हो रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा और मंत्री मुकेश महालिंग, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं मंत्री विजय चौधरी और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के अलावा चारों राज्यों के कई वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित हैं। विभिन्न विषयों पर झारखंड का पक्ष रखने के लिए 15 वरिष्ठ आईएएस-आईपीएस की टीम बैठक में मौजूद है। बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वागत किया। बैठक में झारखंड-पश्चिम बंगाल के बीच मयूराक्षी डैम जल विवाद, अपर महानंदा जल योजना के तहत फुलबारी डैम की कॉस्ट शेयरिंग, बिहार में इंद्रपुरी जलाशय परियोजना का निर्माण, व्यापक गाद प्रबंधन नीति, बैंक शाखाओं की गांवों में पहुंच, बच्चों-महिलाओं से दुष्कर्म, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## वार्ड तीन में डायरिया का प्रकोप 9 संक्रमित मरीज मिले, स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बारिश शुरू होते ही एक और शहर जलभराव से परेशान है। वहीं डायरिया भी अपने पैर पसार रहा है। वार्ड नंबर तीन काटीखार में आज डायरिया के मरीजों के मिलने से स्वास्थ्य अमला तत्काल अलर्ट होकर मौके पर पहुंचा। पार्षद किरण टण्डन ने बताया कि वार्ड में अभी तक नौ मरीज डायरिया से संक्रमित मिले हैं, जिसमें से पांच को हास्पिटल में भर्ती किया गया है। वहीं चार लोगों को स्वास्थ्य टीम द्वारा दवाईयां दी गई है और वार्ड में शिविर भी लगाया गया है।

स्वास्थ्य नोडल अधिकारी प्रवेश करयप ने बताया कि लगातार सर्वे किया जा रहा है और लोगों को बारिश में सावधानी बरतने के लिए बताया जा रहा है। स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर है। जानकारी मिलते ही संक्रमित क्षेत्र में पहुंचकर ओआरएस का वितरण, क्लोरिन टेबलेट के साथ लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जा रही है। जोन कमिश्नर रंजना अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मरीजों की जानकारी मिलते ही निगम और स्वास्थ्य अमला तत्काल मौके पर पहुंच गया। लोगों को राहत देने के लिए शिविर की व्यवस्था भी की गई। अभी हालात सामान्य है फिर भी निगरानी रखी जा रही है। पानी का सैम्पल ले लिया गया है, जिसे जांच के लिए दिया जाएगा। जिस घर में मरीज मिले हैं वहां की पानी टंकी चेक करने पर टंकी में मिट्टी मिली है इसकी जानकारी परिवार के सदस्यों को दी गई है। कल सुबह भी निगम की टीम आकर पानी का सैम्पल लेकर जाएगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## शराब घोटाले में सरकार की बड़ी कार्रवाई २२ आबकारी अधिकारी निलंबित, आदेश जारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2174 करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले में राज्य सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग के 22 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इसका आदेश वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने जारी किया है। बता दें कि सोमवार 7 जुलाई को 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने विशेष कोर्ट में करीब 2300 पन्नों का चालान पेश किया था, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

**नोटिस के बाद भी पेश नहीं हुए आरोपीः** बता दें कि शराब घोटाले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### ये 22 अधिकारी हुए निलंबित

जनार्दन कौरव, पिता पंचम सिंह, उम्र 50 वर्ष, सहायक जिला आबकारी अधिकारी।अनिमेष नेताम, पिता आनंद नेताम, उम्र 49 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।विजय सेन शर्मा, पिता पीसी सेन शर्मा, उम्र 48 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।अरविंद कुमार पाटले, पिता नेवल सिंह पाटले, उम्र 49 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।प्रमोद कुमार नेताम, पिता स्व. श्याम लाल नेताम उम्र 60 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।रामकृष्ण मिश्रा, पिता शैलेन्द्र मिश्रा, उम्र 36 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी। विकास कुमार गोस्वामी, पिता विनोद गोस्वाम, उम्र 44 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## मध्य प्रदेश नगरीय निकाय उपचुनाव में भाजपा का परचम

**भोपाल (आईएएनएस)।** मध्य प्रदेश में नौ नगरीय निकायों में हुए पार्षदों के उपचुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। नौ स्थानों पर हुए चुनाव में भाजपा छह और कांग्रेस तीन स्थानों पर जीती है। इस उपचुनाव के लिए सात जुलाई को मतदान हुआ था। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया है कि नौ नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन के परिणाम घोषित किए गए। घोषित परिणामों में छह पार्षद भारतीय जनता पार्टी और तीन पार्षद इंडियन नेशनल कांग्रेस के हैं।

## गरमा - गरम

## डोंगरगढ़ में टला बड़ा हादसा

### रास्ता बंद, ब्लास्टिंग और पेड़ों की कटाई पर उठे सवाल

# पहाड़ी से गिरी विशाल चट्टान, मां बम्लेश्वरी मंदिर की सीढ़ियां क्षतिग्रस्त

**डोंगरगढ़/नवप्रदेश।** गुरुवार सुबह डोंगरगढ़ पहाड़ी में ऊपर मां बमलेश्वरी मंदिर स्थित है जहां से चट्टान गिरने से हड़कंप मच गया। चट्टान की चपेट में आने से कई बड़े पेड़ धराशायी हो गए और दर्शन के लिए बनी पीछे की नई सीढ़ियों का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इससे मंदिर का मार्ग बंद हो गया है। विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी पहाड़ी से सोमवार सुबह पहली बार एक विशाल चट्टान खिसककर गिर गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहाड़ी पर ऐसा हादसा पहली बार हुआ है। मान बाई नेताम ने बताया, सुबह जैसे बादल गरजते है वैसी आवाज आई। हमारा लड़का चिल्लाया कि माई पत्थर गिर रहा है। हम लोग तो बचपन से यहां हैं, लेकिन ऐसा पहली बार देखा। गनीमत रही कि चट्टान दूसरी चट्टानों पर अटक गई, वरना नीचे बसे घरों और रास्तों पर बड़ा हादसा हो सकता था।

**बारूदी ब्लास्टिंग की गई :** सूत्रों की मानें तो पहाड़ी के ऊपर एक बड़ी चट्टान को हटाने के लिए बारूदी ब्लास्टिंग की गई थी, जिससे पहाड़ी की संरचना कमजोर हो गई। इसके अलावा पहाड़ी पर लंबे समय से हो रहा अवैज्ञानिक निर्माण, पत्थरों की कटाई और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई को भी इस हादसे का कारण माना जा रहा है। इस तरह की गतिविधियां पहाड़ी की मजबूती को कमजोर कर रही है। हादसे में पहाड़ी पर रणचंडी मंदिर की ओर बनी करीब 500 सीढिय़ों के ऊपर का हिस्सा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सवाल

डोंगरगढ़ का मां बम्लेश्वरी मंदिर विश्व प्रसिद्ध है और यहां हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में हादसे ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि इस पीछे के रास्ते का उपयोग ज़्यादा लोग नहीं करते लेकिन फिर भी कहीं ना कहीं बड़ा ख़तरा तो है ही।

## भूकंप से दहला दिल्ली-एनसीआर घर-दफ्तर से बाहर निकले लोग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार सुबह करीब 9 बजकर 4 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। भूकंप के झटके महसूस होते ही कई इलाकों में लोग अपने घरों और इमारतों से बाहर निकल गए। हालांकि, अभी तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जानकारी के मुताबिक, भूकंप के झटके सुबह 9:04 बजे महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर में कंपन महसूस किया गया। कुछ सेकंड तक चली इस कंपन से लोगों को डर का अहसास हुआ, खासकर ऊंची इमारतों में रह रहे लोग अचानक बाहर निकल आए।

इससे पहले, 17 फरवरी को दिल्ली और पूरे एनसीआर में सोमवार सुबह 5:36 बजे तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि जो लोग सो रहे थे, उनकी नींद टूट गई, और जो जाग रहे थे, वे दहशत में आ गए। लोगों ने तत्काल अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर शरण ली और कुछ समय तक बाहर ही रुके रहे। भूकंप का केंद्र नई दिल्ली था और इसकी गहराई 5 किलोमीटर रही।

*नई दिल्ली/वाराणसी/नागपुर।* देशभर में हो रही मूसलाधार बारिश से कई नदियां उफान पर हैं। यूपी के वाराणसी और प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वाराणसी में मणिकर्णिका समेत कई घाट डूब गए गए हैं। नागपुर में मूसलाधार बारिश के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई, एक व्यक्ति पानी की तेज धार में बह गया है और 71 गांव जलमग्न हो गए। दक्षिण त्रिपुरा में भी बारिश ने कहर बरपाया है और 100 से अधिक परिवार बेघर हो गए हैं। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के अनुसार, देश भर में कई नदियां 17 स्थानों पर चेतावनी के स्तर या उससे ऊपर बह रही हैं। इनमें से चार जगहों पर नदियों का पानी खतरे के निशान को पार कर गया है। ये नदियां असम, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में फैली हैं।

# देशभर में भारी बारिश, कई नदियां उफनीं त्रिपुरा में बाढ़...

इधर, दक्षिण त्रिपुरा जिले के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' (सावधान रहें) जारी किया गया है। जबकि गोमती और सिपाहीजाला जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' (सतर्क रहें) जारी किया गया है। वहीं बुधवार को मध्यम से भारी बारिश की संभावना है।

### कश्मीर में राहत की बौछारें

प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार को बारिश से पारे में गिरावट आई है। किश्तवाड़ जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर बादल फटने से नदी-नालों में उफान आ गया। अभी कहीं से जानमान के नुकसान की सूचना नहीं है। चिनाब में भी जलस्तर बढ़ा है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार वीरवार को भी रियासी, रामबन, उधमपुर, जम्मू, सांबा और कठुआ के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के आसार हैं। शुक्रवार से मौसम में सुधार आएगा।

### बंगाल-राजस्थान में भी झमाझम

राजस्थान में यूं तो बारिश जारी है, लेकिन बृहस्पतिवार से इसमें तेजी आने की संभावना है। बीते 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक 98 मिमी बारिश हनुमानगढ़ में दर्ज की गई। पूर्वी राजस्थान में 10 जुलाई से और पश्चिमी राजस्थान में 12 जुलाई से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिम बंगाल के बर्धमान, झारग्राम, पुरुलिया और बांकुड़ा समेत कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं।

### त्रिपुरा में मुहुरी उफनी

दक्षिण त्रिपुरा जिले में अचानक आई बाढ़ से घरों में पानी भर गया, जिससे 100 से अधिक परिवार बेघर हो गए हैं। एहतियात के तौर पर जिले के सभी स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बुधवार को बंद करने पड़े। मुहुरी नदी का जलस्तर खतरे के निशान (15.70 मीटर) से ऊपर पहुंच गया है। लगातार बारिश के कारण कई निचले इलाके बाढ़ के पानी में डूब गए। 118 परिवारों के 289 लोग 10 राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट निमिषा की फांसी पर रोक की याचिका पर 14 जुलाई को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली(वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय हत्या के एक मामले में केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया की यमन में 16 जुलाई को निर्धारित फांसी की सजा पर रोक और उसकी रिहाई के लिए केंद्र सरकार को कूटनीतिक प्रयास करने का निर्देश देने की मांग संबंधी एक याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की आंशिक कार्य दिवस पीठ ने 'सेव निमिषा प्रिया एक्शन काउंसिल' नामक एक संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रागेंथ बसंत के शीघ्र सुनवाई के अनुरोध के बाद संबंधित याचिका को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता बसंत ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान अदालत से यह अनुरोध किया था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष दलील दी कि शरीयत कानून के अनुसार, अगर पीड़ितों के रिश्तेदार 'खूंबहा' स्वीकार करने को तैयार हों, तो किसी व्यक्ति को रिहा किया जा सकता है। खूंबहा का मतलब है कि पीड़ित परिवार को मुआवजे का प्रस्ताव दिया जाये और वे इसे लेने को तैयार हों तो अभियुक्त की सजा माफकी जा सकती है।

# स्टेट एसएंडटी काउंसिल को मजबूत करना आत्मनिर्भर 'विकसित भारत' की कुंजी : नीति आयोग

■ **साइंस एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल को मजबूत करना आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण**

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** नीति आयोग ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में कहा कि राज्यों में साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसएंडटी) काउंसिल को मजबूत करना एक आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। स्टेट एसएंडटी काउंसिल खासकर कृषि, रिन्यूएबल एनर्जी, आपदा प्रबंधन और क्षेत्रीय स्तर पर स्थानीय उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक इनोवेशन और सामाजिक-आर्थिक विकास के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इन काउंसिल ने पेटेंट सुविधा, रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन और जीआई मैपिंग, जमीनी स्तर पर इनोवेशन और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को समर्थन देने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

रिपोर्ट में मंत्रालयों, राज्य सरकारों, वित्त पोषण निकायों, शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों और उद्योग भागीदारों के बीच मजबूत कॉर्डिनेशन का भी आह्वान किया गया है। नीति आयोग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सदस्यों, जिनमें डॉ. वी. के. सारस्वत भी शामिल हैं, द्वारा लिखित इस रिपोर्ट में कहा गया है, ÷इंटीग्रेटेड अप्रोच भारत के दीर्घकालिक रणनीतिक उद्देश्यों, जैसे एक मजबूत और आत्मनिर्भर विकसित भारत को प्राप्त करने में एक आधारभूत भूमिका निभाएगा, जहां साइंस और इनोवेशन सामाजिक प्रगति, आर्थिक समृद्धि और राष्ट्रीय शक्ति के केंद्र में हों। यह रिपोर्ट राज्यों की एसएंडटी काउंसिल के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान करने का भी प्रयास करती है और अलग-अलग पहलों से एक दूरदर्शी इकोसिस्टम की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित करती है। रिपोर्ट में जिन प्रमुख मुद्दों पर ध्यान दिया गया है, उनमें अपर्याप्त वित्तीय संसाधन और विविधीकरण, राज्य-विशिष्ट एसएंडटी आवश्यकताओं के मानचित्र का अभाव, कमजोर संस्थागत अधिसंरचना, उद्योग और शिक्षा जगत के साथ सीमित सहयोग, खंडित आरएंडडी समर्थन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) डेटा का कम उपयोग, वैज्ञानिक प्रतिभा की अपर्याप्त पहचान, केंद्रीय एजेंसियों और अन्य संस्थानों के साथ कमजोर अंतर्संबंध शामिल हैं।

इस प्रकार यह रिपोर्ट न केवल सुधारों का एक समूह है, बल्कि एक महत्वपूर्ण अवसर भी है जो ग्लोबल रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन परिदृश्य में भारत के भविष्य को आकार देने में मदद कर सकता है। यह एक सामूहिक दृष्टिकोण के माध्यम से भारत को साइंस एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में भी मदद कर सकता है।

### यह रिपोर्ट स्ट्रक्चरल गैप और अवसरों को दर्शाती है

नीति आयोग द्वारा आयोजित व्यापक परामर्श, एक नेशनल वर्कशॉप और बहु-हितधारक सहभागिता पर आधारित रोडमैप फॉर स्ट्रेथनिंग स्टेट एसएंडटी काउंसिल शीर्षक वाली यह रिपोर्ट स्ट्रक्चरल गैप और अवसरों को दर्शाती है।

## वडोदरा में 24 घंटे बाद भी जारी है राहत और बचाव कार्य, अब तक 13 मौतें

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार को बड़ा हादसा हुआ, जब वडोदरा और आंणद जिले को जोड़ने वाला महिसागर नदी पर बना गंभीरा पुल अचानक ढह गया। यह हादसा पडरा क्षेत्र में हुआ। हादसे में अब तक 13 लोगों के मौत की पुष्टि हुई। वहीं घटना के 24 घंटे बाद भी राहत और बचाव कार्य जारी है। हालांकि गुरुवार की सुबह वडोदरा के कलेक्टर अनिल धमेलिया घटनास्थल पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया।

### एसडीआरएफकी टीमें कर रहीं रेस्क्यू ऑपरेशन

गुजरात स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। गोताखोरों की मदद से नदी में फंसे लोगों को खोजने का काम चल रहा है। वहीं स्थानीय प्रशासन भी मशीनों और बोट के जरिए मलबा हटाने में जुटा हुआ है। बता दें कि बुधवार को पुल पर कई लोग और वाहन एक साथ गुजर रहे थे, तभी अचानक उसका एक हिस्सा टूटकर नदी में गिर गया। कई वाहन और लोग नदी में गिर गए। हादसे के सही कारणों की जांच की जा रही है।

एनडीआरएफ की छठी बटालियन के कमांडेंट सुरेंद्र सिंह ने कहा गुजरात के पादरा तालुका में दुखद घटना घटी। जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की एक टीम की मांग भेजी थी। टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। जब मैं घटनास्थल पर पहुंचा, तो मुझे लगा कि एक और टीम की जरूरत है, जिसे बाद में तैनात किया गया। जरूरत को देखते हुए एक और उप-टीम भी तैनात की गई। पिछले 24 घंटों से हम वाहनों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं, हमारे गोताखोरों ने शवों की जांच की है और उन्हें बाहर निकाला है।

### पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, गुजरात के वडोदरा जिले में एक पुल के ढहने से हुई जनहानि बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## रूस ने भारतीय श्रमिकों की भर्ती संबंधी रिपोर्टों को खारिज किया

**मास्को(वार्ता)।** रूस के श्रम मंत्रालय ने आज उन रिपोर्टों को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि वह 2025 के अंत तक भारत से 10 लाख श्रमिकों की भर्ती करने की योजना बना रहा है। मॉस्को टाइम्स ने बुधवार को यूराल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रमुख आंद्रेई बेसेदिन के हवाले से कहा था कि भारतीय कामगारों के आने से देश में बढ़ती श्रमिकों की कमी दूर होगी। बेसेदिन ने कहा था कि रूस वर्तमान में विशेष रूप से स्वेर्दलोवस्क क्षेत्र में श्रमिकों की कमी का सामना कर रहा है।

## पीएम ने दी राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई, भारत को आत्मनिर्भर बनाने में उनका योगदान सराहनीय

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं।खास अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि अपनी कड़ी मेहनत और समझदारी से उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। पीएम मोदी ने रक्षा मंत्री के भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की भी सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷रक्षा मंत्री

राजनाथ सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वे अपनी मेहनत और बुद्धिमत्ता के लिए प्रसिद्ध हैं। रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने और हमारी सेनाओं को मजबूत करने में उनका योगदान सराहनीय है। ईश्वर से उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना करता हूं। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ÷भारतीय राजनीति में आदर्श, शुचिता और संयम की प्रतिमूर्ति, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। आपका पांच दशकों से अधिक का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और नैतिक राजनीति का उज्ज्वल उदाहरण है।

## भारत पोस्ट के पास दुनिया बदलने की ताकत : सिंधिया

**बंगलूरू।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत पोस्ट की ताकत और उसके भविष्य को लेकर एक बड़ी बात कही है। बेंगलुरु में आयोजित 'ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि भारत पोस्ट जैसा कोई दूसरा वितरण नेटवर्क पूरी दुनिया में नहीं है। उन्होंने डाक विभाग के कर्मचारियों से अपील की कि वे भारत पोस्ट को विश्व की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक्स संस्था बनाने की दिशा में काम करें।

सिंधिया ने कहा कि आज भारत पोस्ट के पास पूरे देश में 1.64 लाख से ज्यादा सेवा केंद्र हैं, जो कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और भरूच से लेकर तवांग तक फैले हुए हैं। उन्होंने कहा कि इतनी गहरी और व्यापक पहुंच किसी और संस्था के पास नहीं है। यह नेटवर्क देश के हर कोने तक लोगों और सेवाओं को जोड़ता है, जो भारत की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है।

### डिजिटल उपकरणों से हो रहा डाकघर का आधुनिकीकरण

उन्होंने बताया कि डाकघर अब आधुनिक हो रहे हैं। हाथ में पकड़े जाने वाले डिजिटल उपकरण और 'दर्पण' जैसी तकनीकें डाक विभाग में आ चुकी हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फतकनीक से बदलाव नहीं होगा, जब तक कि कर्मचारियों का काम करने का तरीका नहीं बदलेगा। असली बदलाव कर्मचारियों की सोच और कार्यशैली में नयापन लाने से ही आएगा।

## बंगलूरू में ईडी की बड़ी कार्रवाई सुब्बा रेड्डी के ठिकानों पर छापेमारी

**बंगलूरू।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक के विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों के खिलाफ विदेशी संपत्तियों को कथित तौर पर छुपाने को लेकर जांच शुरू कर दी है। फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट की धारा 37 के तहत ईडी ने बंगलूरू के 5 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। विधायक सुब्बा रेड्डी के आवास, उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठान और करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी तलाशी अभियान चला रही है। यह छापेमारी कथित तौर पर उनके और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा विदेशों में अघोषित संपत्ति रखने और अवैध निवेश के आरोपों के आधार पर की जा रही है। ईडी के मुताबिक, एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों पर विदेशी खातों में भारी राशि जमा कराने समेत मलेशिया, हांगकांग और जर्मनी में अचल संपत्तियों में निवेश करने के आरोप हैं।

## मुनक नहर पर 3 हजार करोड़ की लागत से बनेगा एलिवेटेड रोड

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** रेखा गुप्ता सरकार ने गुरुवार को दिल्ली जल बोर्ड की बैठक में मुनक नहर को लेकर बड़ा फैसला किया है। सरकार ने मुनक नहर पर 3 हजार करोड़ की लागत से एलिवेटेड रोड के डीपीआर को मंजूरी दे दी है। जानकारी के अनुसार, सरकार ने मुनक नहर पर एलिवेटेड रोड बनाने के लिए हरियाणा सरकार से एनओसी मांगी है। बताया जा रहा है कि एलिवेटेड रोड की लंबाई करीब 20 किलोमीटर होगी और इसे बवाना से इंद्रलोक तक बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने की जिम्मेदारी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की होगी। एलिवेटेड रोड का डीपीआर 3 महीने में पूरा होगा। इस प्रोजेक्ट के 3 साल में पूरा होने का अनुमान है। प्रस्तावित एलिवेटेड रोड 2 लोकसभा, 18 विधानसभा और 35 एमसीडी वार्ड को कवर करेगा। एनएचएआई एलिवेटेड रोड बनाएगा, जबकि मुनक कैनाल की बाउंड्री, इलेक्ट्रिक वर्क और रखरखाव की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी के अधीन होगी। प्रोजेक्ट के पूरा होने से रोजाना लाखों लोग एलिवेटेड रोड का इस्तेमाल कर पाएंगे।

**आलोचना...** जो हमारी बुनियादी प्राथमिकता होनी चाहिए थी, वह तो विचार के दायरे में भी नहीं थी

# भारतीय ज्ञान को दरकिनार कर पश्चिमी अवधारणाओं को सार्वभौमिक सत्य बताया गया

**नई दिल्ली(वार्ता)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय ज्ञान प्रणाली को योजनाबद्ध ढंग से दरकिनार किए जाने तथा पश्चिमी अवधारणाओं को सार्वभौमिक सत्य के रूप में प्रस्तुत करने की आलोचना करते हुए कहा है कि यह मिटाने,नष्ट करने तथा विकृत करने की योजना के तहत किया गया और दुखद बात यह है कि आजादी के बाद भी यह सिलसिला चलता रहा।

उन्होंने कहा कि भारतीय विचारों को केवल आदिम और पिछड़ेपन का प्रतीक मानकर खारिज करना केवल एक व्याख्यात्मक भूल नहीं थी। यह मिटाने, नष्ट करने और विकृत करने की योजना थी। इससे भी

अधिक दुखद यह है कि स्वतंत्रता के बाद भी यह चलता रहा। उन्होंने कहा कि पश्चिमी अवधारणाओं को सार्वभौमिक सत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। साफ़ शब्दों में कहें तो असत्य को सत्य के रूप में सजाया गया।

उन्होंने सवाल किया,जो हमारी बुनियादी प्राथमिकता होनी चाहिए थी, वह तो विचार के दायरे में भी नहीं थी। हम अपनी मूल मान्यताओं को कैसे भूल सकते हैं?

धनखड़ ने कहा , भारत का वैश्विक शक्ति के रूप में उदय उसकी बौद्धिक और सांस्कृतिक गरिमा के उत्थान के साथ होना चाहिए। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसा उदय ही टिकाऊ होता है और हमारी परंपराओं के अनुकूल होता है। एक राष्ट्र की शक्ति उसकी सोच की मौलिकता, मूल्यों की सामयिकता और बौद्धिक परंपरा की दृढ़ता में निहित होती है। यही सॉफ्ट पावर है जो दीर्घकालिक होता है और आज के विश्व में अत्यंत प्रभावशाली है।÷

### भारत चेतना, जिज्ञासा और ज्ञान की प्रवाहित नदी के रूप में एक सतत सभ्यता

धनखड़ ने गुरूवार को यहां भारतीय ज्ञान प्रणाली पर पहले वार्षिक सम्मेलन में औपनिवेशिक मानसिकता से परे भारत की पहचान को पुनः स्थापित करते हुए कहा कि भारत केवल 20वीं सदी के मध्य में बना राजनीतिक राष्ट्र नहीं है, बल्कि यह चेतना, जिज्ञासा और ज्ञान की प्रवाहित नदी के रूप में एक सतत सभ्यता है।

# बच्चों को मोबाइल से रखें दूर, कम उम्र में ही लग रहे चश्मे: डॉ. मढ़रिया

## खानपान में जंक फूड को रखें दूर, बारिश में भीगने के बाद आंखों को अच्छी तरह साफ पानी से धोना है जरुरी

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* *आज के समय में छोटे बच्चों को भी बहुत जल्द चश्मे लग जा रहे हैं, जिसकी वजह बाहरी खेलकूद बंद होना और घंटों टीवी और मोबाइल पर समय व्यतित करना है। आज हर घर में बच्चों के पास मोबाइल आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है, जिसकी वजह से कम उम्र में ही बच्चे की गिरफ्त में आ रहे हैं। नवप्रदेश ने शहर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ व संचालक आशीर्वाद लेजर फेको नेत्र चिकित्सालय डॉक्टर एलसी मढ़रिया से बात की।*

डॉ. मढ़रिया ने बताया कि शारीरिक गतिविधियां इन दिनों बच्चों में कम हो गई है। इसके साथ ही खानपान में जंक फूड शामिल होने की वजह से कम उम्र में ही बच्चों को चश्मे लग रहे हैं। अभिभावकों को ध्यान देना चाहिए कि बच्चे हरी सब्जियां खाएं और मोबाइल से इन्हें दूर रखना चाहिए। आज चीन और अमेरिका ने 14 साल से कम उम्र के बच्चों को मोबाइल देना प्रतिबंधित कर दिया है, क्योंकि इस देश में कम उम्र में ही बच्चों को आंख संबंधित परेशानियां शुरु हो गई थी। आज हमारे देश में भी ऐसे किसी कानून व्यवस्था का बनना जरुरी है, जिससे कम उम्र के बच्चे मोबाइल से दूर रहें। इसी तरह युवा वर्ग भी आज अपने काम और सोशल मीडिया में सक्रियता की वजह से मोबाइल, लैपटॉप घंटों इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर लंबे समय तक आंख कम्प्यूटर या मोबाइल के संपर्क में रहते हैं तो आंखों में सूखापन होना स्वाभाविक है। इस स्थिति से बचने के लिए हर आधे घंटे में एक बार चेहरे को पानी से अच्छी तरह धो लेना चाहिए। इससे आंखों को नुकसान कम होगा। छोटे बच्चों को साल में एक बार जरुर नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं, क्योंकि आंखों की समस्या चार-पांच साल पहले धीरे-धीरे शुरु होती है और मरीज को जानकारी देरी से मिलने की वजह से समस्या बढ़ सकती है। रुटिन चेकअप होने पर बीमारी का पता समय रहते ही चलेगा। इसी तरह 40 वर्ष होने के बाद आंखों का रूटिन चेकअप जरुरी है, क्योंकि मोतियाबिंद की समस्या इस उम्र के बाद से शुरु हो जाती है, इसलिए बिना लापरवाही किए बीच-बीच में नेत्र रोग विशेषज्ञ से मिलकर आंखों की जांच जरुर करवाएं।

### समय-समय पर आंखों की जांच जरुर कराएं

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मढ़रिया ने बताया कि डायबिटिज के मरीजों को गंभीरतापूर्वक आंखों की जांच निरंतर करवानी चाहिए। कई बार अज्ञानता की वजह से डायबिटिज के मरीजों की आंखों की रोशनी चली जाती है। मरीज को आंखों की सुरक्षा के लिए जांच करवाते रहना चाहिए। इसी तरह उम्रदराज लोगों को जो काफी लंबे समय से चश्मे पहन रहे हैं उन्हें भी बीच-बीच में नेत्र रोग विशेषज्ञ से मिलकर आंखों की जांच करवानी चाहिए, जिससे कोई भी बीमारी शुरुआती लक्षणों में पहचान कर उसका उपचार किया जा सके। देर से बीमारी की जानकारी मिलने पर उसकी जटिलता कई बार बढ़ जाती है, इससे मरीज को इलाज में राहत भी देर से मिलता है। आंखों में किसी भी तरह की दिक्कत होने पर तुरंत डाक्टर से संपर्क करें।

### बच्चों को इंफेक्शन का डर

बारिश के दिनों में आंखों में इंफेक्शन सामान्य समस्या है। अगर घर में किसी सदस्य को आंखों में इंफेक्शन है तो उसके साबुन, टॉवेल अन्य सदस्यों को इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इंफेक्शन तेजी से फैलता है। छोटे बच्चों को आंखों में एलर्जी होने का डर रहता है इसलिए बारिश की पानी में भीगने के बाद आंखों को अच्छी तरह साफ पानी से धोएं।

## न्यूज गैलरी

### बीज-खाद वितरण में बिलासपुर जिला अव्वल, 93 फीसदी से अधिक बीज वितरण पूरा

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** खरीफ वर्ष 2025 के लिए जिले में किसानों को आवश्यक बीज एवं रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता और वितरण की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि बीज वितरण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है, जबकि उर्वरक खाद वितरण भी तेजी से चल रही है। किसानों ने समय पर खाद बीज मिलने पर खुशी जताई है और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। खरीफ सीजन 2025 के लिए जिले में अब 21,986 क्विंटल खरीफ फसलों के बीज वितरण का लक्ष्य है जिसके विरुद्ध 19464 क्विंटल बीज का सफल वितरण किया जा चुका है, जो कुल उपलब्ध बीज का 92.77 प्रतिशत होता है। प्रमुख फसल के रूप में सबसे अधिक धान 20,308 क्विंटल का वितरण हुआ है, जो इस फसल के कुल प्राप्त बीज का 93.25 फीसदी है। इसके साथ ही मक्का, उड़द, मूँग, सोयाबीन, मूँगफली जैसी फसलों के लिए भी बीज वितरित किया गया है। जिले के 114 कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से यह वितरण कार्य किया गया, जिसमें बेलगहना, मस्तूरी, सीपत, रतनपुर, तखतपुर, कोटा सहित अन्य क्षेत्रों की समितियां भी शामिल हैं।

### कला संस्कृति का संरक्षण करने और युवाओं को प्रेरित करने स्पीक मैके आयोजित

# आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में ओडिसी नृत्यांगना जान्हवी की मनमोहक प्रस्तुति

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* 8 जुलाई को आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में छात्रों को भारत की समृद्ध और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने, कला संस्कृति का संरक्षण करने, युवाओं को प्रेरित करने तथा सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पीक मैके के अंतर्गत उड़िया नृत्य कलाकार जान्हवी बेहरा को आमन्त्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के चेयरमेन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने नृत्यांगना जान्हवी बेहरा को लघु पौध देकर उनका स्वागत किया। विद्यालय के डायरेक्टर व प्राचार्या ने उनके सह कलाकार सौम्य रंजन नायक, हरप्रिया स्वाइन और प्रदीप कुमार को लघु पौध देकर उनका स्वागत किया। जान्हवी बेहरा, एक समर्पित ओडिसी नृत्यांगना है जिन्होंने गुरु रमेश चंद्र जेना और गुरु युधिष्ठिर नायक के संरक्षण में अपना नृत्य प्रशिक्षण शुरु किया,बाद में गंगाधर प्रधान और अरुणा मोहंती के प्रशिक्षण में अपनी नृत्य कला को निखारा, उन्हें संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार और गुरु पंकज चरण ओडिसी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा महारि पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। अपनी कुशल अभिव्यक्ति और शालीनता के लिए जानी जाने वाली जान्हवी बेहरा वर्तमान में स्पिक मैके संस्था से जुड़कर शास्त्रीय संगीत एवं लोक नृत्य की धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य अनवरत कर रही हैं। एवीएम स्कूल में भी उन्होंने शास्त्रीय नृत्य की शानदार प्रस्तुति में उनके साथ सह कलाकार के रूप में सौम्य रंजन नायक मर्दन पर, प्रदीप कुमार वॉयलन पर तथा हरप्रिया स्वाइन वोकल पर रही। जान्हवी ने कार्यक्रम की शुरुआत ओम नमः शिवाय से की,उसके बाद कृष्ण झूले और मधुराष्टक की शानदार प्रस्तुति ने नृत्य की दिव्यता और भव्यता को जीवंत कर दिया।

### जान्हवी ने छात्र-छात्राओं को विविध नृत्य मुद्राओं का अभ्यास कराया

इस कार्यक्रम में जान्हवी ने छात्र-छात्राओं को नृत्य कला की बारीकियाँ बताते हुए विभिन्न भाव भंगिमाओं से भी परिचित करवाया। उन्होंने बच्चों को त्रिप्रणाम मुद्रा, क्रोध मुद्रा, त्रिशूल मुद्रा, मयूर मुद्रा, और वेद पठन जैसी नृत्य मुद्राओं का अभ्यास भी करवाया। विद्यालय में जान्हवी पहले भी आ चुकी है उन्होंने बच्चों के साथ संवाद कर उन्हें भारतीय शास्त्रीय नृत्य की महत्ता बताई और उन्हें अपने संस्कारों से जुड़ने की प्रेरणा दी।

# मोदी की गारंटी पूरी कराने फेडरेशन का प्रदर्शन 16 को

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** प्रांतीय निकाय के आह्वान पर मोदी की गारंटी लागू करो के प्रथम चरण में 16 जुलाई को रैली ज्ञापन को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श करने जिला शाखा फेडरेशन बिलासपुर के महत्वपूर्ण बैठक आज पुराने कंपोजिट बिल्डिंग के कृषि सभा गृह में फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता जी आर चंद्रा तथा प्रांतीय संगठन मंत्री रोहित तिवारी की उपस्थिति में आयोजित की गई बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार एवं मंगलवार को शहरी क्षेत्र एवं अरपापार के कार्यालय एवं शिक्षण संस्थानों में व्यापक संपर्क कर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को रैली प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आग्रह किया जाएगा इसके साथ ही 16 जुलाई को सभी कर्मचारी पुराने कंपोजिट बिल्डिंग के रजिस्ट्री कार्यालय के सामने प्रांगण में एकत्रित होकर रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। आज के इस बैठक में जी आर चंद्रा, रोहित तिवारी, सुनील कौशिक, किशोर शर्मा, राजेंद्र दवे, सुनील यादव ,राजेश पांडे, कैलाश गजभिए, हिमाचल साहू , राजेश्वर वस्त्रकार,रोहित भांगे, दशरथ राव सोमवार, रमेश द्विवेदी, जीआर साहू जगदीश चंदेल आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश में तस्करी और नशीले पदार्थों से जुड़े अपराध बढ़े

■ **याचिका पर हाईकोर्ट ने की टिप्पणी**

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने एक जनहित याचिका पीआईएल की सुनवाई के दौरान याचिका को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा कि जनहित याचिकाओं की शुद्धता और पवित्रता को बनाए रखना जरुरी, तुच्छ याचिकाओं को हतोत्साहित करने की जरुरत है। तल्ख टिप्पणी के साथ डिवीजन बेंच ने पीआईएल को खारिज करने के साथ ही प्रतिभूति राशि को जब्त करने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें राज्य सरकार को औद्योगिक भांग, कैनबिस की खेती और विकास की अनुमति देने के निर्देश देने की मांग की गई थी। डिवीजन बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाल के वर्षों में छत्तीसगढ़ में मादक और मनोविकार नाशक पदार्थों की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि का उल्लेख करते हुए चिंता जाहिर की है। पीआईएल की सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि इस तरह के सेवन से लोगों के शरीर और दिमाग पर बुरा असर पड़ता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जनहित याचिका व्यक्तिगत लाभ व निजी मकसद से प्रेरित प्रतीत जान पड़ रही है। याचिकाकर्ता वाणिज्यिक लेनदेन के लिए अनुमति प्राप्त करने का प्रयास करते दिखाई दे रहा है।

### अदालतें याचिकाकर्ताओं की विश्वसनीयता की जांच करें

मामले की सुनवाई करते हुए डिवीजन बेंच ने जनहित याचिकाओं के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के फैसलों का हवाला देते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि अदालतों को याचिकाकर्ताओं की विश्वसनीयता की जांच करनी चाहिए। कोर्ट ने जोर देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनहित याचिका का उद्देश्य बिना किसी व्यक्तिगत लाभ या गुप्त उद्देश्य के, वास्तविक जनहित के मामलों से जुड़ा हो। डिवीजन बेंच ने कहा कि जनहित याचिका के आधार पर, यह न्यायालय ऐसी किसी भी गतिविधि को प्रोत्साहित नहीं कर सकता और न ही राज्य को कोई निर्देश जारी कर सकता है, जो भविष्य में आपदा का कारण बन सकता है।

### महिला सशक्तीकरण के लिए उड़ान कार्यक्रम 18 से

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए उड़ान- हुनर, हौसला और आत्मनिर्भरता की नई किरण का आयोजन उद्योग भवन में 18, 19 और 20 जुलाई को किया जा रहा है। इस एक्सपो में विभिन्न महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें कला, फैशन, सौंदर्य, खाद्य सामग्री और घरेलू उत्पाद शामिल होंगे।

# गुरुपूर्णिमा पर एयू में गुरु की महत्ता विषय पर परिचर्चा आयोजित

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, रायपुर में आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर ÷समसामयिक परिदृश्य में गुरु की महत्ता विषय पर एक सारगर्भित परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी रहे। उन्होंने महाभारत काल से लेकर वर्तमान युग तक गुरु की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु न केवल ज्ञान का प्रकाश देता है, बल्कि व्यक्ति के अंतर-मन के अंधकार को भी दूर करता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हमारे ज्योतिषीय मान्यताओं में गुरु को सबसे बड़ा नक्षत्र माना गया है, जो उसकी आकर्षण शक्ति और महत्व को दर्शाता है। कुलपति ने छत्रपति शिवाजी और उनके गुरु, स्वामी विवेकानंद और भगिनी निवेदिता जैसी ऐतिहासिक गुरु-शिष्य परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि यह परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने सभी शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को गुरुपूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि गुरु के गुणों को प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरुण धर दीवान ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुलपति के कुशल नेतृत्व में आज विश्वविद्यालय शोध, प्लेसमेंट, 12 बी की मान्यता, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों और योग-अध्ययन के क्षेत्र में देशभर में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय एक मॉडल के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# मौसमी बीमारियों के प्रति रहें अलर्ट, आयुष्मान कार्ड के धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

### कलेक्टर ने ब्लॉक मुख्यालय में की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**बिलासपुर/नवप्रदेश।**कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मस्तुरी ब्लॉक पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में किसी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक नागरिक को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सुविधा मिलना चाहिए। मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और जलजनित रोगों को लेकर अलर्ट रहने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एसडीएम प्रवेश पैकरा, सीएमएचओ शुभा गढ़ेवाल, डीपीएम प्यूली मजुमदार, सीईओ जनपद सहित मस्तुरी ब्लॉक के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई। मस्तुरी ब्लॉक 3 लाख 98 हजार 376 कार्ड बनने थे, जिसमें से 2 लाख 81 हजार 268 कार्ड ही बन पाये है। उन्होंने शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड अभियान चलाकर बनाने कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना के तहत व्यय वंदन कार्ड प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और जलजनित रोगों के प्रति अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

**बारिश** बारिश की रफ्तार अगले कुछ दिनों तक बने रहने की संभावना, ग्रामीण इलाकों में यातायात व बिजली व्यवस्था चौपट, जनजीवन अस्त-व्यस्त

# जिले में भारी बारिश से बढ़ा खतरा, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* *जिले में पिछले एक हफ्ते से लगातार हो रही बारिश अब खतरे के निशान तक पहुंच गई है। मौसम विभाग ने राज्य के 9 जिलों में बाढ़ की आशंका जताते हुए अलर्ट जारी किया है, जबकि 13 जिलों में अगले 24 घंटे के लिए येलो अलर्ट जारी हुआ है। बलरामपुर, कोरिया, बिलासपुर और सूरजपुर हैं। वहीं 13 जिलों, विशेषकर मध्य छत्तीसगढ़ में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी है।*

मौसम विभाग का कहना है कि बारिश की रफ्तार अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है। लगातार बारिश का असर जिले में ज्यादा दिख रहा है। कवर्धा में ग्रामीण सड़कों पर कीचड़ और दलदल से परेशान होकर खुद फावड़े लेकर रास्ता साफ करने में जुट गए हैं। लोगों को अब जरूरी कामों के लिए भी घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। स्थिति और बिगड़ सकती है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है। बारिश का यह सिलसिला थमा नहीं तो कई और इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। ग्रामीण इलाकों में संचार, यातायात और बिजली जैसी सुविधाएं पहले ही बुरी तरह प्रभावित हो चुकी हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदियों, पुलों और जलजमाव वाले इलाकों में जाने से बचें। साथ ही बाढ़ राहत दलों को किसी भी इमरजेंसी के लिए तैयार रखा गया है। प्रदेश सहित जिले में रविवार से लेकर गुरुवार तक 5 दिनों तक झमाझम बारिश हुई है। पिछले चार दिनों तक हुई बारिश छत्तीसगढ़ के सामान्य बारिश की तुलना में 15 प्रतिशत ज्यादा है। मौसम विभाग कि माने तो अगले तीन दिनों तक प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। साथ ही सरगुजा और बिलासपुर संभाग में गुरुवार और शुक्रवार को कुछ जगह भारी बारिश का अनुमान है। कुछ दिनों पहले तक सामान्य बारिश की कमी को 4 दिन हुई बारिश ने पूरा कर दिया. पूरे प्रदेश में अब तक लगभग 330 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। दो-तीन दिन के बाद मानसून की गतिविधि में थोड़ी कमी आने का अनुमान है। इसके बाद फिर से मानसून तेजी पकड़ेगा।

### वार्ड नंबर 46 गणेश नगर बना तलाब

वन विभाग का हिस्सा ऊंचा और गणेश नगर निचला हिस्सा होने के कारण और ठेकेदार के द्वारा नाला को अधूरा निर्माण करने के कारण बना तलाब राम मंदिर से शासकीय प्राथमिक शाला तक नाला बनना था परंतु ठेकेदार के द्वारा नाला निर्माण अधूरा निर्माण किया गया जिससे नाला का पानी तलाब बन कर लोगों के घरों के अंदर तक जा रहा है। नगर निगम महापौर के वार्ड से लगा बाजू वार्ड गणेश नगर होने के बाद भी समस्यायों का किसी भी प्रकार से निराकरण एवम् विकास कार्यों में ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## सुविचार

शब्द सिर्फवाक्य की शोभा बढ़ाते हैं, समझने वाले तो कोरे कागज और मौन को भी समझ लेते हैं। - अज्ञात

# नीतीश कुमार का मास्टरस्ट्रोक

बिहार विधानसभा चुनाव में अभी चार महीने का समय बाकी है। इसलिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास लोकलुभावन घोषणाएं करने के लिए पर्याप्त समय है। जिसका सदुपयोग करते हुए उन्होंने मास्टरस्ट्रोक लगाना शुरू कर दिया है। बिहार कैबिनेट की बैठक में बिहार प्रदेश की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई। महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार का यह फैसला निश्चित रूप से सराहनीय है और अन्य प्रदेशों को लिए अनुकरणीय भी है। निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए को इसका लाभ मिलेगा। आधी आबादी को साधने में नीतीश कुमार का यह मास्टरस्ट्रोक एक बार फिर बिहार में एनडीए की सरकार बना सकता है। वैसे भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने कार्यकाल में महिलाओं के हित में कई कारगर कदम उठाते रहे हैं। जब वह पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे तब उन्होंने पहले पहल स्कूली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल और स्कूल ड्रेस देने की घोषणा की थी। बाद में कई अन्य राज्यों ने भी स्कूली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल देना शुरू किया था। नीतीश कुमार ने बिहार में महिलाओं को त्रिस्तरीय पंचायतों में पचास प्रतिशत आरक्षण देने की भी शुरूआत की थी। जिससे महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ी थी। इसी तरह उन्होंने बिहार की महिलाओं की मांग पर बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया था। हालांकि शराबबंदी करने से बिहार सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। लेकिन बिहार की महिलाएं नीतीश कुमार की मुरीद हो गई हैं। क्योंकि अब पुरूष शराब पर फिजूलखर्ची नहीं करते और घरेलू हिंसा की घटनाओं में भी शराबबंदी के कारण ही कमी आई है। इस तरह महिलाओं के हित में नीतीश कुमार की सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये और इसका उन्हें चुनावी लाभ भी मिलता रहा है। बिहार सरकार के अलावा केन्द्र सरकार ने भी महिला सशक्तिकरण के लिए हर घर में शौचालय, नल जल योजना, महिला सदस्य के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना और बीपीएल कार्डधारी महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन देने की योजना बनाई है उसका भी बिहार में सुचारू रूप से क्रियान्वयन किया गया है। इसका भी एनडीए को फायदा मिलता रहा है। अब महिलाओं को सरकारी सेवा में 35 प्रतिशत आरक्षण से महिला मतदाताओं का मन मोहने में नीतीश कुमार की सरकार सफल होगी। अभी चुनाव आचार सहिंता लागू होने में वक्त बाकी है। ऐसे में नीतीश कुमार का अगला कदम बिहार की महिलाओं को हर महीने डेढ़ से दो हजार रूपये मासिक देने की घोषण भी हो सकती है। गौरतलब है कि भाजपा ने महाराष्ट्र और नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के पूर्व महिलाओं को दो हजार रूपये मासिक सम्मान निधि देने का चुनावी वादा किया था। जिसका महिला मतदाताओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। और इन दोनों ही राज्यों में भाजपा को महिला मतदाताओं का भरपूर आशीर्वाद मिला। जिसके चलते महाराष्ट्र और नई दिल्ली में भाजपा ने प्रचंड बहुमत से अपनी सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की थी। इसके पूर्व छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी भाजपा ने महिलाओं के लिए मासिक सम्मान निधि देने की घोषणा कर अपनी सरकार बनाई थी। इसी से स्पष्ट है कि बिहार में भी नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बहुत जल्द बिहार की महिलाओं को सम्मान निधि देने की घोषणा कर सकती है और चुनाव आचार सहिंता लगने के पूर्व महिलाओं के खाते में इसकी एक या दो किश्त डाल सकती है। यदि ऐसा हुआ तो बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार अपने नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाने में सफल हो जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। महिलाओं के अलावा बिहार के युवाओं को भी साधने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवा आयोग के गठन का भी फैसला लिया है। मात्र चार माह की अवधि में यह युवा आयोग बिहार के युवाओं के हित में क्या कदम उठा पाएगा यह कह पाना तो मुश्किल है। लेकिन युवा आयोग का गठन होने से युवाओं में अपने भविष्य को लेकर एक नई उम्मीद की किरण तो जागेगी। ऐसे में बिहार के युवाओं का भी एनडीए के प्रति थोड़ा न थोड़ा रूझान तो बढ़ ही सकता है। और इसका भी एनडीए को चुनावी लाभ मिल सकता है।

## सद्गुरू बोधा मृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ सदशिष्य का कार्य है गुरु की प्रमुख वाणियों को यथाशीघ्र लिख लेना, जमा कर लेना, सुना देना लोगों को, स्वयं समझ लेना।

कई बार मोबाइल में भरा वाणियों को फिर दो बार मोबाइल चली गई ना; भरा भराया मोबाइल चला गया, जब खूब जमा हो गया इसका मन हुआ कि हाँ अब जमा हो गया, अब जमा हो गया, अब तो कुछ करेंगे तो मोबाइल ही चली गई लेव ! क्योंकि वो भी जानते थे कि "देहि नाम क्षणभंगुरा" तो जो गुरुदेव ने बोला ले के तुरंत लिपिबद्ध करके ताम्रपत्र में; मैं रहूँ ना रहुँ गुरु जी की वाणी सदा रहेगी और वास्तव में यही है गुरु सेवा, यही है हरी सेवा।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली/वार्ता।** 1781 थॉमस हचिन्स ने अमेरिका के भूगोल को नामित किया। 1789 फ्रांस के लुई XVI ने लोकप्रिय मुख्यमंत्री जैक नेकर को खारिज कर दिया। 1919 नीदरलैंड ने आठ घंटे का दिन और निःशुल्क रविवार श्रमिकों के लिए कानून बनाया। 1921 मंगोलिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। 1943 अमेरिकी ने न्यू जॉर्जिया से एनोगाई की लड़ाई पर जीत हासिल की। 1957 इस्लामी धार्मिक नेता और मुस्लिम लीग के संस्थापक सदस्य आगा खां का निधन हुआ। 1975 चीन में 2200 वर्ष पुरानी कब्रगाह खोजी गयी जिसमे सैनिकों के 3000 आदमकद मूर्तियाँ दफ़्न थी। 1987 ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री रॉबर्ट हॉक की सरकार तीसरी अवधि के लिए चुनी गई। 1997 थाईलैंड के पटाया शहर के सबसे खराब होटल में आग लगने से 90 लोगो की मौत हो गयी। 2008 एप्पल ने आईफोन 3जी लांच किया। 2011 एवेंजेलोस फ्लोरकिस नेवल बेस में एक विस्फोट में साइप्रस नौसेना के प्रमुख सहित 12 लोगों की मौत हो गई, जिससे यह साइप्रस के इतिहास में सबसे खराब सैन्य दुर्घटना थी।

योगेश कुमार गोयल

*इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है।*

# जनसंख्या नीति नहीं, जनजागरूकता है असली समाधान

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को 'विश्व जनसंख्या दिवस' मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम 'ऊंट के मुंह में जीरा' ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक

जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई।

इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।

जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफस्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी 'वन चाइल्ड पॉलिसी' को जिम्मेदार माना जाता है।

विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी।

ज्योति विज,
महानिदेशक, फिक्की

*ढलती उम्र वाली आबादी के साथ-साथ डिजिटल और हरित बदलावों जैसे व्यापक वैश्विक रुझानोंकी पृष्ठभूमि में, ऐसी कारगर नीतियां अधिक संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियांसुलभ कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। फिक्की में, हम अपने सदस्यों से इस योजना का सदुपयोग करने हेतु आगे आने का आग्रह करते हैं। नियोक्ताओं- खासकरसूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई)से जुड़े- को इसे वित्तीय लाभ से कहीं आगे बढ़कर देखना चाहिए। यह योजना परिचालन को बढ़ाने, युवा प्रतिभाओं का दोहन करने, वेतन भुगतान प्रणाली (पेरोल)काऔपचारिकीकरण करने और स्थायी आर्थिक मूल्य सृजित करने का एक उपकरण है। उद्योग जगत के एक शीर्ष चैंबर के रूप में, फिक्की इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।*

# रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना

अब जबकि दुनिया स्वचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है।

लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वालीयह योजना भारत के उभरते रोजगार परिदृश्य, विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, में एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप है।अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गई यह ईएलआई योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है - यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारत@2047 के विजन का समर्थन करता है।ईएलआई देश में रोजगार सृजन का एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने जा रहा है।

कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है।ईएलआई योजना का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच ही नहींबल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अनौपचारिक कार्य एवं औपचारिक रोजगार के बीच की खाई को पाटना है।

रोजगार संबंधी तात्कालिकनतीजों से परे जाकर, इस बात परगौर करना महत्वपूर्ण है कि ईएलआई योजना विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में भारत की प्रगति को मजबूत करती है।

खासतौर पर, औपचारिक वदीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करके एसडीजी 8 (सभ्य कार्य तथा आर्थिक विकास) और कम वेतन पाने वालों एवं पहली बार नौकरी चाहने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता प्रदान करकेएसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) के संदर्भ में।

आधार-समर्थ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली(डीबीटी

सिस्टम) के जरिए ईपीएफओ पंजीकरण एवं संवितरण के साथइस योजना का जुड़ाव न केवल रोजगार सृजन बल्कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार भी सुनिश्चित करता है, जोकि एक न्यायसंगत और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

भारत द्वारा किए गए ऐसे प्रयासों को मान्यता देते हुए, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने हाल ही में भारत की इस उपलब्धि को स्वीकार किया और आधिकारिक तौर पर अपने डैशबोर्ड पर इस तथ्य को प्रकाशित किया कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी (2015 में 19 प्रतिशतकी तुलना में), यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में हैं।

मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर खासतौर पर स्वागत योग्य है। जैसे-जैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएंनए सिरे से बदल रही हैं, भारत भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक रोजगार सृजन का समर्थन करके, ईएलआई योजना पीएलआई योजनाओं, 'मेक इन इंडिया'तथा'स्किल इंडिया' जैसी मौजूदा पहलों का पूरक बनने के साथ-साथ शहरी व अर्द्ध-शहरी, दोनों समूहों में औद्योगिक विकास को गति देगी।

अक्सर लागत संबंधी चिंताओं के कारण औपचारिक भर्ती को बढ़ाने में बाधाओं का सामना करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई)कोयह योजना महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती है। नियोक्ता-पक्ष के प्रोत्साहन नई भर्ती की सीमांत लागत को कम करते हैं।इससे विस्तार, औपचारिकीकरण और श्रमशक्ति के उन्नयन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है।

वैश्विक स्तर पर, वेतन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं रोजगार को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुई हैं। जर्मनी जैसे देश अप्रेंटिसशिप और दीर्घकालिक भर्ती के लिए नियोक्ता सब्सिडी प्रदान करते हैं।दक्षिण कोरिया युवा एवं वृद्ध श्रमिकों के नियोक्ताओं को लक्षित वेतन सहायता प्रदान करता है।सिंगापुर कौशल के उन्नयन (अपस्किलिंग) और रोजगार को कायम रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्य अवसर कर क्रेडिट (डब्ल्यूओटीसी) की व्यवस्था है, जो वंचित समूहों के व्यक्तियों की भर्ती करने वाले नियोक्ताओं को पुरस्कृत करता है।

भारत की ईएलआई योजनाहमारेविशाल अनौपचारिक श्रम बाजार, जनसांख्यिकीय लाभांश और डिजिटल बुनियादी ढांचेके विस्तार जैसी स्थानीय जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर की सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का समावेश करती है। ईएलआई योजना भारत की रोजगार नीति की परिपक्वता - अल्पकालिक राहत से हटकर दीर्घकालिक श्रम बाजार के विकास की दिशा में बदलाव - को दर्शाती है।

## पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### खुला शिवा रूद्र

खुला शिवा रूद्र नयन संसार से उबारता मंदाकिनी बहक रही भागीरथी संवारता अज्ञात को तलाशता मुझे मिरा वजूद है फटे हुए जीर्ण शीर्ण लिबास है उतारता क्षितिज कहीं दिखा हमें प्रकाश लौ चमक रही मशाल सा धधक उठूँ वो कौन है पुकारता विचारता यदा कदा हिसाब भी कभी कभी बसाए नीड अब नई जगह पाषाण मन तराशता ययाति से युवा हुए पुरू सा कौन आएगा सफ़ेद केश हो रहे खिजाब से संवारता।

**- ज्योत्सना सक्सेना**

### अब जहर-सा घुल गया

अब जहर-सा घुल गया है इन हवाओं में। लूट, हिंसा दिख रही चारों दिशाओं में।। है अँधेरे का प्रशासन, रौशनी बंदी। छिप गया सूरज कहीं काली घटाओं में।। मर रहा ईमान, सबकी आस्था विस्मृत। मांगलिकता शेष है केवल दुआओं में।। फैसले सारे गलत होने लगे देखो। चोर बन बैठे हैं मुखिया, जन-सभाओं में।। हम करें कैसी दवा बीमार दिल की अब। दर्द ही तो है भरा दिल की दवाओं में।। **- दिनेश रोहित चतुर्वेदी**

### मुझे ज़िंदगी से मिलाया मैं जिंदगी

मुझे ज़िंदगी से मिलाया मैं जिंदगी से हार भी जाती लेकिन फिर ज़िंदगी ने मुझे अपने ख्वाहिशों से फुसलाया बहुत... मैं निकल पड़ी.. ज़िंदगी के लिए.. हर रोज ख़्वाबों ने रात को रुलाया और सुबह सच को मनाया बहुत.. कि मैं और ज़िंदगी की फ़ीकी सी मुस्कान... ज़िद्दी है दोनों.. एक साथ दोनों ने मिलकर मुझे ही मुझसे मिलाया..!! **- नंदिता तनुजा**

### ज़िंदगी तू कभी मुस्काराया कर कभी

ज़िंदगी तू कभी मुस्काराया कर कभी उनके तो कभी मेरे घर आया कर !! माना के घर के छप्पर वाला फूँस पुराना है और न ही मेरे पास महल या कोई हवेली है मगर तुझे जीने की इच्छा हमेशा से नयी नवेली है इसलिए तू मत ज़्यादा इतराया कर !! ज़िंदगी तू कभी मुस्काराया कर कभी उनके तो कभी मेरे घर आया कर !! **- रामकिशोर उपाध्याय**

### बादल बरसे नेह के, झूमे लतिका

बादल बरसे नेह के , झूमे लतिका झार। बूंदों की पाकर छुअन, खुले हृदय का द्वार।। खुले हृदय का द्वार, सखी वो मुझे रिझाते। हुई सुहानी शाम , नेह अनुपम बरसाते ।। ठहर जरा तू मेघ, साथ मुझको भी ले चल।मन में उठी उमंग, देख कर काले बादल।। **- अर्चना लाल**

### हे मानव अपने मन को तो वश

हे मानव अपने मन को तो वश में कर न सका, अल्हड़ बादल को कैसे बांधने चला, प्रगति की आंधी ने उजाड़ा खेतों को- दोष प्रकृति का देकर क्या होगा भला। **-पूनम झा 'प्रथमा'**

### कर्नाटक से खड़गे जी छत्तीसगढ़

कर्नाटक से खड़गे जी छत्तीसगढ़ आये,हिंदी में बोले, हमारे मुख्यमंत्री को भी भला बुरा कहा, उनको किसी से कोई गाली नहीं दी, किसी ने उन्हें छत्तीसगढ़ी या गोंडी बोलने के लिए विवश नहीं किया.... क्या कर्नाटक में यह संभव था इसलिये तो छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया है ।**- अजय सरस्वती श्रीवास्तव**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेषः** आज के दिन आपकी रुचि धर्म-कर्म में अधिक रहेगी फिर भी कोई ना कोई व्यवधान आने से इसके लिए समय कम ही निकाल पाएंगे।

**वृषः** आपका आज का दिन भी कुछ विशेष नही रहेगा कल की ही भाति आज भी कारोबार अथवा अन्य धन संबंधित कार्य बाधा आने से अटके रहेंगे।

**मिथुनः** आज की परिस्थिति भी आपके लिए अनुकूल बनी रहेगी आज आलस्य ना करें समय का लाभ उठाएं धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे।

**कर्कः** आज के दिन आप धन लाभ के साथ ही घरेलू सुख के साधनों में भी वृद्धि कर सकेंगे।

**सिंहः** आज के दिन विवेकी व्यवहार अपनाएंगे जिससे व्यर्थ के झगड़ो से बचे रहेंगे। कार्य व्यवसाय में आज कुछ विशेष सफलता नही मिलेगी।

**कन्याः** आज के दिन आप व्यर्थ की बयानबाजी से बचें स्वभाव में भी अहम कुछ अधिक ही रहेगा गलती करके भी उद्दंडता दिखाना आज भारी पड़ सकता है।

**तुलाः** आज आपकी दिनचर्या आडम्बर युक्त अधिक रहेगी। लेकिन आज किसी भी बात को बढ़ा चढ़ा कर पेश करना आपको ही मुश्किल में डालेगा।

**वृश्चिकः** आज के दिन आप किसी कार्य को लेकर कुछ ज्यादा ही मानसिक बोझ लेंगे जिससे सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

**धनुः** आज का दिन भी आपके लिए शुभ बना रहेगा कुछ मामूली उलझनों को छोड़ दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे।

**मकरः** आज का दिन भी आपको प्रतिकूल फल देने वाला है। आज भला करने पर भी बुराई ही मिलेगी।

**कुंभः** आज का दिन आपके लिए लाभदायी रहेगा लेकिन मन की चंचलता बने बनाये लाभ पर पानी भी फेर सकती है।

**मीनः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा लेकिन आज आपके बनते कार्यो में कोई ना कोई टांग अवश्य अड़ाएगा।

सूर्योदय : 05:44, सूर्यास्त : 07:20, चन्द्रोदय : 19:19, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : श्रावण,पक्ष : कृष्ण, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : उतराषाढ (पूर्ण रात्रि), योग : इन्द्र (21:38 से वैधृति), प्रथम करण : विष्टि (13:55 तक), द्वितीय करण : बव (26:06 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : धनु, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

## QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हरित सोना क्रांति किससे संबंधित है?
2) प्राचीन कांस्य युग के नगर अल-नताह की हाल ही में खोज किस देश में हुई?
3) फिरोजाबाद 200 से अधिक वर्षों में किसका उत्पादन कर रहा है?
4) कजाकिस्तान अपनी पहली परमाणु ऊर्जा स्टेशन किस झील के पास स्थापित कर रहा है?
5) सुधार और योजना में महाराजा हरि सिंह पुरस्कार 2025 से किसे सम्मानित किया गया?

उत्तरमाला- (1) बांस (2) सऊदी अरब (3) कांच की चूड़ियां (4) झील बालखश (5) मनोज सिन्हा

## शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -105

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 104 का हल

■ न्यूज गैलरी

## राज्य में खाद-बीज और कीटनाशक औषधियों की गुणवत्ता की जांच जारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा राज्य में रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं पौध संरक्षण औषधियों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए बीज, खाद और कीटनाशक औषधियों के सेम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। खरीफ सीजन 2025 में राज्य में रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं पौध संरक्षण औषधियों के जांच के लिए अबतक 6245 नमूने लिए गए है। इनमें से सभी प्रक्ररणों को गुणवत्ता जांच के लिए भेजे गए है, जिसमें 4775 नमूने मानक और 297 अमानक पाए गए। 31 नमूनों को निरस्त किया गया तथा 1142 नमूनों में जांच की कार्यवाही चल रही हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा इस खरीफ सीजन में बीज के 5515 नमूने, उर्वरक के 4000 और पौध संरक्षण औषधी के 969 नमूनों को गुणवत्ता जांच के लिए लक्ष्य रखा गया हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अबतक बीज के 4439, उर्वरक के 1641 और पौध संरक्षण औषधी के 165 नमूने लिए गए हैं। जिसे जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में प्रीक्षण कराया गया जिसमें बीज के 3613 नमूने मानक तथा 245 अमानक पाए गए, इसी तरह उर्वरक के 1078 नमूने मानक और 45 नमूने अमानक पाए गए तथा पौध संरक्षण औषधी के 84 नमूने अमानक तथा 7 नमूने अमानक पाए गए।

## धक्का-मुक्की पर भड़कीं कांग्रेस की राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस की महिला प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह सुरक्षा गार्ड्स पर नाराजगी जताते हुए नजर आ रही हैं। यह घटना 7 जुलाई को रायपुर में आयोजित किसान-जवान-संविधान जनसभा के बाद की बताई जा रही है, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की थी। सभा के समापन के बाद सभी नेता साइंस कॉलेज से शंकर नगर स्थित राजीव भवन पहुंचे थे। उसी दौरान अफरा-तफरी में कथित तौर पर धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। नेताम जब राजीव भवन से बाहर निकल रही थीं, तभी पीछे से किसी का धक्का लग गया, जिससे वे नाराज़ हो गईं और मौके पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को फटकार लगाई। फूलोदेवी नेताम की तीखी प्रतिक्रिया का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिस पर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, इस मामले में अब तक पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## प्रदेश में अब तक 349.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 349.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 501.9 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 167.3 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 264.6 मि.मी., सूरजपुर में 405.0 मि.मी., बलरामपुर में 465.8 मि.मी., जशपुर में 448.2 मि.मी., कोरिया में 383.3 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 297.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 308.4 मि.मी., बलौदाबाजार में 305.9 मि.मी., गरियाबंद में 300.8 मि.मी., महासमुंद में 316.2 मि.मी. और धमतरी में 313.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 350.5 मि.मी., मुंगेली में 373.1 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 353.5 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 460.0 मि.मी., सक्ती में 401.9 मि.मी., कोरबा में 448.0 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 333.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 301.3 मि.मी., कबीरधाम में 247.8 मि.मी., राजनांदगांव में 289.7 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 480.9 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 245.7 मि.मी., बालोद में 371.6 मि.मी. और बस्तर जिले में 436.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है।

### राज्यपाल डेका को लोकायुक्त ने सौंपा वार्षिक प्रतिवेदन

**रायपुर /नवप्रदेश।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ लोक आयोग के लोकायुक्त न्यायमूर्ति आई.एस. उबोवेजा ने भेंट कर छत्तीसगढ़ लोक आयोग का 23 वां वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल को सौंपा। इस अवसर पर कानूनी सलाहकार अजीत कुमार राजभानु, उप सचिव के.पी. सिंह भदौरिया, तकनीकी सलाहकार राकेश पुरम एवं पी.एस. राजेश गजेंद्र भी उपस्थित थे।

### डेका से कुलपति ने की भेंट

**रायपुर / नवप्रदेश/** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में आई.सी.एफ. ए.आई विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर शिव दयाल पाण्डेय ने सौजन्य भेंट की।इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. मनीष उपाध्याय भी उपस्थित थे।

### राज्यपाल से भारतीय खिलाड़ियों ने की भेंट

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में अर्जुन पुरूस्कार से सम्मानित भारतीय पैरा डोंगी एथलीट प्राची यादव ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर परमनीष कोरव, खिलाड़ी विपिन कुर्मी, कोच प्रशांत सिंह रघुवंशी, रोहित काले, अमरजीत छाबड़ा भी उपस्थित थे।

### गेंड़ी लोक नृत्य कलाकार ने राज्यपाल से की भेंट

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में तिफरा बिलासपुर के गेंडी लोक नृत्य कलाकार अनिल कुमार गढ़ेवाल ने सौजन्य भेंट की।इस अवसर पर नृत्य के कलाकार लक्ष्मी नारायण मांडले भी उपस्थित थे।

सर्वे में ग्रामीण स्कूलों ने शहरी को धूल चटाई, सरकारी प्राइवेट स्कूलों को दिखाया आइना

# शिक्षाविभाग के दावे की परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण ने खोल दी पोल

**रायपुर/नवप्रदेश।** टॉप टेन में छत्तीसगढ़ को देखने का दावा करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों के दावों की पोल परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण ने खोल दी है. नतीजे वही पुराने ढर्रे के हैं. भाषा में 59 प्रतिशत और गणित में 57प्रतिशत अंकों के साथ छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय औसत भाषा में 64प्रतिशत, गणित में 60प्रतिशत से थोड़ा पीछे छूट गया। मतलब, 41प्रतिशत बच्चे भाषा को समझने में और 43प्रतिशत गणित के सवालों को सुलझाने में 'अटक' गए. अब ये तो वही बात हुई कि बच्चे किताब खोलते हैं, लेकिन किताब बच्चों को खोल देती है?

सहायक संचालक एम. सुधीश ने बताया कि 2017 और 2021 के मुकाबले इस बार छत्तीसगढ़ ने छलांग मारी है। पहले तो हम शिक्षा के मैदान में आखिरी पायदान के करीब होते थे, लेकिन अब बीच में आ गए हैं। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी आगे हैं। वहीं बालकों की तुलना में बालिकाओं ने फिर साबित किया है कि हम आगे हैं।

खैर परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण में कुछ और मजेदार खुलासे भी हुए है। बालिकाओं ने बालकों को पछाड़ दिया है। छात्राओं का कहना है कि हमसे पंगा नहीं, हम तो टॉप करेंगे। सर्वे में ग्रामीण स्कूलों ने शहरी स्कूलों को धूल चटाई और सरकारी स्कूलों ने प्राइवेट स्कूलों को आइना दिखाया। प्राइवेट स्कूल वाले तो शायद अभी भी सोच रहे हैं, हमारे एसी क्लास रूम का क्या हुआ? हालांकि बड़ी कक्षाओं में सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कम रहा है।

### फेल होने के बाद पास का मजा

राष्ट्रीय औसत से कुछ अंक पीछे हैं, लेकिन सुधार को देख, सुनकर लगता है जैसे कोई कह रहा हो कि पिछली बार तो हम फेल थे, इस बार पास मार्क्स के करीब पहुंच गए, ये क्या कम है?

### तीनों कैटेगरी में ये जिले प्रदेश में टॉप

रायगढ़, सूरजपुर और बीजापुर जिला तीनों कक्षाओं में 'हीरो' बनकर उभरे हैं, लेकिन दूसरी तरफ सुकमा, नारायणपुर, जांजगीर चांपा और कोंडागांव ने तीनों कक्षाओं में ऐसा प्रदर्शन किया कि लगता है इन्होंने सोचा परख में परखने की क्या जरूरत, हम तो वैसे ही मशहूर हैं।

### शेयर मार्केट की तरह आ रहा शिक्षा स्तर का इतिहास

वैसे तो परख सर्वेक्षण हर तीन साल में होता है, जिससे पता चलता है कि बच्चे कितना सीख रहे हैं और शिक्षक कितना सिखा रहे हैं. 2001 से शुरू हुआ ये तमाशा पहले NAS, अब परख हर बार नई कहानी लाता है. 2013-14 में छत्तीसगढ़ 34वें नंबर पर था, 2017-18 में 18वें पर उछला फिर 2021-22 में 30वें से भी नीचे लुढ़क गया. इस बा, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, हम फिर मिडिल क्लास में आ गए हैं. मतलब छत्तीसगढ़ की शिक्षा का ग्राफ ऐसा है, जैसे कोई स्टॉक मार्केट कभी ऊपर कभी नीचे, लेकिन कभी टॉप पर नहीं पहुंचता।

### शिक्षा विभाग को सीख

बार-बार का नतीजा बता रहा है कि अब शिक्षकों की दक्षता आधारित शिक्षण पर जोर देना होगा, ताकि अगली बार परख सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ के शिक्षा स्तर का देश में गुणगान हो। सुकमा, जांजगीर चांपा, कोंडागांव और नारायणपुर जैसे जिलों को तो लगता है गणित और भाषा से

# पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

सभी को हंसाने वाला कवि हमें रुलाकर चला गया : साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के जोरा स्थित श्री सालासर बालाजी धाम के सभागार में आयोजित सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय डॉ. दुबे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हास्य-व्यंग्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। सभी को हंसाने वाला यह महान कवि आज हमें रुलाकर चला गया। उन्होंने अपनी विलक्षण काव्य प्रतिभा के माध्यम से न केवल देशभर में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। उनका आकस्मिक निधन पूरे राज्य और साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई असंभव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने अनेक कवि सम्मेलनों में भाग लिया है, और शायद ही कोई प्रमुख आयोजन ऐसा रहा हो जहाँ डॉ. दुबे की उपस्थिति न रही हो। हर मंच पर उन्हें देश के प्रतिष्ठित कवियों द्वारा विशेष सम्मान प्राप्त होता था। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी श्रद्धांजलि सभा में स्व. डॉ. सुरेंद्र दुबे को नमन करते हुए कहा कि वे केवल एक कवि नहीं, बल्कि एक जिंदादिल और ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति को सम्मान दिलाया। उन्होंने प्रदेश के कोने-कोने में घूम-घूमकर लोगों को न केवल हंसाया, बल्कि सामाजिक चेतना भी जगाई। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र दुबे के परिजन एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण शिविर : भाजपा के सांसद विधायक ने साझा किया अनुभव

■ मैनपाट में बहुत सीखा, समझा और जाना, कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं को किया शांत

**रायपुर/नवप्रदेश।** मैनपाट में बहुत सीखा, समझा और जाना। विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं को शांत किया गया। यह बात मैनपाट से राजधानी रायपुर लौटने के बाद शिविर में शामिल भारतीय जनता पार्टी के सांसदों-विधायकों ने कही।

साय सरकार में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने प्रशिक्षण शिविर पत्रकारों से शिविर का अनुभव साझा करते हुए कहा कि विषय विशेषज्ञों ने अलग-अलग विषयों पर मार्गदर्शन किया. भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत् प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया का उपयोग करने का निर्देश मिला है. शिविर में प्रिंट से लेकर सोशल मीडिया के बीच व्यवहार को लेकर बताया गया. इसके साथ ही कार्यकर्ताओं और जनता से कैसा व्यवहार रखे यह भी बताया गया है।

वहीं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मैनपाट में बहुत सीखा, समझा और जाना. जीवन में जितने काम करने होते हैं, वह सब काम किए. सोशल मीडिया के कारण और सपोर्ट से प्रधानमंत्री ने लोगों को सूचना तकनीक से जोड़ दिया, लेकिन कांग्रेस ऐसे ही रहने वाली है. सभी विषयों पर चर्चा हुई है. कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं को शांत किया गया. सरकार ने जिन मुद्दों पर काम किया या करेंगे उसके बारे भी बताया गया।

# पूरी सरकार तीन दिन मैनपाट में पिकनिक मना कर आई : बैज

■ किसान खाद के लिए हो रहे परेशान

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के तीन दिन के प्रशिक्षण सत्र में डेढ साल के भ्रष्टाचार पर मंथन हुआ। खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा और अन्य नेताओं ने राज्य सरकार के भ्रष्टाचार पर नसीहत देनी पड़ी। यह प्रशिक्षण शिविर मस्ती की पाठशाला थी, जहां पर सरकारी धन पर पूरी सरकार ने मौज मस्ती और पिकनिक मना कर आई। जिस सरगुजा संभाग में भाजपा ने यह तीन दिन का प्रशिक्षण किया। उसी सरगुजा संभाग के हसदेव और तमनार में सरकार अडानी की खदान के लिये जंगल कटवा रही। चिंतन शिविर में इस पर मंथन करने का साहस किसी नेता ने नहीं दिखाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूरी सरकार तीन दिन से मैनपाट में पिकनिक मना रही, मौज मस्ती कर रही है, मानसूनी बारिश उफान पर है, लेकिन अभी तक सोसायटियों में खातू, उर्वरक नही पहुंचा है। किसान परेशान है खाद नहीं मिलने पर उनकी ऊपज प्रभावित होगी। खरीफ में धान छत्तीसगढ़ के किसानों की आय का प्रमुख आधार है। सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। प्रदेश में जानबूझ कर खातू की कमी पैदा की जा रही, ताकि किसान धान को पैदावार कम लें, समर्थन मूल्य पर कम धान खरीदना पड़े।

### 30 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खुले में भीग चुका

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार पिछले साल खरीदे गये धान का निराकरण नहीं कर पाई है। भारी मानसूनी बारिश के बीच पूरे प्रदेश के संग्रहण केन्द्रों में 30 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खुले में प?ा है, भीग चुका है। सरकार लापरवाह बनी हुई है। राज्य के जनता की गा?ी कमाई के टैक्स से खरीदा गया धान भीग कर खराब हो रहा है। डबल इंजन की सरकार का कोई फायदा राज्य को नहीं मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण प्रदेश के अनेक शहरों में निचली बस्तियों में पानी भर गया है। लोग परेशान है। पूरी सरकार मैनपाट में पिकनिक पर थी। जनता बारिश का कहर मिलने को मजबूर है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है सभी शहरों में तत्काल बचाव, राहत कार्य शुरू किया जाये, लोगो को सुरक्षित किया जाये।

# सीजीएमएससी ने फेनीटोन की सप्लाई पर लगाई रोक

■ सिस्टोकेम लेबोरेटरी कंपनी को नोटिस

**रायपुर/ प्रदेश।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन ने मिर्गी व हेड इंजुरी में झटके रोकने वाले इंजेक्शन फेनीटोन सोडियम इंजेक्शन की सप्लाई पर रोक लगा दी है. साथ ही दिल्ली स्थित इंजेक्शन सप्लायर कंपनी 'सिस्टोकेम लेबोरेटरी' को नोटिस भी थमा दिया है और कंपनी में बने अन्य बैच के स्टैंडर्ड इंजेक्शन की सप्लाई अस्पतालों में रोक दी गई है. कंपनी को नई बैच का इंजेक्शन भेजने को कहा गया है. इसके अलावा नहीं दोनों बैचों को पूर्व में परीक्षण करने वाली लैब से अलग अन्य अनुबंधित एनएबीएल प्रमाणित लैब में फिर से क्वॉलिटी परीक्षण के लिए भेजा गया है. यह कदम ऐहतियातन उठाया गया है।

समाचार पत्रों में मिर्गी और हेड इंजुरी में झटके रोकने वाला इंजेक्शन फेनीटोन सोडियम के सब स्टैंडर्ड होने की खबर सामने आई थी, जिसके बाद दवा कॉर्पोरेशन को कंपनी से जवाब तलब किया है. नोटिस में पूछा गया है कि आखिर सब स्टैंडर्ड इंजेक्शन की सप्लाई क्यों की गई? क्यों न इसके लिए कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

कंपनी से एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है. इंजेक्शन की सप्लाई आंबेडकर अस्पताल के अलावा डीकेएस सुपर स्पेशलिटी समेत प्रदेशभर के सभी जिला अस्पतालों व सीएचसी में हुई थी. दवा कॉर्पोरेशन ने इंजेक्शन के उपयोग पर बैन लगा दिया है. साथ ही इंजेक्शन के सभी स्टॉक को वापस मंगाया है. अधिकारियों के अनुसार. इस दवा की आपातकालीन उपयोगिता एवं नेरो थैरेपेटिक इंडेक्स होने के कारण, इसकी गुणवत्ता एवं निर्माण मानकों का सटीक पालन अत्यंत आवश्यक होता है।

प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला और महतारी वंदन योजना से मिली नई दिशा

# शासन की योजनाओं ने बदली सुमित्रा की जिंदगी

**रायपुर /नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाओं का लाभ अब समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है। जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम खटंगा के एक साधारण परिवार की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है, जहाँ शासन की तीनों योजनाओं ने एक साथ उनकी जिंदगी को नई दिशा दी है। हितग्राही सुरेश राम की पत्नी सुमित्रा बाई बताती हैं कि पहले हम कच्चे घर में रहते थे।

बरसात हो या गर्मी, हमेशा डर बना रहता था। पानी टपकता था, दीवारें गिरने का डर और रात-बिरात साँप, बिच्छू का डर अलग से। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला पक्का घर अब हमारे लिए एक नई दुनिया जैसा है। अब न डर है, न परेशानी, घर भी साफ-सुथरा है, और बच्चों को पढ़ने-लिखने का भी अच्छा माहौल मिल गया है।

सुमित्रा बाई आगे बताती हैं कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर और चूल्हा मिलने से अब हम धुँआ से मुक्ति मिली और खाना बना पाते हैं। पहले जंगल से लकड़ी लाना पड़ता था और आग जलाना तब बहुत मुश्किल था।

आँख में जलन होती थी एवं खाँसी और समय भी ज्यादा लगता था। अब रसोई में आसानी से खाना बन जाता है। उन्होंने आगे बताया कि, मुझे मुख्यमंत्री महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1000 रूपए मिलते हैं। उसी से हम तेल, नमक, साबुन जैसे जरूरी सामान खरीद लेते हैं। कभी बेटी को स्कूल के लिए कॉपी-किताब भी लेना हो, तो उसी से काम चल जाता है। उनकी बेटी कुमारी संगीता बताती है, जब कच्चा घर था, तब हम पढ़ाई भी ठीक से नहीं कर पाते थे। बरसात के दिन बहुत दिक्कत होती थी। अब जब पक्का घर मिला है, तो मन लगता है। हम अब बहुत खुश हैं। परिवार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

# शिक्षा और रोजगार नहीं शराब दुकान भाजपा के सुशासन में है प्राथमिकता : विक्रम मंडावी

■ शराब दुकान खोले जाने के विरोध में कांग्रेस करेगी 12 जुलाई को प्रदर्शन

■ कांग्रेस नेताओं ने प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**बीजापुर।** आवापल्ली नई देशी/विदेशी शराब दुकान खोले जाने का विरोध करते हुए इस कदम को आदिवासी युवाओं के भविष्य पर कुठाराघात बताया है, और सरकार पर आदिवासी क्षेत्रों को नशे की भेंट चढ़ाने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता और बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि÷भाजपा सरकार एक तरफ पूरे प्रदेश में 10423 स्कूल बंद कर चुकी है बस्तर में भी लगभग 1200 स्कूलों को ताले लगाकर आदिवासी बच्चों का भविष्य अंधेरे में धकेल चुकी है, वही दूसरी तरफ भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में नई शराब दुकान खोलने का काम कर रही है इस वर्ष

भाजपा सरकार ने 67 शराब दुकान खोला है, आवापल्ली जैसे सुदूर संवेदनशील आदिवासी गांवों में देशी/विदेशी शराब की दुकानें खोलकर युवाओं को नशे की दलदल में फंसा रही है।÷ उन्होंने सरकार की नीतियों को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार की इन नीतियों से आदिवासी क्षेत्र के युवा शिक्षा और रोजगार से वंचित होंगे और विकराल बेरोजगारी बढ़ेगी। आगे कहा कि आवापल्ली जैसे अंदरूनी गांव में शराब दुकान खोलकर भाजपा सरकार ने यह साबित कर दिया कि भाजपा सरकार आदिवासियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से ज्यादा जरूरी शराब की दुकानें खोलना है। वर्तमान समय में उसूर ब्लॉक जैसे अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां पर शिक्षा स्वास्थ्य, मूलभूत, सुविधाओं सहित विकास की जरूरत है, वहां पर विकास पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, पर भाजपा सरकार इन चीजों को प्राथमिकता ना देते हुए देशी/विदेशी शराब दुकानो को क्यों प्राथमिकता दे रही है ? इससे नक्सल प्रभावित क्षेत्र उसूर के युवाओं पर, ग्रामीणों पर गलत प्रभाव पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि एक तरफशिक्षा सत्र खुले एक पखवाड़ा से ज्यादा समय बीत चुका है पर अभी तक स्कूलों में किताबें नहीं पहुंच सकी है वहीं ग्रामीणों के भारी विरोध के बावजूद शराब दुकानें खोली जा रही है।इस मुद्दे को लेकर आगामी 12 जुलाई को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के द्वारा आवापल्ली में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, कमलेश कारम, बसंत राव ताटी, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जिला महामंत्री सुखदेव नाग, अधिवक्ता ज्योति कुमार, बेनहूर रावतिया, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, पुरुषोत्तम सल्लूर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, श्यामू गुप्ता, जनपद सदस्य बोधि ताती, कविता यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### एक्सिस बैंक द्वारा जिले के युवाओं के लिए रोजगार शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश।** जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, लाइवलीहुड कॉलेज में एक्सिस बैंक द्वारा एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में फील्ड ऑफिसर एवं ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर के पदों हेतु युवाओं का चयन किया जा रहा है। रोजगार शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय युवा शामिल हुए और चयन प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैंक प्रतिनिधियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए सूचित किया जाएगा। एक्सिस बैंक के अधिकारियों ने बताया कि यह पहल युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के लिए बेहतर भविष्य की नींव रखते हैं और जिले के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

### जिले के 4 हजार 351 किसानों को 25 करोड़ 66 लाख रुपए से अधिक का ऋण वितरण

**नारायणपुर/ नवप्रदेश।** जिले में खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर खेती-किसानी ने जोर पकड़ लिया है। जिला प्रशासन किसानों को खाद और बीज की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने में लगातार जुटा हुआ है। किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जिले में खरीफफसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज का भंडारण कर लिया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नारायणपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस खरीफ सीजन के लिए 40 करोड़ रुपये का कृषि ऋण वितरण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 4 हजार 351 किसानों को कुल 25 करोड़ 66 लाख 38 हजार रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है। प्रशासन की इस सक्रियता से जिले के किसान खरीफफसलों की बुवाई को लेकर उत्साहित हैं। ऋण और संसाधनों की उपलब्धता से खेती के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की उम्मीद जताई जा रही है।जिले में खरीफसीजन को लेकर किसानों की तैयारियाँ जोरों पर हैं। प्रशासन द्वारा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी व एमओपी सहित कुल 2,579.740 मेट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से अब तक 2,041.365 मेट्रिक टन खाद किसानों को वितरित किया जा चुका है। इसी प्रकार बीज वितरण की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। अब तक 1,358.900 मेट्रिक टन बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें से 1,318.400 मेट्रिक टन बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है।कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने कृषि, मार्कफेड और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# बीआरसी विभाग बना भ्रष्टाचार मिलीभगत का अड्डा : विमल

■ बिना टेंडर कराये जा रहे करोड़ों के कार्य

**दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश।** जिले मे लगातार भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है जिसे लगातार जिला कांग्रेस महामंत्री विमल सलाम ने फिर एक बार शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।ज्ञात हो सलाम लगातार जिले हो रहे भ्रष्टाचार के लिए शासन-प्रशासन से सवाल करते आ रहे है।जो कि इस बार शिक्षा को ही भ्रष्टाचार का अड्डा बनाया गया है। सलाम ने बताया।÷डीएमएफ फंड का उपयोग केवल जनकल्याण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। हर पैसे का हिसाब जनता के सामने होना चाहिए। अगर बीआरसी, शिक्षा विभाग या किसी अन्य माध्यम से अनियमितताएँ हो रही हैं, तो तत्काल स्वतंत्र जांच करवाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।दंतेवाड़ा के डीएमएफ फंड का दुरुपयोग रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से स्वतंत्र ऑडिट कमेटी का गठन हो। हर प्रोजेक्ट की प्रगति और खर्च का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाए, ताकि जनता

को पता चले कि उनका पैसा कहाँ जा रहा है। भाजपा सरकार मे मंत्रियो के मिलीभगत से बी. आर. सी. विभाग बना भ्रष्टाचार का अड्डा बिना टेंडर के कराये जा रहे है करोड़ो के डोम सेड और पोटाकेबिन का कार्य कराया जा रहा जिसका कोई हिसाब नहीं पंचायत के जनप्रतिनिधि के द्वारा ग्रामो की किसी काम को लेकर प्रशासन से मिलो तो फंड नहीं होने का हवाला दे दिया जाता है ग्रामीणों को खाली हाँथ लौट ना पड़ रहा है!ऐसे मे चुने हुए जनप्रतिनिधि अपने पंचायतो मे मुलभुत जरुरी कार्य कैसे करवा पाएंगे डीएमएफ फंड बस्तर के लोगों का हक है। शिक्षा और विकास के नाम पर बंदरबांट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम सभाओं और स्थानीय समुदायों को फंड के उपयोग में शामिल किया जाए, ताकि कोई गड़बड़ी न हो सके।÷यदि डीएमएफ फंड के दुरुपयोग किया जा रहा है, तो दोषियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत तुरंत मुकदमा दर्ज हो। चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली हो, कानून से ऊपर कोई नहीं है।÷बस्तर में शिक्षा के लिए डीएमएफ फंड का उपयोग स्कूलों की स्थिति सुधारने, शिक्षकों की भर्ती और बच्चों के लिए बेहतर संसाधनों में होना चाहिए, न कि निजी एजेंसियों के जरिए हेराफेरी में। हम मांग करते हैं कि फंड का 100त्न उपयोग बच्चों के भविष्य बस्तर के विकास,और मुलभुत सुविधा के लिए हो।

### पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करें दंतेवाड़ा प्रशासन

डीएमएफके हर खर्च का हिसाब समयबद्ध तरीके से सार्वजनिक हो, ताकि भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश न रहे?डीएमएफफंड के दुरुपयोग पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। अगर वह बस्तर की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना चाहते हैं, तो पहले भ्रष्टाचार की जड़ें काटें और दोषियों को सजा दिलाएँ।सरकार ने 10 लाख तक के कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया अनिवार्य की थी, लेकिन 20 से 40 लाख और करोड़ो तक के कार्य बिना टेंडर के दिए जा रहे हैं। इसका सीधा सीधा उदाहरण ष्ठस्स्र से( बी. आर. सी )विभाग को एजेंसी बनाकर करोड़ों का बन्दर बाँट चल रहा है!क्या प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है या अनजान होने का ढोंग चल रहा किसके कहने पर बिना टेंडर के करोड़ों के कार्य कराये जा रहे है जवाब दे प्रशासन?यह नीति का खुला उल्लंघन है!और सरकारी प्रक्रियाओं में गंभीर अनियमितता को दर्शाता है। ऐसी प्रथाएँ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती हैं और जनता के विश्वास को ठेस पहुँचाती हैं!卐20 से 40 लाख तक के कार्यों का बिना टेंडर के आवंटन छोटे और स्थानीय ठेकेदारों के लिए अन्यायपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि टेंडर प्रक्रिया को सख्ती से लागू करे और छोटे ठेकेदारों को समान अवसर दे।卐बिना टेंडर के 20 से 40 लाख तक के कार्यों के आवंटन की तत्काल और स्वतंत्र जाँच होनी चाहिए। ऐसी अनियमितताओं के जिम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाए और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। 卐सभी निर्माण कार्यों, चाहे उनकी राशि कितनी भी हो, किसी भी कार्य के लिए निविदा प्रकृया का उपयोग अनिवार्य होना चाहिए। यह पारदर्शिता बढ़ाएगा और भ्रष्टाचार को रोकेगा।

## गुरुपूर्णिमा श्रद्धापूर्वक मनाई

### भक्तजनों ने श्री सांई बाबा का अभिषेक, हवन पूजन किया

**भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश।** नगर सहित क्षेत्र में गुरुपूर्णिमा पर्व श्रद्धापूर्वक मनाई गई। स्थानीय श्री सांई मंदिर में मंगलवार को सुबह से भक्तजनो के द्वारा श्री सांई बाबा का अभिषेक हवन पूजन के साथ ही प्रसादी वितरण किया गया। सुबह से शाम तक मंदिरों में भजनकीर्तन की आवाज गूंजती रही।बता दे कि सनातन धर्म में गुरु और शिष्य की परंपरा आदिकाल से ही चली आ रही है। तभी तो संत करीबदास लिखते है कि ÷ गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाये, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो मिलाये।पंडित अविनाश महाराज ने बताया कि आषाढ़ पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा और वेद व्यास जयंती के नाम से भी जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु पूजन और आशीर्वाद लेने का विशेष महत्व होता है। वैसे तो हर माह की पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है लेकिन आषाढ़ माह की पूर्णिमा गुरु को समर्पित होती है। इस दिन शिष्य अपने गुरुओं का आभार व्यक्त करते हुए उनका नमन करते हैं। गुरु ही व्यक्ति को अज्ञानता से निकालकर प्रकाश रूपी ज्ञान की तरफ ले जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस तिथि पर

महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ है। वेद व्यास जी ने पहली बार इस जगत को चारों वेदों का ज्ञान दिया था। महर्षि वेदव्यास को प्रथम गुरु की उपाधि दी गई हैं।

महाराज जी ने कहा कि जीवन मे अनेक गुरु मिलते है जिसके मार्गदर्शन से हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ते जाते है। वही दीक्षा देने वाले गुरु जीवन मे एक ही होता है।मंदिर समिति के अध्यक्ष निखिल शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष गुरुपूर्णिमा विशिष्ट संयोग के साथ गुरुवार को है। इस पावन अवसर पर

श्री साईबाबा मंदिर में गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया गया ।जिसमें प्रातः 10 बजे सद्गुरु साई नाथ महाराज का मंत्रों द्वारा अभिषेक कर नव वस्त्र आभूषण अर्पण किया गया।इसके बाद 11 बजे से सद्गुरु नाम पूजन व आहुति अर्पण यज्ञ महाआरती की जायेगी।

## मच्छर मारने पालिका करवा रही सार्वजनिक स्थलों में फॉगिंग

✷ नालियों में अब तक नहीं किया गया है एंटी लार्वा दवा का छिड़काव

**दंतेवाड़ा नवप्रदेश।** बारिश के मौसम में जल जनित कई संक्रामक बीमारियों का खतरा हमेशा बना रहता है। मच्छरों के पनपने से तमाम प्रकार के फ्लू से भी लोग ग्रसित हो रहे है लिहाजा इसी के मददेनजर मच्छरों के आतंक से आमजनों को मुक्ति दिलाने इन दिनों नगर पालिका नगर के अलग अलग वार्डो में सार्वजनिक स्थलों पर फॉगिंग करवा रही है ताकि मच्छरों से लोगों को थोड़ी राहत मिल सके। बुधवार को नगर के बस स्टेंड एवं बैंक चौक में सार्वजनिक स्थलों पर फॉगिंग की गई। बता दें कि नगर पालिका की यह महती जिम्मेदारी बनती है कि नगर को साफ सुथरा एवं नालियों की हमेशा अनवरत सफाई होती रहे। मगर दुर्भाग्य से नगर की कई नालियां ऐसी है जिनकी निकासी है ही नहीं जिस कारण से नाली में भरा पानी एक ही जगह पर पड़े पड़े सडता रहता है

इन नालियों में मच्छर पनपते हैं जो इंसानों को काट लेने से कई प्रकार के जानलेवा बुखार हो सकते है। इन नालियों में एंटी लार्वा दवा का छिडकाव करना जरूरी होता है मगर पालिका ने ऐसी कोई व्यवस्था अभी नहीं की है। फॉगिंग तो कुछ स्थलों पर हुई है मगर नालियों में सड़ांध भरे दुर्गंध एवं नालियों में महिनों से एक जगह पर जमे ठहरे हुए गंदे पानी को निकालने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। सीएमओ पालदास ने आश्वस्त करते कहा है कि फॉगिंग के साथ ही नालियों में दवा का छिडकाव भी करवाया जाएगा।

## सीआरपीएफ के 170वीं वाहिनी ने कोंडापल्ली में लगाया चिकित्सा शिविर

❂ सुरक्षा बलों तथा स्थानीय समुदाय के बीच विश्वास और सहयोग को मिली मजबूती

**बीजापुर/ नवप्रदेश।।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 170 वीं वाहिनी ने बुधवार को कोंडापल्ली गाँव में एक विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को काफी राहत मिली। इस पहल का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना और सुरक्षा बलों तथा स्थानीय समुदाय के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करना था।

शिविर का उद्घाटन 170 बटालियन के कमांडेंट सरकार

राजारमन की उपस्थिति में हुआ। उनके साथ डॉ. सी. कन्नन (सीनियर मेडिकल ऑफिसर), अरुण कुमार (असिस्टेंट कमांडेंट), वासुदेव (असिस्टेंट कमांडेंट) और पृथ्वीराज शिंदे (असिस्टेंट कमांडेंट) सहित बटालियन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

इस चिकित्सा शिविर में कोंडापल्ली और आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय ग्रामीणों ने अत्यधिक उत्साह के साथ भाग लिया। लगभग 100 लाभार्थियों ने इस शिविर से चिकित्सा सहायता का लाभ उठाया। शिविर के दौरान चिकित्सा दल ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की पूरी तरह से जाँच की और उन्हें मुफ्त दवाइयाँ वितरित कीं। ग्रामीणों ने इस पहल की दिल से सराहना की और सीआरपीएफ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने बताया, ÷यह पहल सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों के बीच विश्वास और सहयोग के बंधन को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।÷

चिकित्सा शिविर के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों से बातचीत करते हुए अपनी आजीविका बढ़ाने में मदद के लिए कृषि उपकरणों जैसे गैंती, कुदाल, फावड़े और खेती के बीज के रूप में सहायता का भी अनुरोध किया।170 बटालियन, सीआरपीएफ ने आश्वासन दिया है कि वे स्थानीय ग्रामीणों के कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग हैं और भविष्य में भी ऐसी जन-कल्याणकारी गतिविधियाँ जारी रखेंगे। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में सफल रहा, बल्कि इसने समुदाय के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पेज 1 का शेष

**वोटर लिस्ट जांच पर...**

नारायण ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची को संशोधित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं एक ऐसे मुद्दे को उठाती हैं, जो 'लोकतंत्र की जड़ों' को प्रभावित करता है, जिसमें वोट देने का अधिकार शामिल है। याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है, वोट का अधिकार।

**क्यों जरूरी था बिहार में ...**

तो सवाल उठना स्वाभाविक है। यह डेटा गंभीर चिंताओं का कारण बन गया है। सवाल यह है कि क्या यह अवैध घुसपैठ का संकेत है? पूर्वोत्तर सीमाओं से सटे इन जिलों में बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ की आशंकाएं पहले से ही जताई जाती रही हैं। इतनी अधिक संख्या में अतिरिक्त आधार कार्डों का जारी होना इन संदेहों को मजबूत करता है। किसके नाम पर ये अतिरिक्त आधार बनाए जा रहे हैं? बिना दस्तावेजों के विदेशी नागरिकों को यदि अवैध रूप से आधार कार्ड दिए गए हैं, तो यह न सिर्फ चुनावी प्रक्रिया बल्कि सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग का भी बड़ा खतरा है। क्या यही कारण है कि विपक्ष और वामपंथी लॉबी आधार को नागरिकता का प्रमाण बनाने पर जोर देते हैं? क्योंकि अगर आधार नागरिकता का प्रमाण बनता है, तो ऐसे अवैध आधार कार्डधारी भी कानूनी रूप से भारतीय नागरिक बन सकते हैं।

**पांच देशों की सफल...**

सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस' से भी सम्मानित किया गया था। यह पीएम मोदी का 27वां वैश्विक सम्मान है, जो इस पांच देशों की यात्रा के दौरान मिला था। त्रिनिदाद एंड टोबैगो में उन्होंने भारतीयों के आगमन के 180 साल पूरे होने के उत्सव के दौरान संसद को संबोधित किया था। उन्होंने अपने संबोधन में विकासशील देशों के प्रति भारत के निरंतर समर्थन का जिक्र किया था।

**प्रधानमंत्री मोदी ने दी...**

सभी गुरुजनों को नमन करता हूं। भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य का संबंध शिक्षा-दीक्षा के साथ ही आजीवन मार्गदर्शन का माध्यम भी होता है। हमारे इतिहास में गुरुओं ने सदैव शिष्यों में नैतिक मूल्य, ज्ञान, आचरण, संस्कृति तथा मातृभूमि के प्रति निष्ठा का भाव जगाने का कार्य किया है। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले सभी गुरुओं को शुभकामनाएं देता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शुभकामनाएं दीं और इस दिन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित...**

पोक्सो अधिनियम आदि के मामले में त्वरित अनुसंधान, राज्यों में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की अद्यतन स्थिति, इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम 112 की अद्यतन स्थिति, पश्चिम बंगाल में जमीन अधिग्रहण में विलंब के चलते बीएसएफ के बटालियन और इसके सेक्टर मुख्यालय की स्थापना में हो रहे विलंब जैसे मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। झारखंड सरकार बैठक के दौरान केंद्र पर 1 लाख 36 हजार करोड़ के बकाए की दावेदारी एक बार फिर से पेश कर सकती है। इसके अलावा, मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि रिलीज करने का मुद्दा भी उठाए जाने की तैयारी है। बिहार और झारखंड के बीच विभाजन के बाद से ही लंबित चल रहे दायित्वों के पुनः निर्धारण और पेंशन संबंधी विवाद का मुद्दा भी बैठक में उठना तय माना जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दोनों राज्यों के महालेखाकारों को दोनों राज्यों को पेंशन की देनदारी के वास्तविक आंकड़े जुटाने का निर्देश दिया था। दोनों राज्यों के बीच पेंशन राशि के भुगतान एवं प्राप्ति संबंधी आंकड़ों के बीच एकरूपता नहीं होने को लेकर विवाद है।

**वार्ड तीन में डायरिया का प्रकोप...**

अभी तक पाइपलाइन में कहीं भी लिकेज दिखाई नहीं दिया है। स्वास्थ्य और निगम का अमला लगातार सभी क्षेत्रों में निगरानी रखे हुए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी कहा गया है जोन स्तर पर वार्ड में किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल जानकारी दें। स्वास्थ्य मितानीन भी आसपास के सभी क्षेत्रों में डायरिया संबंधित जागरुकता फैला रही हैं और आवश्यकता पडने पर हमसे सलाह लेकर काम कर रही हैं। स्थिति अभी नियंत्रण में है।

**शराब घोटाले में सरकार की...**

के इस मामले में 29 आरोपियों को ईओडब्ल्यू की ओर से समन जारी किया गया था, लेकिन गिरफ्तारी के डर से कोई भी आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुए। अब अदालत इन सभी आरोपियों को 20 अगस्त तक पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है। बीजेपी नेता नरेश गुप्ता ने इस मामले की शिकायत भारत सरकार तक पहुंचाई थी, जिसके बाद इस मामले की जांच के तेज आई और ये बड़ी कार्रवाई की गई है।

**ये 22 अधिकारी हुए ...**

इकबाल खान, पिता महूम मोहम्मद स्माईल खान, उम्र 56 वर्ष, जिला आबकारी अधिकारी।नितिन खंडुजा, पिता रवीन्द्र खंडुजा, उम्र 53 वर्ष, सहायक जिला आबकारी अधिकारी। नवीन प्रताप सिंग तोमर, पिता भगवान सिंह तोमर, उम्र 43 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी। मंजुश्री कसेर, पति रामचन्द्र सारस, उम्र 47 वर्ष, सहायक आबकारी अधिकारी। सौरभ बख्शी, पिता राजीव बख्शी, उम्र 41 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी। दिनकर वासनिक, पिता डॉ पीएल वासनिक, उम्र 42 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।मोहित कुमार जायसवाल, पिता रामलाल जायसवाल, उम्र 46 वर्ष, अधिकारी जिला आबकारी।नीतू नोतानी ठाकुर, पति मोहन दास नोतानी, उम्र 45 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।गरीबपाल सिंह दर्दी, पिता दिलबाग सिंह दर्दी, उम्र 59 वर्ष, जिला आबकारी अधिकारी।नोहर सिंह ठाकुर, पिता गौतम सिंह ठाकुर, उम्र 45 वर्ष, उपायुक्त आबकारी।सोनल नेताम, पिता एम. एस. नेताम, उम्र 36 वर्ष, सहायक आयुक्त, आबकारी।प्रकाश पाल, पिता सपन कुमार पाल, उम्र 44 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।अलेख राम सिदार, पिता मुरलीधर सिदार, उम्र 34 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।आशीष कोसम, पिता बृजलाल कोसम, उम्र 50 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारीराजेश जायसवाल, पिता हरीप्रसाद जायसवाल, उम्र 42 वर्ष, सहायक आयुक्त आबकारी।

**पहाड़ी से गिरी विशाल चट्टान...**

घटना के कारणों की जांच करेगा वन विभाग

इस घटना को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र उइके ने कहा कि मां बम्लेश्वरी पहाड़ी के पीछे दर्शन मार्ग में गिरी चट्टान और पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ करा दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं का आना-जाना बाधित न हो। उन्होंने बताया कि दो विशाल चट्टानों के गिरने से कई पेड़ जरूर धराशायी हुए हैं, चूंकि ये बड़ी चट्टान है, इसे हटाया नहीं जा सकता, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रथम दृष्टया यह प्राकृतिक आपदा का मामला प्रतीत होता है, लेकिन वन विभाग घटना के कारणों की जांच करेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

अंधाधुंध निर्माण नहीं रोका तो हो सकता है बड़ा हादसा- फिलहाल मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति का चुनाव चल रहा है, जिससे इतनी बड़ी घटना के बावजूद ट्रस्ट की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मंदिर संचालन और श्रद्धालुओं की व्यवस्था ट्रस्ट की जिम्मेदारी है, जबकि पहाड़ी और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी पर्यावरण मंत्रालय और संबंधित विभागों की है। बिना भू-वैज्ञानिक परीक्षण के पहाड़ी पर की जा रही खुदाई, बारूदी ब्लास्टिंग और अवैज्ञानिक निर्माण कार्यों पर पर्यावरण मंत्रालय और संबंधित विभागों को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। यदि पहाड़ी पर हो रहे अंधाधुंध निर्माण और प्रकृति से छेड़छाड़ को नहीं रोका गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

## न्यूज गैलरी

### यूथ कांग्रेस ने विधायिका का जन्मदिन बाल गृह में मनाया

**कांकेर / नवप्रदेश।** युवा कांग्रेस के द्वारा भानूप्रातपुर विधायक सावित्री मनोज मन्डावी के जन्मदिन के अवसर पर बाल गृह में जाकर छोटे बच्चो के साथ केक काटकार वा बच्चो को शैक्षणिक सामग्री वितरण करके जन्मदिन मनाया वा विधायक की दीर्घायु की कामना किया गया।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर जनपद सदस्य अनमोल मन्डावी चमन साहू पुर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एनएसयूआई सुरेश नाग जिला महासचिव युवा कांग्रेस नरसिंग तेता विधानसभा महासचिव तारस सिन्हा पुर्व विधानसभा एनएसयूआई निरजन भास्कर हर्षदीप कावड़े पवनकांगे विशाल ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा मंडल ने किया गुरुओं का सम्मान

**अंतागढ़।** आज गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अंतागढ़ द्वारा गुरुजनों का सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें अंतागढ़ विकासखंड के शिक्षक शिक्षिका का सम्मान किया गया ऐसे गुरु जो व्यक्ति को अज्ञानता से निकालकर प्रकाश रूपी ज्ञान की तरफले जाता है आषाढ़ माह की पूर्णिमा गुरु को समर्पित होती है इस दिन गुरुओं का सम्मान किया जाता है इसी तारतम्य में आज भाजपा मंडल अंतागढ़ द्वारा धीराजू राम देहरी (बैगा), सुरेश पटनायक (फुटबॉलर) चंद्रकला कुंजाम (गायन शिक्षिका) को श्रीफल देकर सम्मान किया गया जिसमें मंडल अध्यक्ष महेश उइके ,जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी,जनपद उपाध्यक्ष कुबाल सिंह भुसाकरे ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमल सिंह नरवाश ,पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र मरकाम ,मंडल महामंत्री कल्पना जैन ,मंत्री धर्मेंद्र वासनिकर ,पार्षद सांतनु मानकर, अशोक बघेल , यशोदा उसेंडी, गोलू महावे ,सतीश ठाकुर ,संदीप देहरी , यमुना पटेल , कृष्णा श्रीवास्तव ,सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### गुरुपूर्णिमा पर भाजपा ने किया सेवानिवृत व वरिष्ठ शिक्षकों के घर पहुंचकर सम्मान

**दंतेवाड़ा / नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गुरुपूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ एवं सेवानिवृत शिक्षकों का उनके निवासस्थान पहुंचकर शाल व श्रीफल भेंटकर, तिलक लगाकर सम्मान किया 7 सर्वप्रथम बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी जी के मुख्य पुजारी श्री हरेंद्र नाथ जिया जी के निवास पहुंचकर शाल,श्रीफल भेंट कर तिलक लगाकर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आशीर्वाद लिया, इसके पश्चात वरिष्ठ व् सेवानिवृत शिक्षक श्री गोवर्धन दास बैरागी,श्रीमती राजश्री चौहान,मोहम्मद कासिम,एल बी यादव,श्री माधव सिंह गौड़,श्री शर्मा व भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा सत्यनारायण ठाकुर के निवास पहुंचकर शाल व श्रीफल भेंटकर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गुरुपूर्णिमा पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी व आशीर्वाद प्राप्त किया 7 भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की गुरु ज्ञान के स्रोत ही नहीं जीवन की प्रेरणा भी हैं।शिक्षा, संस्कार और जीवन के उच्चतम मूल्यों का संचार करने वाले सभी गुरुजनों को गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर मेरा सादर नमन एवं आप सभी को गुरुपूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं।

# तबादले के बाद भी कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं आईसीडीएस का बाबू

■ **अंगद की पैर की तरह कार्यालय में डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से जमा है बाबू**




**दंतेवाड़ा / नवप्रदेश।** कुछ लोग सरकारी कुर्सी को अपनी जागीर समझ लेते हैं उनमें इतना घमंड और अहम आ जाता है कि फिर वे फिर सरकारी फरमान की भी नाफरमानी करने लगते हैं कुछ ऐसा ही मामला इन दिनों महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा में देखने को मिल रहा है। जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ एक सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी संतोष झा का स्थानांतरण रायगढ़ के लैलूंगा में हुआ है मगर झा बाबू हैं कि जाने को तैयार ही नहीं ना ही जिला कार्यक्रम अधिकारी उन्हें रिलीव करने के मूड में दिख रहे। तबादला आदेश के पखवाड़े भर बीत जाने के बाद भी सहायक ग्रेड 2 संतोष झा कार्यालय में अंगद के पैर की तरह जमे हुए हैं। कलेक्टर दंतेवाड़ा कुणाल दुदावत ने समय साप्ताहिक बैठक में स्पष्ट तौर पर सभी जिला अधिकारियों को ये कह चुके हैं कि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी का स्थानांतरण होने पर अधिकतम 3 दिवस के भीतर उसे भारमुक्त करना है। कलेक्टर के इस आदेश का मान-सम्मान भी जिला कार्यक्रम अधिकारी नहीं रख रहे हैं जो समझ से परे है।

मामला जिला महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा का है। बतात चलें कि आईसीडीएस के बाबू संतोष झा का पिछले दिनों रायगढ के लैलूंगा में स्थानांतरण हुआ था। जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेश का कहना है कि कोई रिलीवर नहीं आया इस वजह से रिलीव नहीं किया जा सका है। कुल मिलाकर कहें तो जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश और सहायक ग्रेड 2 संतोष झा की केमेस्ट्री काफी अच्छी है। फेविकोल की मजबूत जोड़ की तरह जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश और सहायक ग्रेड 2 संतोष झा सालों से दोनों एक दुसरे से जुडे हुए हैं इसलिए दोनों ही लोग यहां से कहीं जाना नहीं चाहते। इस मजबुत जोड़ को अब क्या ही समझा जाए। बता दें कि सहायक ग्रेड 2 संतोष झा करीब डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दंतेवाड़ा के आईसीडीएस कार्यालय में पदस्थ हैं। इस बीच एक दो बार इनका और भी तबादला हुआ था मगर तब भी यह बाबू ऐन केन प्रकारेण अपना तबादला रूकवा लिए थे। उनका कार्यकाल विवादों में भी रहा है। बार बार तबादला होने पर भी नहीं जाना कई संदेहों को जन्म देता है। आखिर ऐसा कौन सा सूरखाब का हीरा जड़ा हुआ है जिला महिला बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा कार्यालय के बाबू की कुर्सी में जिसे संतोष बाबू किसी कीमत पर छोडना नहीं चाहते? अभी हाल ही में दंतेवाड़ा तहसीलदार का भी स्थानांतरण हुआ था बिना रिलीवर के उन्हें एक तरफा भारमुक्त प्रशासन ने किया था। तहसीलदार सब रजिस्टार भी होते हैं उनके तबादले पर चले जाने एवं रिलीवर नहीं आने के चलते करीब 10 दिनों तक रजिस्ट्री संबंधी कोई काम लोगों का नहीं हो पाया जिससे आमनों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

➢दंतेवाड़ा 5वीं अनुसूची क्षेत्र वाला जिला है। शासन का यह निर्देश है कि 5वीं अनुसूची जिले में अगर किसी सरकारी कर्मचारी का तबादला होता है तो बगैर रिलीवर उसे भारमुक्त नहीं करना है हम तो बस शासन के इसी नियम का पालन कर रहे हैं इसमें क्या गलत है। रिलीवर आ जाए तो तुरंत ही भारमुक्त कर देंगे।

( वरूण नागेश)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग,
दंतेवाड़ा

# कलेक्टर ने की महिला बाल विकास विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा

➧ **कलेक्टर ने कहा- ई केवायसी और तकनीकी संबंधी दिक्कतों का जल्द किया जाएगा समाधान**

**कांकेर / नवप्रदेश।** महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की सिलसिलेवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप में बच्चों के आधार लिंकेज तथा फेस मैचिंग से संबंधित कतिपय व्यावहारिक एवं तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, जिनका समाधान करना शासन स्तर पर पत्राचार किया जाएगा। साथ ही जिला स्तर पर आवश्यक सुधार लाने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी। उन्होंने विकासखण्डवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी सेक्टर सुपरवाइजरों को जरूरी निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर 12.30 बजे आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के कोयलीबेड़ा और पखांजूर परियोजना कार्यालय अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में ई-केवायसी तथा फेस व आधार मैचिंग का प्रतिशत काफी कम है, जिसकी वजह से विभिन्न सुपोषण योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। इन क्षेत्रों के कुछ केन्द्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या होने के कारण पंजीयन करने में परेशानी हो रही है। इसके लिए उन्होंने तकनीकी परामर्श लेने की बात कही। साथ ही इस महत्वपूर्ण कार्य में रूचि नहीं लेने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा जिन केन्द्रों में आधार एवं फेस मैचिंग संबंधी ई-केवायसी नहीं हुआ है, ऐसे हितग्राहियों की सूची तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन ने बताया कि केंद्र शासन द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों की सभी हितग्राहियों को भी चेहरा पहचानने संबंधी कार्य कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस क्षेत्र हेतु सभी हितग्राहियों को अपना आधार अपडेशन कराने कथा मोबाइल नंबर आधार के साथ जोड़ने की अनिवार्यता है। आज कलेक्टर द्वारा ली गई विभागीय समीक्षा बैठक में सभी परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज सभी हितग्राहियों का एफआरएस कराने के निर्देश कलेक्टर के द्वारा दिए गए हैं। कलेक्टर के द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की गहन समीक्षा करते हुए उसमें आवश्यक प्रगति लाने तथा कठिनाइयों से जिला कार्यालय को अवगत कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से महतारी वंदन योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने का भी निर्देश दिया गया है। ज़िले में कुपोषण की स्थिति की समीक्षा करते हो गए अति गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कराकर उनके स्वास्थ्य में आवश्यक सुधार लाए जाने के भी निर्देश दिए गए। शून्य से 6 वर्ष के बच्चों, जिनका आधार नहीं बना है, उन्हें ग्राम पंचायतों तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जन्म प्रमाण पत्र जारी कराते हुए उनका आधार बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुरक्षित स्थान पर करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला कलेक्टर के द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों के हितग्राहियों का आधार अपडेट कराने तथा अन्य योजनाओं में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी गई है।उन्होंने बताया कि अब तक 78 प्रतिशत कुपोषित बच्चों को नजदीक के एनआरसी में भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या 17.22 प्रतिशत है। इसी तरह पूरक पोषण आहार, महतारी वंदन योजना।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आंगनबाड़ी केन्द्रों में परोसे जाने वाले गर्म भोजन, टीएचआर, महिला कोष, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना की प्रगति सहित जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड में प्रकरणों की क्रमवार जानकारी कलेक्टर को दी।

## कलेक्टर ने बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की

● **लगातार हो रही वर्षा की स्थिति पर निगाह रखने के दिए निर्देश**

**कांकेर / नवप्रदेश।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज राजस्व विभाग की बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में वर्तमान में हो रही लगातार वर्षा को दृष्टिगत करते हुए अपने-अपने अनुविभाग में सतत् मॉनिटरिंग करने एवं स्थिति पर नजर रखने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। इसके अलावा धान-बीज वितरण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत बच्चों के किए जा रहे आधार पंजीयन हेतु आवश्यक सहयोग करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज अपरान्ह 3.30 बजे आहूत बैठक में कलेक्टर ने सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समय में अपने कार्यालय में उपस्थित रहने तथा लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करें। उन्होंने सभी तहसीलों में वर्षामापी यंत्रों का समुचित रखरखाव और आवश्यकतानुसार दुरूस्त कराने के लिए तहसीलदारों को निर्देशित किया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे और अनुविभागीय अधिकारी कांकेर श्री अरूण वर्मा ने राजस्व विभाग से संबंधित सीमांकन बटांकन अविवादित नामांतरण व्यपवर्तन बंदोबस्त त्रुटि सुधार, नक्शा अद्यतीकरण, डिजिटल हस्ताक्षर, एफआरए की ऑनलाइन प्रविष्टि सहित विभिन्न तहसील न्यायालयों में लंबित राजस्व मामलों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने एवं ऑनलाइन एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से रूकमणी हो रही आर्थिक रूप से सशक्त

**नारायणपुर / नवप्रदेश।** जिले के ग्राम एड़का निवासी रूकमणी नाग, पति दिनानाथ नाग, जो खेती किसानी करके अपने एवं परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर रहे थे। जब उनको उद्यानिकी विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी मिली तब वे विभागीय योजनाओं के विस्तार से जानकारी ली और उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी मेहनत और विभागीय योजनाओं से मिले लाभ का नतीजा सामने आने लगा है। रूकमणी नाग ने उन्नत तकनीक से टमाटर, करेला एवं मिर्च की खेती शुरू किया, जिससे उनकी पहले की आय की अपेक्षा अधिक आय में वृद्धि हुई। किसान रूकमणी हमेशा धान की फसल लगाती थी। समय के साथ साथ उत्पादन में कमी आने लगी और लागत मे वृध्दि होने से आमदनी में कमी होती थी। उद्यानिकी विभाग द्वारा रूकमणी को उद्यानिकी फसल टमाटर, करेला एवं मिर्च की खेती करने का सुझाव दिया गया, जिससे रूकमणी के आमदनी में बढोत्तरी होने लगी है। रूकमणी को इस खेती से 70 हजार से अधीक रूपए की आमदनी प्राप्त हुई है और उनकी घर की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

## कोयलीबेड़ा की 52 ग्राम पंचायतों के 242 वार्डों में पंच पद को अपवर्जित करने का आदेश जारी

**कांकेर / नवप्रदेश।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ड) के तहत अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच पद हेतु आरक्षित पदों की अपवर्जन के लिए आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा (पखांजूर) की 52 ग्राम पंचायत में आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद नहीं होने के कारण पंच पद के आरक्षण का अपवर्जन किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत आलोर के 03 वार्डों में, प्रेमनगर के 07, द्वारिकापुरी के 06, यशवंतनगर के 05, बापूनगर के 05, कोयगांव के 03, विवेकानन्दनगर के 03, देवपुर के 08 कल्याणपुर के 05, रविन्द्रनगर के 04, हांकेर के 03, मायापुर के 09 और बैकुण्ठपुर के कुल 06 वार्डों का अपवर्जन किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रामकृष्णपुर के 07 वार्डों, हरिहरपुर के 04, चांदीपुर के 02, चाणक्यपुरी के 07, पित्तभोड़िया के 03, छोटेकापसी के 04, कृष्णनगर के 09, सत्यनगर के 05, ऐसेबेड़ा के 03, बलरामपुर के 04, भिंगीडार के 06, चंदनपुर के 05, श्यामनगर के 03, माटोली के 03, लखनपुर के 04, दुर्गापुर के 06, पेनकोड़ो के 05, इन्द्रप्रस्थ के 07, पुरूषोत्तमनगर के 08 वार्डों का अपवर्जन किया गया है। उदयपुर के 03, जयश्रीनगर के 06, वनश्रीनगर के 05, श्रीपुर के 05, मरोड़ा के 03, लक्ष्मीपुर के 02, जनकपुर के 04, विजयपुर के 05, पाड़ेंगा के 05, बान्दे कॉलोनी के 02, नागलदण्ड के 05, हनुमानपुर के 03, विष्णुपुर के 06, कुरेनार के 01, विकासपल्ली के 06, राधानगर के 07, गोविन्दपुर के 05, जानकीनगर के 04, स्वरूपनगर के 02 और ग्राम पंचायत ओरछागांव के 01 वार्डों में अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई भी सदस्य निवास नहीं करता है। उक्त ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच पद को अनुसूचित जनजाति के आरक्षण यथा स्थिति स्थानों या पद के आबंटन से अपवर्जित किया गया है। कलेक्टर के परीक्षण उपरांत 28 पंचायतों के 53 वार्डों में नहीं किया जाएगा अपवर्जन

इसी तरह कलेक्टर द्वारा जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा की 28 ग्राम पंचायतों के 53 वार्ड पंच पद के अपवर्जन संबंधी प्रस्ताव के परीक्षण उपरांत आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद होने के कारण अपवर्जन नहीं किए जाने के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा की ग्राम पंचायत मण्डागांव के 01, मदले के 02, विवेकानन्दनगर के 01, कल्याणपुर के 02, बैकुण्ठपुर के 02, रामकृष्णपुर के 03 तथा हरिहरपुर, सत्यनगर, बलरामपुर, गुड़बेड़ा एवं केसेकोड़ी के 01-01 और लखनपुर के 03 वार्डों में आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत इन्द्रप्रस्थ, माचपल्ली, मरोड़ा, लक्ष्मीपुर, शंकरनगर, पाड़ेंगा, कुरेनार, विकासपल्ली और उलिया के 01-01, ग्राम पंचायत ताड़वायली के 02, कंदाड़ी के 10, सितरम के 04, पानीडोबीर के 05, गोविन्दपुर के 01, जानकीनगर के 02 तथा स्वरूपनगर के 01 वार्ड में पंच पद हेतु आरक्षित वर्ग के मतदाता मौजूद हैं। इस आधार पर इन पंचायतों में वार्ड पंच के आरक्षण का अपवर्जन नहीं किया जाएगा।

# जनपद पंचायत सभाकक्ष में हुई सामान्य सभा की बैठक

**अंतागढ़/ नवप्रदेश।** बुधवार को जनपद पंचायत अंतागढ़ के सभाकक्ष मे जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मंडावी उपाध्यक्ष कुबल भूसाखरे जनपद सदस्य धन्तेश्वरी वटट्री, ज्योति उईके, सुमनलता आचला, शारदा उसेडी के अध्यक्षता में अध्यक्ष महोदया के अनुमति से सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमे विकासखंड अंतागढ़ के सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे वही बैठक के दौरान अध्यक्ष मनोरमा मंडावी उपाध्यक्ष कुबल भूसाखरे ने 1.अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण भ/स उपखंड अंतागढ़ वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य को जल्द जल्द पूर्ण करने निर्देशित किया गया पोण्डगांव के रोड़ किनारे नाली में मिटटी भरने से पानी जमा हो जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उसी प्रकार अंतागढ़ के सड़क निर्माण काराया जा रहा जो बीच में बस स्टैण्ड़ के बाहर में छोटे-छोटे गढडे में गिटटी डलवाने उपस्थित अधिकारी के द्वारा निरीक्षण कर रोड़ निर्माण कर रहे व संबंधित ठेकेदारों से बैठक कर त्वरित कार्यवाही करने का अश्वान दिया गया है।

2. कृषि विभाग में वर्तमान में संचालित योजनाएं के बारे में जैसे फसल बीमा, खाद, बीज, रखाव व उठाव की संबंध में अवगत कराया गया साथ ही माननीय उपाध्यक्ष के द्वारा वर्ष 2024-25 में पंजीकृत फसल बीमा की कितने लोगों को राशि मिला है उसकी सूची उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। उक्त कर्मचारी के द्वारा सूची उपलब्ध करायें जाने का अश्वान दिया गया है।

3. उद्यानिकी विभाग में वर्तमान में संचालित योजनाएं के बारे में फसल बीमा, पौधा रोपण, फेसिंग तार किसानों को सब्जी उत्पादन हेतु प्रतिहेक्टेयर के हिसाब से अनुदान 50 प्रतिशत दिया जाता है। ऐसे किसान जो लाभ लेना चाहते है वह किसान कार्यालय में उपस्थित हो कर जानकारी ली जा सकती है। 4. पशुधन विभाग में वर्तमान में संचालित योजनांए के बारे में कुक्कुट पालन, बकरी पालन, टीकाकरण, अन्य संबंधी जानकारी दी गई ।

5. पीएचई विभाग में संचालित योजनाएं के बारे में वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य जल जीवन मिशन अंतागढ़ हर घर पानी पहुंचाना उदेश्य है सभी माननीय अध्यक्ष्य उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा जल जीवन मिशन से चल रहे कार्य हर घर पानी नहीं पहुंचने से समय सीमा में कार्य को पूर्ण नहीं कराने से नराजगी जाहिर की गई। बंद पड़े कार्य या प्रगतिरत् कार्य को जल्द जल्द पूर्ण करने निर्देशित किया गया है।

6. विद्युत विभाग में संचालित योजनाएं के बारे में पी.एम. सूर्य योजना, अन्य विभागीय जानकारी दी गई तथा सब स्टेशन ताड़ोकी में स्थापित किया जाना था जमीन उपलब्ध नहीं होने विवादित होने के कारण नहीं बना है, ग्राम मड़पा में सब स्टेशन के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। साथ राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जा चूका है, स्वीकृति मिलने से कार्यवाही की जावेगी।

## जिले के 4 हजार 351 किसानों को 25 करोड़ 66 लाख रुपए से अधिक का ऋण वितरण

❺ **किसानों को 2041.365 हजार मेट्रिक टन खाद वितरण**

**नारायणपुर,/ नवप्रदेश।** जिले में खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर खेती-किसानी ने जोर पकड़ लिया है। जिला प्रशासन किसानों को खाद और बीज की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने में लगातार जुटा हुआ है। किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जिले में खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज का भंडारण कर लिया गया है।जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नारायणपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस खरीफ सीजन के लिए 40 करोड़ रुपये का कृषि ऋण वितरण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 4 हजार 351 किसानों को कुल 25 करोड़ 66 लाख 38 हजार रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है। प्रशासन की इस सक्रियता से जिले के किसान खरीफ फसलों की बुवाई को लेकर उत्साहित हैं। ऋण और संसाधनों की उपलब्धता से खेती के क्षेत्र में अच्छी प्रगति की उम्मीद जताई जा रही है।जिले में खरीफ सीजन को लेकर किसानों की तैयारियाँ जोरों पर हैं। प्रशासन द्वारा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी व एमओपी सहित कुल 2,579.740 मेट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से अब तक 2,041.365 मेट्रिक टन खाद किसानों को वितरित किया जा चुका है। इसी प्रकार बीज वितरण की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। अब तक 1,358.900 मेट्रिक टन बीज का भंडारण किया गया है, जिसमें से 1,318.400 मेट्रिक टन बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है।

## बोरी में फिर इस बारिश में बह गई मुरुम की सड़क, टूटा पुल, आवागमन बंद

# राहत और आफत की दो तस्वीरें : सावन का स्वागत करते छलका तांदुला एनीकट

**बालोद/नवप्रदेश।** हिन्दू पंचांग के अनुसार आज 11 जुलाई से सावन मास की शुरुआत हो रही है। मान्यता है कि पूरे सीजन में सबसे ज्यादा बारिश सावन में ही होती है। वैसे तो बालोद जिले में सावन लगने के तीन पहले से बारिश जारी है, इस बारिश के कारण कहीं राहत तो कहीं आफ्त की खबरें भी सामने आ रही है। खासकर ग्रामीण इलाकों में सड़क, पुल आदि टूटने आदि की समस्या आ गई है तो आवागमन तक अवरुद्ध हो गए हैं। इस बीच तांदुला नदी में सुंदरा (जगन्नाथपुर) और देवीनवागांव (लाटाबोड़) के बीच एनिकट अब छलकने लगा है। जिसका नजारा देख ऐसा लग रहा मानो ये नदी सावन का स्वागत कर रही हो। तीन दिनों की झमाझम बारिश के साथ सावन के पहले दिन ही छलकते इस नदी से मनमोहक नजारा बन गया है। एनिकट अब ओवरफ्लो हो चुका है,इसके साथ ही एक मनमोहक नजारा देखने को मिल रहा है। पास में ही एक ओवर ब्रिज है ,जहां से इस नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

ओवरफ्लो के बाद इसकी सुंदरता और भी बढ़ जाती है। कल- कल झरनों सी बहती पानी की ध्वनि लोगों को आकर्षित करती है तो वही बरसात का पानी खेतों, छोटे-छोटे नदी नालों से बहते हुए तांदुला के इस बड़ी नदी में आकर समाहित होती है, जिसके कारण पानी का रंग चाय की तरह नजर आता है। लगभग 700 मीटर लंबाई के इस एनिकट में ओवरफ्लो का दृश्य हर साल बरसात में देखने को मिलता है और बारिश के सीजन में कई दिनों तक यह स्थिति बनी रहती है।

**इधर बाढ़ ने तबाह किया रास्त, हर साल की तरह इस बार भी बोरी नाला टूट कर बहा, आवागमन बंद** : लगातार बारिश से कहीं राहत की खबरें है तो कहीं नुकसान भी देखने को मिल रहा है। ऐसा ही कुछ नजारा लाटाबोड़ से हल्दी पसौद मार्ग पर है, जहां ग्राम बोरी में सेमरिया नाले पर एक बार फिर रपटा नुमा पुल बह जाने से आवागमन अवरुद्ध हो गया है। एक दिन पहले तक दोपहिया वाहन जैसे तैसे इस रास्ते से पार हो रहे थे लेकिन लगातार नाले में बढ़ते जल स्तर से पुल को बचाए रखने के लिए डाला गया मुरूम का ढेर भी अब बह चुका है, जिससे एक बार फिर से इस मार्ग से आवागमन बंद हो चुका है। टूटे पुल से कोई हादसे का शिकार ना हो जाए, रात में कहीं कोई गड्ढे पर जा ना गिरे इसलिए थोड़ी दूर पहले से ही सड़क पर घेरा करके लोगों ने रास्ता बंद कर दिया है। इससे आसपास के लगभग 20 गांव का संपर्क एक दूसरे से कट गया है। हर साल यह स्थिति देखने को मिलती है। कई साल से ग्रामीण यहां ओवरब्रिज बनाने की मांग कर रहें लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई है। सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है।

### जिले में अब तक बारिश की स्थिति आँकड़े मिमी. में

| तहसील - | कल की बारिश - | अब तक हुई बारिश |
|---|---|---|
| गुंडरदेही - | 47.9 - | 285.5 |
| बालोद - | 119.6 - | 393.7 |
| गुरुर - | 43.4 - | 372.7 |
| डौंडीलोहारा- | 69.3 - | 261.6 |
| डौंडी - | 17.2 - | 329.4 |
| अर्जुंदा - | 76.1 - | 328.4 |
| देवरी - | 59 - | 240.5 |
| औसत - | 61.8 - | 316 |

### कल भी अच्छी बारिश की उम्मीद

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण झारखंड और उसके आसपास स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर सूरतगढ़, भिवानी, अलीगढ़, बांदा, डाल्टनगंज, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश से झारखंड तक, उत्तर मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ होते हुए 0.9 ्रद्व ह्लश्च 1.5 ्रद्व तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से दक्षिण झारखंड तक, दक्षिण गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 4.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पश्चिम असम से विदर्भ तक, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 11 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की भी संभावना ह। भारी वर्षा का क्षेत्र मध्य छत्तीसगढ़ के बालोद सहित अन्य जिले संभावित है। वहीं 16 जुलाई से वर्षा की गतिविधि में कमी होने की संभावना बन रही है।

---

## खरोरा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**महासमुंद/नवप्रदेश।** ग्राम खरोरा में गुरु पूर्णिमा का पर्व पर महर्षि वेदव्यास गुरु का पूजा अर्चना किया गया। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि गुरु पूर्णिमा से जुड़ी कई धार्मिक मान्यताएं हैं, इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने चारों वेदों का विभाजन कर उन्हें व्यवस्थित किया था। वेदव्यास जी को 'आदि गुरु' भी कहा जाता है, और उनके सम्मान में ही इस दिन को व्यास पूर्णिमा के रूप से मनाया जाते हैं और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के अनुसार, भगवान गौतम बुद्ध ने बोधगया में ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहली बार सारनाथ में अपने पांच शिष्यों को उपदेश इसी दिन दिया था। यही कारण है कि बौद्ध समुदाय में भी यह दिन विशेष पूजा और ध्यान के साथ मनाया जाता है।

# गुरु पूर्णिमा पर विधायक ओंकार साहू ने निभाई गुरु-शिष्य परंपरा

### कहा गुरु के बिना, ज्ञान की रोशनी अधूरी

**धमतरी/नवप्रदेश।** आज धमतरी विधायक ओंकार साहू ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पोटीयाडीह , कोलयारी समेत विभिन्न आश्रमों में पहुंचकर गुरुजनों को श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अनमोल अवसर प्रदान है, जो हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए ज्ञान प्रदान करता हैं । जिससे हम सबके जीवन में सुख समृद्धि व शांति बनीं रहती हैं आगे उन्होंने कहा गुरु के बिना, ज्ञान की रोशनी अधूरी है 7 क्योंकि गुरु ही ज्ञान को जीवन में

उपयोग करना सिखाता है 7 आज आश्रमों में सुबह पूजा-पाठ किया गया। दोपहर 12 बजे से शाम तक श्रद्धालुओं को खीर व फल-फूल प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। इस अवसर पर आश्रम में दिन भर भक्तों की भीड़ हर्षोल्लास रहा। गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। मौके पर आश्रम के संचालनकर्ता संत त्रिलोकी साहेब जी धमतरी विधायक ओंकार साहू , मनोज साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आमदी , खोजुसाहू , साथ में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर नगर कांग्रेस कमेटी उतई के सदस्यों ने गुरुजनों से लिया आशीर्वाद

**उतई/नवप्रदेश।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज नगर कांग्रेस कमेटी

उतई के तत्वाधान में आदर्श नगर उतई कि शिक्षक श्री लालाराम साहू जी सुब्बा नायडू जी आयुष मजूमदार जी श्रीमती हेमलता देशमुख मीना वर्मा जी का श्रीफल एवं पेन भेटकर सम्मान किया गया एवं गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई प्रेषित कि गई इस दौरान नेता प्रतिपक्ष व पार्षद द्वारिका साहू राकेश साहू पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा तोशन साहू सुरता सिंग गढ़े पूर्व एल्डरमैन प्रेमनारायण साहू कांग्रेस कार्यकर्ता गण भावेश साहू तोरण ठाकुर धनंजय नेताम शेष कुमार साहू उपस्थित थे।

## अग्निवीर एवं अन्य सेना भर्ती करने वालों युवाओं के लिए शारीरिक प्रशिक्षण आयोजित

### ■ नगरी अंचल के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**नगरी/नवप्रदेश।** जिला प्रशासन धमतरी के मार्गदर्शन में नगरी विकास खण्ड सेना सेवा में रुचि रखने वाले युवाओं को बेहतर तैयारी का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 11 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक डमकाडीह मिनी स्टेडियम, नगरी में नि:शुल्क फिजिकल एवं मेडिकल ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किया जा रहा है।इस प्रशिक्षण शिविर में सेना भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता, दौड़, बीम, लम्बी कूद, संतुलन अभ्यास सहित प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण अनुभवी भूतपूर्व सैनिकों एवं व्यायाम शिक्षकों के निर्देशन में आयोजित होगा। धमतरी कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से भूतपूर्व सैनिक द्वारा युवाओं को सेना भर्ती की प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा, जिससे वे आगामी भर्ती रैलियों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें,प्रशिक्षण शिविर पूर्णत: नि:शुल्क होगा,अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा,शारीरिक परीक्षण के सभी मानकों पर अभ्यास कराई जाएगी,कैम्प में प्रारंभिक मेडिकल चेकअप भी किया जाएगा। नगरी कॉलेज में विगत दिनों हुए अग्निवीर सेमिनार में सम्मिलित अभ्यर्थियों द्वारा जिला प्रशासन से मांग की गई थी की नगरी विकासखंड में भी अन्य विकासखंड की तरह फिजिकल प्रशिक्षण प्रदान की जाये, जिस मांग को जिला प्रशासन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए यह 5 दिवसीय कैम्प लगाई जा रही है।

## किराना दुकान व्यवसायी को पांच लोगों ने पीटा

**महासमुंद/नवप्रदेश।** ग्राम कौड़िया के एक किराना दुकान संचालक से पांच लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को ग्राम कौड़िया निवासी कार्तिकराम ठाकुर (60) ने बताया कि 8 जुलाई को वह अपनी किराना दुकान में बैठा था। रात लगभग 9 बजे बाइक से विजय निषाद, विसंभर निषाद, धनवंत ठाकुर व बाइक क्रमांक सीजी 06 जीपी 4810 का चालक व राधे बरिहा किराना दुकान में घुस गए। इस पर उसने उन्हें मना किया। तब दुकान से बाहर खींचकर उक्त लोगों ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 296, 115(2), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## समारू नेताम का निधन

**नगरी/नवप्रदेश।** वरिष्ठ कांग्रेसी व आदिवासी ध्रुव गोड समाज उपक्षेत्र नगरी के पूर्व अध्यक्ष समारू

नेताम निवासी रानी दुर्गावती चौक नगरी का असामयिक निधन 09.07.2025 दिन बुधवार को दोपहर 1:00 हो गया है जिसमे वह आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज नगरी नगर के 10 वर्षों तक अध्यक्ष थे और अपने कार्य का निर्वाह किया था जिसमे उनकी अंत्येष्टि दोपहर सामाजिक गण बड़ी संख्या विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## नेशनल लोक अदालत तैयारियों के सबंध में अधिकारियों और बैंकर्स की बैठक

**महासमुंद/नवप्रदेश।** उच्चतम न्यायालय और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मंशानुरूप नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 सिंतबर 2025 दिन शनिवार को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव कु आफरीन बानो ने अपने विज्ञप्ति में बताया कि बढते प्रकरणों तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के उददेश्य से आगामी 13 सिंतबर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के तैयारियों के संबंध में आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्रीमती अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय के वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में प्री.लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों और बैकों के शाखा प्रबंधकों की बैंठक ली गई।

नेशनल लोक अदालत के संबंध में आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री संघपुश्पा भतपहरी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश (एफ्टीसी) श्रीमती मोनिका जायसवाल की उपस्थिति में प्रीलिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा महासमुंद स्थित विभिन्न बैकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। बैंक के शाखा प्रबंधकों से पूर्व लोक अदालत में प्रस्तुत किए गए प्रकरणों की स्थिति तथा वर्तमान में प्रस्तुत करने वाले प्रकरणों की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक प्रकरण रखकर ऐसे प्रकरणों को आपसी सुलह के माध्यम से निराकरण किया जा सके।

# मदाड़ी में मेगा हेल्थ कैंप का सफल आयोजन

**किरंदुल/नवप्रदेश।** आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी किरन्दुल द्वारा ग्राम पंचायत भवन मदाड़ी मंझारपारा में गुरुवार मेगा हेल्थ कैंप का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया।इस शिविर में प्राथमिक एवम माध्यमिक शालाओं के बच्चों एवम ग्रामीणों सहित कुल 180 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना था।निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ और जाँचः शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने रक्त शर्करा स्तर,बीपी, मलेरिया और मौसमी बीमारी की जांच की गई साथ ही सभी को निःशुल्क

दवाइयां का वितरण किया गया,जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी मिली।एएमएनएस का यह प्रयास क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ, जहां सीमित स्वास्थ्य सेवाओं के बीच लोगों को सही समय पर जांच और उपचार प्राप्त हुआ। शिविर में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया और उन्हें बीमारियों से बचाव के उपाय बताए।स्थानीय निवासियों ने एएमएनएस के इस पहल की सराहना की और आग्रह किया कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन आगे भी किया जाए,ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।इस शिविर में एएमएनएस सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश,पूर्णिमा,रोमा,स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## पत्नी की हत्या, पति को आजीवन कारावास

**महासमुंद/नवप्रदेश।** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पंकज आलोक तिर्की ने कोटेनदराह निवासी बिशीकेशन पाइक को धारा 302भादसं, हत्या के अपराध के लिए आजीवन कारावास और 500 रुपए अर्थदंड, धारा 201 भादसं के अपराध के लिए 2 वर्ष तथा धारा 203 भादसं के अपराध के लिए 1 वर्ष के कठिन कारावास की सजा सुनाई। सरायपाली पुलिस ने 19 जुलाई 2020 को वार्ड नंबर 2 वीरेंद्र नगर सरायपाली के किराए के मकान में पत्नी सुरेन्द्री पाइक की गला दबाकर हत्या करने को लेकर उसके खिलाफ हत्या और अपराध छिपाने के लिए शव को जमीन में दफ्नाने, साक्ष्य को छिपाने जैसे अपराध के लिए प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया था।

## निकाय कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर चौथे दिन भी किया विरोध

### ■ शासन की नीतियों का विरोध, फिर भी दे रहे हैं अपनी सेवाएं

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले भर के नगरीय निकाय के कर्मचारी आज चौथे दिन भी शासन की कर्मचारी अहितैषी नीतियों का विरोध करते हुए काली पट्टी लगाकर दफ्तरों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष जयाकिशन सोनी ने बताया कि हमारे विरोध प्रदर्शन से जनता को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है हम शांतिपूर्ण अहिंसात्मक तरीके से अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षण करा रहे हैं।

नगर पालिका कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेश तिवारी का कहना है प्रदेश कर्मचारी संघ के आह्वान पर ही स्थानीय निकाय में भी शासन की नीतियों का विरोध करने के लिए कर्मचारी काली पट्टी लगाकर कार्यालय में काम कर रहे हैं। बाद 5:30 बजे नगर पालिका परिषद के बाहर मुख्य द्वार पर अपनी मांगों को लेकर नारे लगाते हुए आवाज बुलंद कर रहे हैं। तिवारी ने बताया कि कार्यालय में सभी काम सुचारू रूप से जारी है। इस विरोध प्रदर्शन से जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है हम शांतिपूर्ण, अहिंसात्मक तरीके से शासन के कर्मचारी अहितैषी नीतियों का विरोध करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं और अपनी बहुत महत्वपूर्ण मांगों को लेकर ध्यान आकर्षण करा रहे हैं। हम मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री से निवेदन करते हैं कि हमारी महत्वपूर्ण मांगों को अति शीघ्र पूर्ण करें।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक आज

**नगरी/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सरकार से कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी को लागू करवाने के लिए ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर फिर एक आंदोलन करने की चेतावनी दी है जिसमें 16 जुलाई को ब्लॉक स्तरीय वादा निभाओ रैली एवं 22 अगस्त को जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन आंदोलन होगा इस परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक स्तर पर रणनीति तैयार करने हेतु दिनांक 10 जुलाई गुरुवार को 4:00 बजे बी आर सी कार्यालय नगरी में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी की महत्वपूर्ण बैठक रखीगई है जिसमें समस्त कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष, पदाधिकारी शामिल होगे।

### जताया आभार... महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री के प्रति जताया आभार

# धमतरी नगर निगम क्षेत्र को मिली 257 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति

**धमतरी/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत धमतरी नगर निगम को 257 नए आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर नगर निगम महापौर श्री रामू रोहरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव एवं विजय शर्मा जी के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया है।

महापौर श्री रोहरा ने इसे धमतरी नगरवासियों के लिए एक ऐतिहासिक सौगात बताते हुए कहा कि प्रदेश में वर्तमान सरकार के गठन के बाद से ही आमजन की जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध इस शासन ने योजनाओं के क्रियान्वयन की गति को नया आयाम दिया है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिली यह स्वीकृति उन सैकड़ों परिवारों के लिए आशा की नई किरण है, जिनके सिर पर आज भी स्थायी छत नहीं है। अब ये परिवार अपने पक्के घर के सपने को साकार होते देख सकेंगे।

महापौर ने बताया कि नगर निगम लगातार प्रयासरत रहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ धमतरी की जनता को मिले। इस स्वीकृति से यह साबित होता है कि सरकार आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुन रही है और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठा रही है।

रोहरा ने कहा कि धमतरी नगर निगम राज्य शासन के मार्गदर्शन में जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी नगर को और अधिक विकासपरक योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा, जिससे शहर का समग्र विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

## न्यूज गैलरी

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज

**लखनपुर/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में नरसंहार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है इसी कड़ी में गुरुवार की तड़के दोपहर तकरीबन डेढ़ बजे नगर लखनपुर के रिहायशी क्षेत्र से गुजरने वाली अम्बिकापुर बिलासपुर मुख्य मार्ग में एक मोटरसाइकिल सवार को अम्बिकापुर के तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने जबरदस्त ठोकर मार दिया जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी शशि कांत सिन्हा ए एस आई रवि सिंह अन्य थाना स्टाप घटना स्थल पहुंचे मौका मुआयना करते हुए। मकतुल युवक की शिनाख्त करनी चाही परंतु मृतक की पहचान तुरंत में नहीं हो सका। पुलिस युवक के शव को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्चुरी में रखवा दिया है। मृतक के मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीपी 4211 के डिग्गी में प्राप्त आधार कार्ड नम्बर से मृतक युवक की पहचान चरन सिंह आ0 बंधू राम जाति गोंड उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम पोतका के रूप में हुई है। पुलिस दुर्घटना कारित खूनी अज्ञात वाहन को सीसी फुटेज में तलाश रही है। आसपास लगी सीसी फुटेज में एक ट्राला युवक को पीछले चक्के में रौंदते हुए सड़क में गुज़रते नजर आ रही है । बहरहाल लखनपुर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम का किया आयोजन

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था परिसर में 50 से अधिक आम, अनार, जामुन, कटहल, गुलमोहर, ऑवला, अमरूद आदि जैसे फलदार एवं छायादार पौधे का रोपण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी मां के नाम लगाये पौधों की देख-रेख एवं संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ एस.पी.मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया तथा कहा कि पूरी सृष्टि प्रकृति और पर्यावरण पर निर्भर है। जीवन में मनुष्य एवं जीव-जन्तु के लिए वायु, जल एवं भोजन की आवश्यकता होती है और ये सभी चीजें हमें पर्यावरण से ही मिलता है। इनके बिना सृष्टि एवं जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इस प्रकृति से हम बहुत कुछ लेते हैं तो हमारा भी प्रकृति के लिए कुछ कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस कार्यशाला के दौरान संस्था के व्याख्याता श्री उमा शंकर यादव, श्री राजेश कुमार, श्री सुनील कुमार सिंह, तथा अन्य सभी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल जरहागांव में शिक्षकों की कमी पर हंगामा, पालकों और छात्रों ने जनदर्शन में की शिकायत

# शिक्षकविहीन स्कूल में बच्चों का भविष्य संकट में, 240 से घटकर 70 हुए विद्यार्थी

**मुंगेली/नवप्रदेश।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जरहागांव में शिक्षकों की कमी से नाराज पालकों, छात्रों और जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को जनदर्शन कार्यक्रम में प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई।

बच्चे स्कूली ड्रेस में अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी व्यथा रखी। पालकों ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो चुका है, लेकिन विद्यालय में अब तक स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई है। इससे बच्चों की पढ़ाई लगभग ठप हो चुकी है और उनका शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है। विद्यालय में पिछले दो वर्षों से बिना वेतन सेवा दे रहीं शिक्षिका कौशल्या मोहले ने जनदर्शन में बताया कि उन्हें अब तक किसी भी प्रकार का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों के हित में उन्होंने निरंतर शिक्षण कार्य जारी रखा है, लेकिन अब विद्यालय में शिक्षकों और मूलभूत सुविधाओं की तत्काल जरूरत है। नगर पंचायत पार्षद धीर सिंह बंजारे ने बताया कि स्कूल की शुरुआत से ही शिक्षक पद रिक्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण पालक बच्चों को ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) निकालने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में 240 छात्र थे, जो घटकर अब केवल 65-70 रह गए हैं। जनप्रतिनिधियों और पालकों ने यह भी कहा कि शिक्षा विभाग को कई बार इस विषय में अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो विद्यालय खाली हो जाएगा और आत्मानंद योजना का उद्देश्य विफल हो जाएगा।

## निष्ठा पांडेय और मेनका प्रधान को मिले अहम प्रभार

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कार्यालय में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्यबंटन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी को भू-अर्जन एवं भू-बंटन शाखा, भू-अभिलेख, चकबंदी एवं बंदोबस्त एवं खरीफ एवं रबी फसल कार्यक्रम, रीडर टू कलेक्टर, खाद्य शाखा, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला विपणन संघ, सहकारिता, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, खाद्य विभाग अंतर्गत जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के समस्त प्रकरण, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, परिसीमापक केन्द्रीय सहकारी बैंक का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर मेनका प्रधान को सहायक अधीक्षक (सा)/ सहायक अधीक्षक (रा) शाखा, जनसूचना अधिकारी एवं सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत स्वतः प्रेरित सूचनाओं के प्रकटीकरण हेतु उत्तरदायी अधिकारी, समय-सीमा बैठक, कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत आवेदनों की समीक्षा, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना संबंधी एवं संजीवनी कोष के प्रकरणों में आवेदनों पर हस्ताक्षर, 20 सूत्रीय कार्यक्रम शाखा, अल्पसंख्यक शाखा, आवक-जावक शाखा, लोक निर्माण विभाग (भ.ख्स.) लोक निर्माण विभाग (सेतु), राष्ट्रीय राजमार्ग के योजना एवं भू-अर्जन से संबंधित कार्य, अंत्यावसायी, अल्प बचत शाखा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय, नागरिकता एवं पासपोर्ट, भू-दान एवं यज्ञ मण्डल का प्रभारी अधिकारी के साथ ही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तथा अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए।

### शैक्षणिक गतिविधियों में बाधा और अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई

# स्कूल में बंद नशे की हालत में मिले प्रधान पाठक, शिक्षा विभाग ने किया तत्काल निलंबित

**मुंगेली/नवप्रदेश।** विकासखंड मुंगेली के शासकीय प्राथमिक शाला सिंघनपुरी में पदस्थ प्रधान पाठक सतनामदास पात्रे को नशे की हालत में स्कूल भवन के भीतर खुद को बंद करने और शैक्षणिक गतिविधि बाधित करने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुंगेली द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

मामला 9 जुलाई 2025 का है, जब सुबह 11:30 बजे अन्य शिक्षक स्कूल पहुंचे और पाया कि विद्यालय का दरवाजा अंदर से बंद है। काफी प्रयासों के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी स्वयं दोपहर 1230 बजे स्कूल पहुंचे और दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलते ही यह सत्य उजागर हुआ कि प्रधान पाठक नशे की हालत में थे। उन्हें तुरंत जिला चिकित्सालय मुंगेली भेजा गया, जहां मेडिकल जांच में नशीली पदार्थ सेवन की पुष्टि हुई। इस दौरान न केवल स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हुईं, बल्कि मध्यान्ह भोजन योजना जैसी राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन भी बाधित रहा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के अनुसार, प्रधान पाठक का यह व्यवहार छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 और नियम 23 का स्पष्ट उल्लंघन है, जो शासकीय सेवक के आचरण की गरिमा के विपरीत है। बावजूद इसके, जब उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया तो उन्होंने कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया। फलस्वरूप, उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा कार्यालय मुंगेली में रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की अनुशासनहीनता और कर्तव्य विमुखता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सावन माह शुरू शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना की तैयारियां जोरों पर

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सावन माह इस बार 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है, शिव जी के प्रिय माह के रूप में इसे जाना जाता है, शिव भक्त शिव मंदिरो में सावन माह में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी जिसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है नगर के प्राचीनतम मंदिर खेमगिर सहीत खर्रा घाट, सोनार पारा स्थित शंकर मंदिर में विशेष व्यवस्था की जा रही है भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए भक्त जलाभिषेक कर बेलपत्र एवं धतूरा अर्पित करेंगे।

भगवान शिव का प्रिय सावन मास इस बार 11 जुलाई से आरंभ हो रहा है। श्रद्धालु भक्तजन शिवालयों में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, और विशेष पूजा-पाठ की तैयारियों में जुट गए है। सावन के पहले सोमवार 14 जुलाई को अंचल के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। शिव भक्त कावंड यात्रा निकालेंगे, बाजार में भी गजब की रौनक होगी, फल-फूल से लेकर पूजन सामग्री की दुकानें सजने लगी है। सावन माह में सोमवार के व्रत और विशेष रुद्राभिषेक का सबसे अधिक महत्व है। मुंगेली के नंदी चौंक स्थित में पुजारी पंडित विरेन्द्र गोस्वामी बताते है कि सावन सोमवार को शिवलिंग पर स्नान कराकर बेलपत्र, कच्चा दूध, दही, शहद घी और गंगाजल से अभिषेक करने से मनोकामनाएं पूरी हाती है। इस दौरान ओम नमः शिवाय का जप और महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण जरूरी है, श्वेतगंगा और खर्राघाट स्थित शिव मंदिर मे भी भक्तजन भोलेनाथ को बेलपत्र, दूध धतूरा, और गंगाजल अर्पित कर परिवार की सुख-समृध्दि की कामना करेंगे।

**बेलपत्र, और धतूरे की मांग-** सावन महीने मे बेलपत्र, दूध, धतूरा, फूल-मालाओं और पूजा सामग्री की मांग तेजी से बढ़ गई। फूल विक्रेताओं का कहना है की आम, सेब, केला, नारियल और सीजनल फलों में काफी इजाफा होगा। शहर के गोलबाजार, नंदी चौक आदि जगहों में दुकाने सजने लगी है। **भक्तों में कावंड यात्रा का उत्साह-**कावंड यात्रा के लिए श्रध्दालु शहर के विभिन्न संगठनों के साथ सामूहिक रूप से पवित्र आगर नदी तट पर जल भर कर पैदल यात्रा कर शिव मंदिर तक पहुंचेंगे।

## राजनैतिक दलों की उपस्थिति में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में बैठक

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 01 जनवरी 2025 हेतु ऐसे मतदान केन्द्र जहां मतदाता संख्या 1200 से अधिक है उन मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण किये जाने के संदर्भ में आज राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 06-प्रतापपुर तथा विधानसभा 07-रामानुजगंज एवं 08-सामरी पूर्ण रूप से आते हैं। यह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01-सरगुजा के अन्तर्गत आता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 01 जनवरी 2026 में प्री रिवीजन एक्टिविटी अंतर्गत अधिकतम मतदाता संख्या (1200) आदि मानदंडों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने एवं मतदान केन्द्रों के विसंकुलन के लिए युक्तियुक्तकरण की तैयारी किया जाना है।

वर्तमान स्थिति में जिले में कुल 683 मतदान केन्द्र अवस्थित किये गए हैं तथा मतदाता संख्या के अनुसार जिले में 83 मतदान केन्द्र ऐसे हैं जिनमें 1200 से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं जो युक्तियुक्तकरण के दायरे में आते हैं। जिले के कुल 683 मतदान केन्द्रों में से 654 ग्रामीण मतदान केन्द्र एवं 29 शहरी मतदान केन्द्र स्थापित हैं। विधानसभा 06-प्रतापपुर में 144 मतदान केन्द्र, 07-रामानुजगंज में 274 मतदान केन्द्र तथा 08-सामरी में 265 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं। वर्तमान में 1200 से अधिक मतदाता वाले 83 मतदान केन्द्र हैं तथा 300 से कम मतदाता वाले 10 मतदान केन्द्र हैं। कार्यालय मुख्य निर्वाचन रायपुर के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए नये मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव, मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन प्रस्ताव, मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन के प्रस्ताव, मतदान केन्द्र के विलोपन के प्रस्ताव, मतदान केन्द्र के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव, मतदान केन्द्र के अनुभाग स्थानांतरण के प्रस्ताव, मतदान केन्द्रों के अनुभाग का नाम परिवर्तन का प्रस्ताव के संबंध में राजनैतिक दलों से औचित्य कारण सहित संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने हेतु आग्रह किया गया।

## गौवंश की क्रूरतापूर्वक तस्करी पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

**मुंगेली/नवप्रदेश।** जिले में गौवंश तस्करी के गंभीर मामले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को राजसात किया गया है। पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल के प्रतिवेदन के अनुसार 01 सितंबर 2024 को थाना कोतवाली अंतर्गत ट्रक में 09 नग गाय व 04 बछड़ों को क्रूरता पूर्वक परिवहन करते हुए पकड़ा गया था। इसमें से एक गाय की मौत हो गई थी। मामले में देवराज भोई नामक आरोपी द्वारा मवेशियों को बूचड़खाने ले जाने की पुष्टि हुई। प्रकरण की विस्तृत विवेचना में सामने आया कि आरोपी देवराज भोयां और अन्य सहयोगियों ने पशुओं को रस्सियों से बांधकर अमानवीय तरीके से ट्रक में ठूंस-ठूंसकर भरा गया। इस कृत्य से पशुओं को गंभीर चोटें आई और उनकी जान को खतरा उत्पन्न हुआ। मामले में पुलिस द्वारा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

## छात्रों की पढ़ाई में बाधा और अनुशासनहीनता पर कार्रवाई

### बिना सूचना के लंबे समय तक अनुपस्थित सहायक शिक्षक रितेश अग्रवाल सेवा से बर्खास्त

**मुंगेली/नवप्रदेश।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने विकासखंड मुंगेली के शासकीय प्राथमिक शाला चकरभाठा में पदस्थ सहायक शिक्षक पंचायत रितेश अग्रवाल को लंबे समय तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण सेवा से बर्खास्त किया है। यह निर्णय सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में विभागीय जांच रिपोर्ट और गवाही के आधार पर लिया गया। श्री अग्रवाल 13 सितंबर 2013 से लगातार अनियमित रूप से अनुपस्थित पाए गए। उनके खिलाफजनपद पंचायत मुंगेली द्वारा विभागीय जांच कराई गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि वह नियुक्ति के बाद से ही समय-समय पर अनुपस्थित रहते थे। तीन बार सुनवाई के अवसर दिए जाने के बावजूद वे संतोषजनक उत्तर और उपस्थिति दर्ज नहीं करा सके। बीईओ और बीआरसी समन्वयक द्वारा प्रस्तुत गवाहियों और विद्यालय की उपस्थिति पंजिका से यह पुष्टि हुई कि रितेश अग्रवाल छात्रों की पढ़ाई से लगातार दूरी बनाए हुए थे, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक माहौल प्रभावित हुआ और विद्यार्थियों की शैक्षणिक कार्य प्रभावित हुआ। उक्त प्रकरण में छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के तहत कार्रवाई करते हुए सामान्य प्रशासन समिति की अनुशंसा पर श्री रितेश अग्रवाल को सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की गई है।

## जनसहयोग से बना लक्ष्य से अधिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में जिले में मोर गांव मोर पानी अभियान का सुचारू रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जल के पुनरुपयोग के लिए जिले में जनभागीदारी और श्रमदान के माध्यम से 1 लाख 22 हजार 455 सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया।

जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के द्वारा मैदानी स्तर पर निगरानी ने अभियान को पंचायत स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लक्ष्य तय कर प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की। गांव में जिला पंचायत सीईओ स्वयं पहुंच सोख्ता गड्ढा निर्माण का अवलोकन किया और ग्रामीणों से संवाद कर अन्य लोगों को भी अभियान में जोड़ने प्रेरित किया साथ ही सोख्ता गड्ढा निर्माण में स्वयं भी भागीदारी दिखाई। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जिले में 1 लाख 20 हजार सोख्ता गड्ढा निर्माण का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें से जनसहयोग से 1 लाख 22 हजार 455 सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया। आमजनों ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। ग्राम पंचायतों में लोग सामुहिक रूप से सोख्ता गड्ढे बनाने में जुटे। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में सोख्ता गड्ढा निर्माण कर मोर गांव मोर पानी अभियान में शामिल होने समझाया। परिणाम स्वरूप जनसहयोग और श्रमदान के माध्यम से लक्ष्य से भी अधिक सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया गया। अभियान में किसी भी मशीनरी का सहारा न लेते हुए लोगों ने सोख्ता गड्ढा बनाने स्वयं खुदाई की, गड्ढों के चारों ओर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामाग्रीयों जैसे पत्थर, टूटे ईंट, रेत का उपयोग कर सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया गया। प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों एवं समूह की महिलाओं ने भी अपने घर-आंगन में सोख्ता गड्ढा निर्माण में सहभागीता दिखाई। लगातार घटते भूजल स्तर को देखते हुए यह प्रयास गांव की जल समस्या और सिंचाई व्यवस्था को सुधारने सोख्ता गड्ढा दीर्घकालीन समाधान बन सकता है और इससे भूजल स्तर में सुधार की उम्मीद भी बढ़ी है।

**योजना** | पीएम जनमन योजना से मिला आवास, अब टपकती छत नहीं, पक्के घर में आती है सुकून की नींद

# शासन की योजनाओं से संवर रहा पहाड़ी कोरवा का जीवन

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के उत्थान और उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र शासन द्वारा संचालित पीएम जनमन योजना इन परिवारों का सहारा बनी है।

इस योजना से लाभान्वित जिले के विकासखंड बलरामपुर पस्ता ग्राम पंचायत की निवासी कुंती पहाड़ी कोरवा अपने परिवार के साथ वर्षों से मिट्टी की दीवारों से बने एक जर्जर कच्चे घर में जीवन व्यतीत कर रही थीं। बरसात के दिनों में घर की हालत और भी दयनीय हो जाती थी। शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में उन्हें पक्का आवास निर्माण के लिए स्वीकृति मिली। जैसे ही पहली किश्त की राशि प्राप्त हुई, उन्होंने शासन की मदद से पक्का आवास बनवाया। हाल ही में आवास का निर्माण पूर्ण हुआ है, जो अब उनके परिवार के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल बन चुका है।श्रीमती कुंती पहाड़ी कोरवा भावुक होकर बताती है कि हम मजदूरी कर के किसी तरह जीवन जीते थे। पहले जो घर था, उसमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब जबसे पक्का मकान बन गया है, तो सुकून से सो पाते हैं। कुंती कोरवा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है कि उन्होंने हमारे पक्के आवास के सपने को सच कर दिया। केवल आवास ही नहीं, बल्कि अनेक योजनाओं का लाभ ले रही है कुंती कुंती कोरवा का जीवन केवल पक्के मकान तक ही सीमित नहीं है वे केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी ले रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत उन्हें व्यक्तिगत शौचालय की सुविधा मिली है, जिससे परिवार को अब खुले में शौच नहीं जाना पड़ता। प्रति माह निर्धारित मात्रा में निःशुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है, जिससे भोजन की चिंता काफी हद तक समाप्त हो गई है। आयुष्मान कार्ड होने से निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का अधिकार मिला है। किसी भी बीमारी की स्थिति में अब उन्हें उधारी की चिंता नहीं है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि भी प्राप्त हो रही है, जिससे परिवार के दैनिक व्यय सहित अन्य खर्चों में सहयोग मिल रहा है।

## समितियों में खाद की किल्लत किसान हो रहे हलाकान

**लखनपुर/नवप्रदेश।** खरीफ के सीजन में रासायनिक खाद की कमी होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच गई है। समितियों में खाद नहीं मिलने से अन्नदाता किसान काफी मायूस है। कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। कृषक जिस जोश उमंग के साथ खेती कार्य में लगने वाले थे मंसूबे पर पानी फिर गया है। लखनपुर समिति सहित दूसरे समितियों में भी खाद ग़ायब है लखनपुर समिति में आसपास ग्रामीण इलाकों से आये किसानों ने बताया -पूर्व में खाद की थोड़ा बहुत खाद की खेप आया था लेकिन हम खाद नहीं ले पाये और अभी मौजूदा वक्त में रोपा लगाना है तो समितियों में खाद ही नहीं है। वहीं बाजार में तो रासायनिक खाद उपलब्ध है। मजबूरी वश किसान ऊंचे किमत में खरीदने मजबूर हैं।ऐसे हालत में किसान खाद के लिए वर्ग त्रस्त है। रासायनिक खाद कमी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। खाद कमी से मुतालिक पूछे जाने पर लखनपुर समित प्रबंधक ने चन्द प्रताप ने बताया कि अपने पास 2146 क्विंटल यूरिया 350 क्विंटल पोटाश 242 बाटल यूरिया घोल उपलब्ध था।

# पर्यटन को बढ़ावा देने बस्तर में मानसून ट्रैक का आयोजन, गाइड कराएंगे भ्रमण

## मानसून ट्रैक: पर्यटकों को बस्तर की बरसात में प्राकृतिक खूबसूरती का अनुभव लेने का अवसर

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* *मानसून आते ही छत्तीसगढ़ राज्य की बस्तर जिला की प्रकृति अपने सबसे खूबसूरत रूप में नजर आती है। हरियाली, झरने और जंगलों का माहौल दिल को खुश कर देता है। इस मौसम में आप परिवार और दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने के साथ भरपूर मौज-मस्ती कर सकते हैं। अगर आप वीकेंड पर मौसम का मजा लेने के लिए कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो बस्तर जिले के प्राकृतिक जलप्रपात चित्रकोट, तीरथगढ़, चित्रधारा, मेंदरीघूमर, तामड़ाघूमर, बीजाकसा, मिचनार ये जगहें न सिर्फ प्राकृतिक खूबसूरती से भरपूर हैं, बल्कि यहां मानसून ट्रैक और फोटोग्राफी के लिए भी बेहतरीन माहौल है।*

मानसून ट्रैक में चिन्हाकित स्थलों के तहत चित्रकोट सर्किट में ट्रैकिंग के लिए चित्रकोट दंडामी रिसॉर्ट से प्रारंभ कर करबहार (मिनी गोआ) 2 किलोमीटर की दूरी में बोटिंग, वाटरफाल, शिवलिंग का दर्शन, जलप्रपात का ऊपर से नजारा दिखाया जाएगा। साथ ही मेंदरी घुमर से इंद्रावती नदी तक 3 किलोमीटर के ट्रैक में रिवर क्रासिंग जंगली इलाके में, मेंदरीघुमर से तामड़ाघुमर तक (7 किमी) में 150 फिट डाउनवर्डस ट्रैक , क्रोकोडाइल साइटिंग, सेंडबिच, बर्ड वाचिंग, प्राकृतिक स्वीमिंग एरिया, तीरथा से बीजाकसा (2.5 किमी) तक की ट्रैकिंग बोटिंग कैम्प, बोनफायर, ट्रायबल फूड, तीरथा गांव का भ्रमण सहित स्थनीय स्तर की पौराणिक कहानी की जानकारी दी जाएगी। बीजाकसा से मेंदरी तक (8 किमी) में वाटरफॉल, वैली व्यू, जंगली जानवर और पंक्षियों की साइटिंग का आनंद लिया जा सकेगा। इसके अलावा मिचनार हिल्स क्षेत्र में ट्रैकिंग भी करवाया जाएगा। बस्तर जिले में स्थित कांगेर वैली नेशनल पार्क के अधीन आने वाले टोपर वाटरफॉल का ट्रैकिंग, मड़वा वाटरफॉल का ट्रैकिंग, शिवगंगा ट्रैकिंग में जंगल एरिया के बीच जलप्रपात, झरना जंगली जानवर बर्ड वाचिंग करवाया जाएगा। कैलाश गुफा, कैलाश झील, गुड़िया पदर में गांव से जलप्रपात तक (4 किमी) तक ट्रैकिंग करवाई जाएगी। तीरथगढ़ वॉटरफॉल से रानीदरहा वाटरफॉल(3 किमी) तक में जंगल एरिया वाईल्ड लाइफ, बर्ड वाचिंग, मालकेव ट्रैक में मादरकोंटा से तीरथगढ़ (8 किमी) तक जंगलों के बीच ट्रैकिंग करवाई जाएगी। इसके अलावा जिले के माचकोट इलाके में स्थित झील और झरनों के नाम से प्रसिद्ध तिरिया में और माचकोट के जंगलों में भ्रमण करवाने की कार्ययोजना बनाई गई है।

### इन नंबरों पर करें संपर्क

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बस्तर जिले में पहली बार मानसून ट्रैक की थीम पर जिला प्रशासन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसके लिए यहां जुलाई से मानसून तक प्राकृतिक सौंदर्य वाले स्थानों पर ट्रैकिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने मानसून ट्रैक प्लान के तहत जिले के झरनों और जंगल-पहाड़ों के स्थानों पर पर्यटकों को आकर्षित करने वाले क्षेत्रों में प्रशिक्षित स्थानीय गाइडों के द्वारा भ्रमण करवाया जाएगा। बस्तर जिले में पर्यटकों के आवागमन हेतु विशाखापट्टनम से प्रतिदिन रेल सेवा संचालित है। साथ ही विमान सेवा के तहत हैदराबाद से प्रतिदिन, दिल्ली से सप्ताह में दो दिन की विमान सेवा उपलब्ध है। इसके अलावा जगदलपुर सड़क मार्ग से रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर सहित हैदराबाद, विशाखापट्टनम से नियमित बस की सुविधा से जुड़ी है। प्रशासन द्वारा मानसून ट्रैक कार्यक्रम को अन एक्सप्लोर्ड बस्तर के साथ मिलकर किया जा रहा है। मानसून ट्रैक के संबंध में जानकारी के लिए प्रशासन ने 9109188567 और 8962991988 संपर्क नंबर जारी किया है ।

## न्यूज गैलरी

### स्कूलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले के सरकारी स्कूलों को शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति के तहत लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सरकार की नई शिक्षा नीति को लागू किया जा रहा है। इसके अनुरूप बच्चों को अध्यापन करना है। यह नीति छोटे बच्चों को खेलो, कूदो और पढ़ो है। नई शिक्षा नीति के तहत, समलैंगिक सिद्धांतों के अनुरूप, समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। नई शिक्षा नीति के तहत समलैंगिक का उद्देश्य छात्रों को एक समग्र और समावेशी शिक्षा प्रदान करना है, जो न केवल शैक्षणिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करे, बल्कि छात्रों के रचनात्मक कौशल और सामाजिक-भावनात्मक बुद्धिमत्ता को भी विकसित करे। इस नीति में 15 से 18 वर्ष की आयु के छात्रों को शामिल करेंगें। कार्यशाला में, छात्रों और शिक्षकों को समलैंगिकता और जेंडर पहचान के बारे में जागरूक किया जाना है। नई शिक्षा नीति लैंगिक समानता का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को अधिक समावेशी बनाना है।

#### मथुरा में 5 और 6 जुलाई को आयोजित चैंपियनशिप में महिला और पुरुष वर्ग ने लहराया परचम

# स्टैंडबॉल में छत्तीसगढ़ बना चैंपियन सीवीआरयू के खिलाड़ी छाए रहे

*बिलासपुर/नवप्रदेश।* *मथुरा उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्टैंड बाल चैंपियनशिप में डॉ सी वी रमन विश्व विद्यालय के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत छत्तीसगढ़ की टीम ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। 5 और 6 जुलाई को आयोजित इस चैंपियनशिप में महिला और पुरुष वर्ग में विश्वविद्यालय चैंपियन रहा है। टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति और कुलसचिव ने पूरे टीम की सफलता पर शुभकामनाएं दी।*

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने बताया कि स्टैंड बॉल खेल जिसका जन्म बिलासपुर में हुआ है। इसकी राष्ट्रीय स्टैंड बाल जूनियर, सीनियर चैंपियनशिप मथुरा उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता 5 और 6 जुलाई 2 दिन के लिए आयोजित की गई। जिसमें चार राज्यों के पुरुष और महिला वर्ग में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान राजस्थान ,महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश की टीमें आपस में भिड़ी। विश्वविद्यालय से कुल 22 विद्यार्थियों में इस खेल में हिस्सा लिया। जिसमें 13 छात्राएं और 9 छात्र हैं। पुरुष वर्ग की टीम ने मध्य प्रदेश से चार एक से मैच जीता है। इसी तरह महिला वर्ग में 3-1 एक से मैच जीता है। उन्होंने बताया कि यह बात बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि पिछले तीन वर्षों से इस प्रतियोगिता में डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय की टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा हमेशा बनी रहेगी ।ऐसा मेरा विश्वास है। इस अवसर पर सानिया को बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड भी प्रदान किया गया। इस बड़ी सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है। उन्होंने कहा कि इस खेल का जन्म छत्तीसगढ़ में हुआ है। इसलिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है, कि इसका खिताब हमेशा छत्तीसगढ़ के खाते में ही आना चाहिए।

# 25 लीटर शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** ग्राम जलसो में चोरी छिपे अवैध शराब की बिक्री करने वाले आरोपी को 25 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित कोनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु अधिक से अधिक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल एवं सीएसपी (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल द्वारा क्षेत्र में सतत् पेट्रोलिंग कर अवैध शराब/गांजा बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में थाना प्रभारी कोनी निरी. राहुल तिवारी द्वारा थाना स्तर पर टीम तैयार कर भ्रमण करते हुये पतासाजी कर मुखबीरों से सम्पर्क किया जा रहा था कि 9 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिला कि उमेश वर्मा नामक युवक अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर टीम तैयार कर मौके पर भेजा गया जिनके द्वारा रेड कार्रवाई कर उमेश वर्मा को पकड़ा गया जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर मकान में छिपा कर रखे एक हरे रंग का 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जैरीकैन में भरा हुआ 5 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, एक पीले रंग का 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जेरीकेन में भरा हुआ 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, दो अलग-अलग सफेद रंग का ढाई लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बोतल में भरा हुआ 5 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 25 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब मिला।

## न्यूज गैलरी

### द हाउस ऑफरेयर ने रायपुर के करंसी टॉवर में किया छत्तीसगढ़ के अपने सबसे बड़े स्टोर का शुभारंभ

**रायपुर/नवप्रदेश।** देश के प्रमुख कंटेम्परेरी फैशन ब्रांड, द हाउस ऑफरेयर ने रायपुर में अपने तीसरे स्टोर के शुभारंभ के साथ एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह नया स्टोर जीई वीआईपी रोड स्थित करंसी टॉवर में शुरू किया गया है और ब्रांड की उस सोच को आगे बढ़ाता है, जिसमें प्रीमियम फैशन को भारत के हर कोने में पहुँचाना शामिल है। यह नया स्टोर छत्तीसगढ़ की राजधानी में फैशन के एक नए हब के रूप में उभरने के लिए तैयार है। 3,200 वर्गफुट में फैला और दो मंज़िला यह शानदार स्टोर, फैशन, डिज़ाइन और रिटेल अनुभव का एक बेहतरीन मेल है। ग्राउंड फ्लोर पर रेयरिज़्म मौजूद है, जहाँ पर मॉडर्न भारतीय महिलाओं के लिए स्टाइलिश और शानदार कलेक्शन उपलब्ध है। इसी मंज़िल पर रेयर वन्स बाय रेयर रैबिट भी है, जो 4 से 16 साल के लड़कों के लिए एक रंगीन और एक्सप्रेसिव सेक्शन है। पहली मंज़िल पर रेयर रैबिट का नायाब कलेक्शन पेश किया गया है, जहाँ प्रोग्रेसिव मेंसवियर को क्लासिक एलिगेंस के साथ मिलाया गया है। यही नहीं, पहली मंज़िल पर ही आपको मिलेगा रेयर्ज़ बाय रेयर रैबिट, जो स्ट्रीट-स्मार्ट फुटवियर और फैशन के लिए एक बोल्ड और न्यू-एज सेक्शन है, खासकर फैशन के शौकीन ग्राहकों के लिए। इस भव्य और दो-लेवल वाले स्टोर के साथ, द हाउस ऑफरेयर रायपुर के फैशनप्रेमियों के लिए एक नया और अनूठा अनुभव पेश कर रहा है, जहाँ स्टाइल, आत्मविश्वास और रचनात्मकता साथ-साथ चलते हैं।

### मस्क की कंपनी 'स्टारलिंक' को भारत में सभी मंजूरियां मिलीं, जल्द मिलेगा हाईस्पीड सैटेलाइट इंटरनेट

**नई दिल्ली।** भारत में सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को बुधवार को देश के स्पेस रेगुलेटर भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) से मंजूरी मिल गई है। इन-स्पेस की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑथराइजेशन लिस्ट के अनुसार, इस मंजूरी के बाद स्टारलिंक के लिए देश में कमर्शियल सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए अंतिम विनियामक बाधा दूर हो गई है। स्टारलिंक को अब सरकार से स्पेक्ट्रम हासिल करना होगा और अपनी सेवाओं के लिए जमीनी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा। दूरसंचार विभाग (डीओटी) सुरक्षा अनुपालन को पूरा करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी को ट्रायल स्पेक्ट्रम देने के लिए तैयार है।

2025 की पहली छमाही में पारंपरिक ऑफिस स्पेस की लगभग 50 प्रतिशत मांग को इन दोनों बाजारों द्वारा पूरा किया जाएगा

# भारत 2025 में दुनिया के टॉप 10 टेक मार्केट में होगा शामिल : रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** भारत 2025 में खासकर प्रतिभा उपलब्धता के मामले में दुनिया के टॉप 10 टेक मार्केट में शामिल होगा, जिसमें देश के टॉप छह शहर पहले से ही एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तकनीकी प्रतिभा अधिग्रहण के लिए टॉप 10 की सूची में शामिल हैं। कोलियर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र एक ग्लोबल टेक टैलेंट हब के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जहां दुनिया के टॉप 10 स्थानों में से तीन भारत (बेंगलुरु), जापान (टोक्यो) और चीन (बीजिंग) में स्थित हैं।

कोलियर्स के इंडिया ऑफिस सर्विसेस मैनेजिंग डायरेक्टर अर्पित मेहरोत्रा ने कहा, भारत टेक टैलेंट का पावरहाउस है और ग्लोबल इनोवेशन इकोसिस्टम में एक की प्लेयर है, जिसे देश के टियर-1 और उभरते शहरों में कुशल प्रतिभा और रोजगार के अवसरों की उपलब्धता का समर्थन प्राप्त है।

भारत के प्रमुख तकनीकी शहरों में एशिया प्रशांत क्षेत्र की कुल तकनीकी प्रतिभा का 69 प्रतिशत हिस्सा है। बेंगलुरु और हैदराबाद, जो इस क्षेत्र के सबसे बड़े प्रतिभा समूहों की मेजबानी करते हैं, टेक लीजिंग एक्टीविटी में अग्रणी बने हुए हैं और 2025 की पहली छमाही में पारंपरिक ऑफिस स्पेस की लगभग 50 प्रतिशत मांग को इन दोनों बाजारों द्वारा पूरा किया जाएगा।

मेहरोत्रा ने आगे कहा, हाई-क्वालिटी ऑफिस स्पेस की उपलब्धता, मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और लागत प्रतिस्पर्धा के साथ, भारत के ऑफिस मार्केट, टेक्नोलॉजी-लेड ग्लोबल इकोनॉमिक विस्तार के लिए टॉप गंतव्यों में प्रमुखता से शामिल होते रहेंगे। रिपोर्ट में प्रतिभा अधिग्रहण, वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग, लेबर इंडेक्स, टैलेंट पाइपलाइन और क्षेत्र संरचना के आधार पर 200 से अधिक

ग्लोबल मार्केट का विश्लेषण किया गया। भारत एशिया प्रशांत क्षेत्र के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी तकनीकी प्रतिभाओं के लिए शीर्ष गंतव्यों में से एक है। रिपोर्ट में पाया गया कि बेंगलुरु और हैदराबाद भारत में पसंदीदा तकनीकी गंतव्य बने हुए हैं, इसके बाद अन्य प्रमुख बाज़ार हैं, जो सभी कुशल प्रतिभाओं की उपलब्धता और एक मैच्योर टेक इकोसिस्टम वाली वैश्विक तकनीकी कंपनियों को आकर्षित करते हैं।भारत के टॉप सात शहरों में टेक्नोलॉजी सेक्टर के ऑक्यूपायर्स ऑफिस स्पेस की मांग का आधार बने हुए हैं, जिसने पिछले कुछ वर्षों में कन्वेंशनल और फ्लेक्स स्पेस दोनों प्रकार के स्थानों में ग्रेड ए स्थान की मांग को बढ़ावा दिया है।2025 की पहली छमाही के दौरान, तकनीकी कंपनियों ने शीर्ष सात शहरों में 1 करोड़ वर्ग फुट से ज्यादा ऑफिस स्पेस लीज पर लिया, जिससे कन्वेंशनल स्पेस की मांग का 40 प्रतिशत हिस्सा हासिल हुआ। फ्लेक्स स्पेस में भी, लगभग आधी मांग तकनीकी कंपनियों से आई।वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) विशेष रूप से तकनीकी क्षेत्र में भारत के कमर्शियल रियल एस्टेट क्षेत्र में गति को आगे बढ़ा रहे हैं। इनोवेशन, मापनीयता और लागत दक्षता पर जोर देते हुए, भारत ने खुद को जीसीसी विस्तार के लिए एक ग्लोबल हब के रूप में स्थापित किया है।कोलियर्स इंडिया के नेशनल डायरेक्टर और रिसर्च हेड विमल नादर ने कहा, भारत वैश्विक कंपनियों, खासकर तकनीकी क्षेत्र की कंपनियों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है, जहां जीसीसी ट्रेडिशनल बैक-ऑफिस कार्यों से रणनीतिक इनोवेशन हब के रूप में लगातार विकसित हो रहे हैं। 2025 की पहली छमाही में, तकनीकी व्यवसायियों ने कुल जीसीसी लीजिंग के 41 प्रतिशत हिस्से यानी 52 लाख वर्ग फुट का योगदान दिया।

दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर भी चर्चा की

# निष्पक्ष व्यापार के लिए आसियान सदस्य देशों के साथ बातचीत में तेजी लाने की उम्मीद : पीयूष

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्री तजफरुल अजीज के साथ उनकी एक सार्थक बैठक हुई, जिसमें उन्होंने आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की चल रही समीक्षा पर चर्चा की।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, निष्पक्ष व्यापार और संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए आसियान सदस्य देशों के साथ बातचीत में तेजी लाने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर भी चर्चा की। मलेशिया आर्थिक मामलों पर आसियान की ओर से भारत का परमानेंट कोऑर्डिनेटर है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स समिट के दौरान अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर बिन इब्राहिम से भी मुलाकात की थी और अन्य मुद्दों के अलावा, आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा पर भी चर्चा की थी।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान के सफल नेतृत्व के लिए मलेशिया को बधाई दी और आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए उसके निरंतर समर्थन का स्वागत किया, जिसमें आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा को शीघ्र और सफलतापूर्वक पूरा करना भी शामिल है। एआईटीआईजीए दस आसियान सदस्य देशों (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) और भारत के बीच एक व्यापार समझौता है। इसका उद्देश्य व्यापार को सुगम बनाने के लिए शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना है। यह समझौता 2009 में हस्ताक्षरित हुआ था और 1 जनवरी, 2010 को एक व्यापक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) के फ्रेमवर्क के हिस्से के रूप में लागू हुआ। एआईटीआईजीए भौतिक वस्तुओं के व्यापार पर केंद्रित है और सेवाओं के व्यापार को कवर नहीं करता है, जिनका उल्लेख 2014 में हस्ताक्षरित एक अलग समझौते में किया गया है। एआईटीआईजीए ने भारत और आसियान के बीच व्यापार को बढ़ाने में योगदान दिया है, जिससे 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 121 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

### अल्ट्राटेक सीमेंट की लाइमस्टोन खदान को इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स खनन मंत्रालय द्वारा 5-स्टार रेटिंग से किया गया सम्मानित

**रायपुर।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की तेरह लाइमस्टोन खदानों को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स, खनन मंत्रालय द्वारा सस्टैनबल माइनिंग में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समारोह 7 जुलाई 2025 को जयपुर, राजस्थान में आयोजित किया गया।

जिन तेरह खदानों को सम्मान प्राप्त हुआ, उनमें एक है परसवानी लाइमस्टोन माइन, जो अल्ट्राटेक की इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हिरमी सीमेंट वर्क्स का हिस्सा है और बालौदा बाजारङ्कभाटापारा, छत्तीसगढ़ में स्थित है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब हिरमी सीमेंट वर्क्स यूनिट को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। अल्ट्राटेक के हिरमी सीमेंट वर्क्स ने अपने खनन क्षेत्र में जल संचयन, हरित पट्टी विकास, सामुदायिक भागीदारी और आसपास के कई गांवों को गोद लेने जैसे प्रयासों के माध्यम से खुद को अन्य खदानों से अलग साबित किया।

अल्ट्राटेक की बारह लाइमस्टोन खदानों को 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई, जबकि एक खदान को 'ग्रीन माइनिंग' में असाधारण कार्य के लिए 7-स्टार रेटिंग का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुआ। यह देश की एकमात्र लाइमस्टोन खदान है जिसे यह रेटिंग मिली है। इस कार्यक्रम के दौरान, कोयला और खनन मामलों के केंद्रीय मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने भारत की सबसे बड़ी सीमेंट और रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) कंपनी अल्ट्राटेक को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सतत विकास और संचालन में इन खदानों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

आदेश क्रमांक 4002/व.ले.लि./2025 — जांजगीर, दिनांक 08/07/2025

इस कार्यालय का निम्नांकित निविदा सूचना को प्रथम आमंत्रण में केवल एक ही निविदाकार द्वारा भाग लिए जाने से प्रतिस्पर्धा का अभाव एवं एकल निविदा की स्थिति निर्मित होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

| स. क्र. | निविदा सूचना क्रमांक | दिनांक | सिस्टम क्रमांक | जी नंबर | राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05/वलेलि/2025-26 | 19.05.2025 | 168746 प्रथम आमंत्रण | 252601000 | 286.61 |
| 2 | 06/वलेलि/2025-26 | 20.05.2025 | 168749 प्रथम आमंत्रण | 252601031 | 389.03 |
| 3 | 07/वलेलि/2025-26 | 20.05.2025 | 168750 प्रथम आमंत्रण | 252601031 | 571.45 |
| 4 | 08/वलेलि/2025-26 | 20.05.2025 | 168752 प्रथम आमंत्रण | 252601031 | 682.38 |

जी-252602091/4

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग
जांजगीर, छत्तीसगढ़



**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE**
**BILASPUR, CHHATTISGARH**
**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 96, 101 दिनांक 17.06.2025 एवं 85 दिनांक 02.06.2025 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।
पूर्व जी नं. -252601633 & 252601332

जी-252602078/4

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बिलासपुर मण्डल बिलासपुर


## डायरेक्टर प्रेम की फिल्म केडी - द डेविल का टीज़र 5 बड़े शहरों होगा रिलीज़

**जिसमें ध्रुव सरजा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी और अन्य सितारे शामिल होंगे**

डायरेक्टर प्रेम की केडी - द डेविल इस समय सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन चुकी है। फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ाने के लिए मेकर्स एक भव्य टीज़र लॉन्च इवेंट की योजना बना रहे हैं, जो 5 बड़े शहरों में आयोजित होगा। इसकी शुरुआत 10 जुलाई को मुंबई और हैदराबाद से होगी, इसके बाद 11 जुलाई को चेन्नई और कोच्चि में, और अंत में 12 जुलाई को बेंगलुरु में इसका समापन होगा।टीज़र लॉन्च इवेंट में और भी चार चांद लगाने के लिए फिल्म की पूरी शानदार स्टारकास्ट शामिल होगी। इस इवेंट की शोभा बढ़ाएंगे - ध्रुव सरजा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, रेश्मा नानैया, निर्माता सुप्रीत और डायरेक्टर प्रेम। केडी - द डेविल एक पीरियड एक्शन एंटरटेनर है जो 1970 के दशक के बेंगलुरु की सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इसे केवीएन प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत किया गया है और निर्देशन किया है प्रेम ने। फिल्म में ध्रुव सरजा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, नोरा फतेही, रमेश अरविंद और वी. रविचंद्रन जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह पैन-इंडिया मल्टीलिंग्वल फिल्म तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज़ होने जा रही है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग रायगढ़ संभाग रायगढ़**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक-3591/ NIT-4/2025-2026/ वलेलि** — **दिनांक 07.07.2025**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 17.07.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 21.07.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 22.07.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ कार्य की अवधि | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) बैंक साल्वेंसी राशि (रु. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 4 T0022 | अमलीडीही से सुहाई मार्ग लं. 7.00 किमी., हरदीझरिया से उड़िसा मार्ग लं.6.50 किमी. का विस्तृत सर्वे कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 1.96 2000.00 29400.00 |
| 4 T0023 | क्रिन्धा से छुहीपहाड़ मार्ग लं. 15.00 किमी., चरखापारा ससकोबा-बंधनपुर मार्ग लं. 28.00 किमी., मुकडेगा से करवारजोर मार्ग लं. 7.00 किमी., दनोट-कया-कमतरा मार्ग लं. 13.40 किमी. का विस्तृत सर्वे कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 9.10 6825.00 136500.00 |
| 4 T0024 | जिला रायगढ़ के रक्शापाली तोरना (माण्ड नदी के किनारे) लं. 24.00 किमी. एवं जिला रायगढ़ के सेन्द्रीपाली सहसपुरी तक (माण्ड नदी के किनारे) मार्ग लं. 24.00 किमी. का विस्तृत सर्वे कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 6.96 5220.00 104400.00 |

निविदा प्रपत्र की कीमत (रु. में) 750.00 प्रत्येक, निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक, T0022 हेतु 1 माह वर्षा ऋतु सहित एवं T0023 T0024 हेतु 02 माह वर्षाऋतु सहित समय निर्धारित है। निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-252602087/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. रायगढ़ संभाग रायगढ़



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग बिलासपुर (छ.ग.)**
नगर निगम टाऊन हाल के पीछे पिन-495001 फोन नं. 07752-418657 Email- eebr.bilaspur@gov.in
**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक/2028/NIT-7/2025-26/व.ले.लि. — बिलासपुर, दिनांक 08.07.2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 16/07/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 21.07.2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 22/07/2025 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में) |
|---|---|---|
| 7 T0009 | उपसंभाग क्र. 01 बिलासपुर के अंतर्गत विभिन्न पुलों एवं पहुंच मार्ग के साधारण मरम्मत कार्य। | 4.92 4920.00 73800.00 |

**निविदा संबंधी शर्तें :-**
(1) निविदा प्रपत्र की राशि 750/- (2) कार्य के लिए निविदाकारों की श्रेणी-एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत ''द'' से ''अ'' तक
(3) कार्य पूर्णता की अवधि 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
(4) विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
निविदा संबंधी अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

जी-252602084/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)


### संदीप रेड्डी वांगा पहले दिन ही देखेंगे 'सैयारा', अहान पांडे और अनीत पड्डा ने कहा: 'आपका यह समर्थन हमारे लिए सब कुछ है'

**मुंबई।** 'एनिमल' और 'कबीर सिंह' जैसी हिट फिल्मों के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने यशराज फिल्म्स की आगामी प्रेम कहानी 'सैयारा' को लेकर अपना उत्साह ज़ाहिर किया है। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म अहान पांडे को बतौर वाईआरएफ हीरो और अनीत पड्डा को वाईआरएफ हीरोइन के रूप में लॉन्च कर रही है।

फिल्म का ट्रेलर इस हफ्ते की शुरुआत में रिलीज़ किया गया था और तभी से इसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अब संदीप रेड्डी वांगा ने अपने सोशल मीडिया पर ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, ÷एक हिंदी हार्टलैंड लव स्टोरी को पूरी तरह रोमांस और ड्रामा पर फोकस करते देखना शानदार है। पहले दिन ही यह फिल्म देखने का इंतज़ार है। डेब्यू कर रहे कलाकारों को ढेर सारी शुभकामनाएँ :-) ये पूरी तरह मोहित सूरी का जादू है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**सिगनलिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**
क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या:56- एसटी-टेंडर-2025, दिनांक: 27.06.2025.
कार्य: "MDXR में SSP के प्रावधान के संबंध में S&T कार्य हेतु।" निविदा मूल्य: ₹ 26,67,735.76 (₹ छब्बीस लाख सड़सठ हजार सात सौ पैंतीस एवं छिहत्तर पैसे मात्र)। अमानत राशि: ₹ 53,400/- (₹ तिरपन हजार चार सौ मात्र)।
निविदा जमा होने की तिथि: 18.07.2025 के 15.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/
सीपीआर/10/154 (CIC)/बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
**''सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन'' सेक्टर-24 कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर- 492018**
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website- www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/बीज भवन तेलीबांधा मरम्मत/472/25-26/3016 — रायपुर, दिनांक 09/07/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal : http://samb.eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ''प्रपत्र-अ'' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 04.08.2025
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 11.08.2025

| क्र. | कार्य का नाम/स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड तेलीबांधी रायपुर के प्रथम तल में स्थित क्षतिग्रस्त कार्यालय भवन में नवीनीकरण एवं मरम्मत का कार्य। | 27.52 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।

संवाद-44494/1 — प्रबंध संचालक



**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
दूरभाष नं. 07752-225545, E-mail-Id actd.bilaspur@nic.in

क्र./32/निर्माण/2025-26/1214 — **द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना** — बिलासपुर, दिनांक 07.07.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) बिलासपुर के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत द श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 एवं संशोधित दिनांक 23.12.2022 तक लागू एवं विद्युतीकरण दर अनुसूची जो दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील है। (समस्त संशोधन सहित) एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. ई-निविदा प्रारंभ तिथि - 07.07.2025
02. निविदा की अंतिम तिथि - 21.07.2025 (सायंकाल 4.00 बजे तक)
03. निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एस.डी.आर.) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 22.07.2025
04. निविदा खोलने की तिथि - 23.07.2025 (प्रातः12.30 बजे)

| क्र. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनु. जाति आदर्श कन्या आश्रम देवरीखुर्द बिलासपुर में आर.सी.सी. स्लेब एवं अन्य कार्य | बिल्हा | 30.00 | 30000 |
| 2 | पो.मै. अनु. जाति बालक छात्रावास सीपतरोड बिलासपुर में भवन का जीर्णोद्धार कार्य | बिल्हा | 20.00 | 20000 |
| 3 | पो.मै. अनु. जाति कन्या छात्रावास मस्तूरी में भवन का जीर्णोद्धार कार्य | मस्तूरी | 16.62 | 17000 |

निविदा की सामान्य शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।
**टीप :-** निविदा मूल्य की राशि 750/0 होगी तथा कार्यपूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित 6 माह होगी।

जी-252602067/2

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास बिलासपुर

## न्यूज गैलरी

### नशे में धुत युवक ने फाड़े भाजपा के पोस्टर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के बस स्टैंड इलाके में एक युवक ने शराब के नशे में भाजपा नेताओं के बैनर और पोस्टर फाड़ दए। इस दौरान वह जोर-जोर से गालियां देता रहा और यह कहता रहा कि बैनर में हमारे फोटो क्यों नहीं लगाए गए। बताया जा रहा है कि आरोपी एक महिला झ्ककका भाई है, जिससे मामला और भी चर्चा में आ गया है। घटना की सूचना मिलते ही टिकरापारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन नशे में धुत युवक का हंगामा तब भी जारी रहा। आखिरकार पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और आरोपी समेत उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। आरोपी रोहित कुमार पटेल, अपूर्व वर्मा और सत्री वर्मा बस स्टैंड क्षेत्र में बैठकर शराब पी रहे थे। इस पर उनके खिलाफलोक शांति भंग करने की धारा 36(च)-स्त्रल के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस के आने पर एक आरोपी मौके से भाग निकला, हालांकि पुलिस ने वहां खड़ी एक कार को जब्त कर लिया। गौरतलब है कि पोस्टर फाड़ने की कोई औपचारिक शिकायत पुलिस के पास अब तक नहीं पहुंची है। इसलिए फ्लिहाल आरोपियों के खिलाफसिर्फसार्वजनिक स्थान पर शराब पीने का ही मामला दर्ज किया गया है।

### ई-रिक्शा के ड्राइवर और सवारी से लूट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में ई-रिक्शा के ड्राइवर और बुजुर्ग सवारी से 20 हजार की लूट हुई है। 9 जुलाई की रात की घटना है। 3 लुटेरे चलती ई रिक्शा में सवार हो गए। फ्रि बुजुर्ग से मोबाइल-कैश छीन कर मौके से फ्रार हो गए। बुजुर्ग अस्पताल में अपने बेटे को भर्ती कर वापस घर लौट रहा था तभी घटना हुई। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है। पीड़ित रामकुमार यादव ने डीडी नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वह 7 जुलाई को अपने लड़के की तबीयत खराब होने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती किया। रात 8:30 बजे वह ई-रिक्शा से ब्राह्मण पारा के घर जाने के लिए निकले। रिंग रोड से होते हुए रायपुरा चौक के पास पहुंचे थे। तभी ई-रिक्शा में सवार तीन युवकों ने उनके पैसे मोबाइल छीने। आरोपियों ने रामकुमार यादव और ई-रिक्शा चालक टेकेश्वर सिंह ठाकुर दोनों का मोबाइल छीन लिया।

### रायपुर में महिला के गले से सोने की चेन पार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में एक महिला के गले से सोने की चेन पार हो गई है। वारदात महिला के सब्जी लेने के दौरान हुआ। जिसके बाद महिला ने थाने में जाकर शिकायत दर्ज करवाई। वहीं दूसरी घटना टिकरापारा के मंदिर में हुई है। जिसमें मंदिर में सो रहे एक व्यक्ति का मोबाइल और सामान चोरी हो गया। पुलिस दोनों मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है। जयश्री द्विवेदी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इसमें बताया कि वह 8 जुलाई को 7:30 बजे खमतराई सब्जी बाजार गई थी। सब्जी खरीदते समय गले में पहने सोने की चेन और लॉकेट किसी ने चोरी कर लिया। चेन की कीमत करीब 80 हजार रुपए है। इस मामले में पुलिस चोर की तलाश कर रही है। दूसरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है अजय ध्रुव ने थाने में शिकायत दी। जिसे बताया कि वह हनुमान मंदिर परिसर में सो रहा था। इस दौरान पुरुषोत्तम धनगर और बाबू खान मंदिर परिसर में घुस गए। फ्रि अचानक वह भागने लगे

### कम्प्यूटर दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

तिल्दा नेवरा/ नवप्रदेश। जनपद पंचायत कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर स्थित मनोरंजन कंप्यूटर दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग के कारण दुकान के अंदर रखे लाखों रुपए के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो गए। देर रात लगभग 3:30 बजे दुकान के संचालक को किसी के द्वारा फेन किया गया कि दुकान में आग लग गई है। जब दुकान संचालक आकर देखा तो अंदर आग जल रही थी। उसने तत्काल फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी और कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह लगभग 5 बजे अडानी पावर प्लांट सहित आसपास के कुछ अन्य प्लांट से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

# गुरु पूर्णिमा पर कलश यात्रा एवं पादुका पूजन के साथ मना महोत्सव

■ संघ के कार्यकर्ताओं ने भगवाध्वज एवं भारतमाता का किया पूजन

## आरएसएस, वृद्धसेवाश्रम तथा सत्यदर्शन योग आश्रम में भंडारा एवं रुद्राभिषेक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मठ मंदिरों और आश्रम में विभिन्न कार्यक्रम हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 107 की शाखाओं में भगवा ध्वज और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वयंसेवकों ने गुरु के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। राजधानी के प्राचीन मंदिर दूधाधारी मठ में आज महंत श्याम सुंदर दास ने भगवान की पूजा अर्चना की जिसके पश्चात भक्तों को दर्शन दिया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वृद्धाश्रम महादेव घाट में भी संत राजीव रंजन महाराज की उपस्थिति में गुरु के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए गुरु का दर्शन किया तथा आशीर्वाद लेने भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे। सुरेश्वर महादेव पीठ में सुबह भक्तों को दीक्षा दी गई तथा महाप्रसादी का वितरण किया गया। गांधी उद्यान स्थित सत्यदर्शन आश्रम में भी चरण पादुका का कार्यक्रम रखा गया। शांतिपाठ गुरु वंदना के पश्चात भजन कीर्तन किया गया। उसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

### आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने शाखाओं में मनाया गुरु पर्व

राष्ट्रीय स्वयं संघ के नगरीय निकाय के अध्यक्ष महेश बिड़ला ने बताया राजधानी में 167 संघ की शाखाएं है आज यहां पर प्रातः स्वयंसेवकों ने काली टोपी एवं गणवेश में आकर भगवा ध्वज के सामने गुरु दक्षिणा दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिक शामिल हुए। बिड़ला के अनुसार आगामी भविष्य में कुछ बड़े आयोजन किये जाएंगे। जिसमें संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भाग लेंगे।

### जागृति मिशन परसदा में हुआ कार्यक्रम

परसदा स्थित विश्व जागृति मिशन में सुधांशु महाराज के आशीर्वचन के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात विद्वान पंडितों द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। सुधांशु महाराज ने लाइव आशीर्वाद दिल्ली से दिया। यहां पर रुद्राभिषेक सुबह तक चलेगा। भैरव सोसाइटी में भी दादा गुरुदेव बड़ी पूजा जाप और गुरु भक्ति की गई। जिसमें सैकड़ों बच्चों के अलावा श्रावक एवं श्रमिकाएं शामिल हुईं। गोदड़ीधाम में भी पंचानन स्नान के बाद अनेक कार्यक्रम हुए।

## बस्तर के धुड़मारास गांव में बिजली, पानी, की सुविधा

# नक्सल क्षेत्र के गांव को 'बेस्ट टूरिज्म विलेज' बनाने की घोषणा, आया बदलाव

रायपुर/नवप्रदेश। दुनिया के 20 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में शामिल होने के बाद कभी उपेक्षित रहे बस्तर के धुड़मारास गांव में अब बदलाव आने लगा है। यहां अब सरकार मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने पूरा ध्यान दे रही है। इस गांव का अंधकार दूर हुआ है। पूरा गांव सौर ऊर्जा की रोशनी से जगमगा उठा है। यहां पीने का साफ पानी सहित अन्य सुविधाएं पहुंच रही हैं। यहां गांव के गली-मोहल्लों से लेकर स्कूलों में सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है। ऐसे में इस इलाके के ग्रामीण बहुत खुश हैं।

छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के माध्यम से गांव में 3 नग सोलर ड्यूल पम्प की स्थापना कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया है। 2 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्र की स्थापना कर रात के वक्त प्रकाश की व्यवस्था की गई है। गांव की गलियों में सोलर पावर स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में सौर ऊर्जा आधारित विद्युत आपूर्तिकी जा रही है। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी और मुख्य

### ये सुविधाएं मिल रही हैं

प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक जीवनशैली से परिपूर्ण यह गांव, अब सौर ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर अंचल में पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ स्थानीय सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। धुड़मारास गांव में क्रेडा विभाग ने सौर ऊर्जा आधारित विभिन्न परियोजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर स्वच्छ पेयजल, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था और शैक्षणिक संस्थानों में विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

कार्यपालन अधिकारी राजेश राणा द्वारा परियोजनाओं की निरंतर निगरानी कर कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा बस्तर जिले के धुड़मारास गांव और चित्रकोट गांव को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ गांव के रूप में पुरस्कृत किया गया है। प्राकृतिक रूप से समृद्ध धुड़मारास गांव कांगेर नदी की सुरम्य धारा, हरियाली, जैव विविधता और पारंपरिक बस्तरिया संस्कृति पर्यटकों को आकर्षित करती है।

### आसपास के गांवों को भी मिल रहा है बढ़ावा

धुड़मारास गांव में ईको-पर्यटन विकास समिति द्वारा कांगेर नदी में कयाकिंग और बांस राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पर्यटकों हेतु प्रतीक्षालय, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास भी ग्रामीण स्तर पर किया जा रहा है। राज्य शासन के वन और पर्यटन विभाग द्वारा धुड़मारास को ईको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं। इसी तर्ज पर नागलसर और नेतानार जैसे गांवों में भी ईको पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है।

# बारिश के कारण अनेक वार्डों में जलभराव

■ निचली बस्तियां हुई जलमग्न, नगर निगम का अमला हुआ सक्रिय

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में आज निरंतर वर्षा के कारण अनेक क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। खारून नदी का भी जलस्तर बढ़ते जा रहा है। जिसे देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। महापौर के निर्देश के बावजूद भी अब निगम के नालियों की सफाई की कलई खुलती जा रही है। विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं जोन आयुक्त वस्तुस्थिति की जानकारी ले रहे है। निगम इसकी साफ सफाई कराने के लिए जेसीबी और फ नेलैन का सहारा ले रहा है।

नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड के अंतर्गत शास्त्री बाजार के सामने मुख्य बाजार मार्ग पर बंजारी वाले बाबा की मजार से एवरग्रीन चौक तक जाने वाले मार्ग पर दुकानों के सामने से पाटों को दो जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर सड़क में जल भराव की समस्या को दूर करने कार्यवाही जोन 4 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री वीरेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति में की गयी।

बंजारी वाले बाबा की मजार से एवरग्रीन चौक जाने वाले मार्ग में दुकानों के सामने सड़क किनारे नाली पर बनाये गए लगभग 30 पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़कर हटाया गया।

# अडानी, बालको व डीबी पॉवर ने विद्युत दरों में निर्धारण के लिए आयोग में लगाई याचिका

■ राज्य नियामक आयोग में सीएसपीडीसीएल ने लगाई याचिका

■ आम लोगों को महंगी बिजली का लगेगा झटका

रायपुर/नवप्रदेश। छग विद्युत मंडल जहां आम उपभोक्ताओं एवं हितधारकों को महंत विद्युत दरों का झटका देने की तैयारी कर रही है। वहीं राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष छग विद्युत वितरण कंपनी सीएसपी डीसीएल ने चालू वित्त वर्ष में नामचीन पावर कंपनी अडानी भारत एल्युमिनियम कंपनी, बीबीपॉवर लिमिटेड, सहित अन्य कंपनियों को अंश ऊर्जा प्रभार दर में निर्धारण के लिए याचिका दायर की है जिस पर 17 जुलाई को सुनवाई होगी।

छग राज्य विद्युत नियामक आयोग के सचिव ने एक सूचना जनहित में जारी की है। जिसके तहत 17 जुलाई को आयोग के न्यायालय कक्ष में 17 जुलाई को छग विद्युत राज्य वितरण कंपनी द्वारा वित्त वर्ष 23-24 में आपूर्ति की जा रही है। शुद्ध उत्पादित बिजली के पांच अंश ऊर्जा प्रभार दर दर के निर्धारण हेतु सुनवाई होगी। सचिव द्वारा जारी निर्देशानुसार इसमें अडानी एवं बालको तथा डीबी पॉवर कंपनी के द्वारा प्रभार दर पर निर्धारण हेतु याचिका पर सुनवाई की जाएगी। इसमें जनता एवं हितधारकों द्वारा सुझाव एवं आपत्तियां मांगी जाएगी। सचिव के अनुसार आयोग की वेबसाइट पर आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

अडानी पॉवर लिमिटेड रायगढ़ द्वारा सीएसपी डीसीएल को वित्त वर्ष में बिजली के पांच प्रतिशत अंश ऊर्जा प्रभार दर के निर्धारण हेतु याचिका पर सुनवाई के लिए आवेदन किया है। वहीं डीबी पॉवर कंपनी के द्वारा भी इसी वित्तीय वर्ष में पांच प्रतिशत अंत ऊर्जा प्रभार दर के निर्धारण हेतु याचिका दर पर जनसुनवाई होगी। एक और याचिका में बीबी पॉवर लिमिटेड ने वित्त वर्ष में ऊर्जा प्रभार में निर्धारण हेतु सीएसपीडीसीएल की याचिका पर सुनवाई की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में जीएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की जीएसटी जांच टीम ने बीते महीने रायपुर समेत 22 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस कार्रवाई में रायपुर के पास स्थित एक बड़ी गुटखा फैक्ट्री भी जांच के घेरे में आई थी। सूत्रों के अनुसार, अब इन छापों में मिले दस्तावेजों की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और जल्द ही इस पूरे मामले में बड़ा खुलासा किया जा सकता है। प्रारंभिक जांच में ही टैक्स चोरी के लगभग 5 करोड़ रुपये सामने आ चुके हैं। इसके बाद विभाग की टीम ने सभी दस्तावेजों की बारीकी से खंगालते हुए कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। उम्मीद की जा रही है कि जांच पूरी होने के बाद इन कारोबारियों से करोड़ों रुपये का टैक्स वसूला जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने पहले ही साफकर दिया था कि टैक्स दिए बिना कोई भी व्यापार अब नहीं चलेगा।

# प्राइवेट चॉइस सेंटर में अब नहीं बनेंगे आधार कार्ड

■ अब 44 की जगह सिर्फ 9 केंद्र में होंगे आधार से जुड़े काम, ये सभी सरकारी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में आधार सेवाओं को लेकर एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। 15 जुलाई से चॉइस सेंटरों पर मिलने वाली आधार संबंधित सभी सेवाएं पूरी तरह से बंद हो जाएंगी। ये फैसला केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशों के तहत लिया गया है।

अब शहर में नया आधार कार्ड बनवाने या उनमें किसी भी तरह के अपडेट के लिए सरकारी लोक सेवा केंद्रों में जाना होगा। शहर में ऐसे सिर्फ9 सरकारी लोक सेवा केंद्र है। जबकि इसके उलट प्रेजेंट में रायपुर में 44 से अधिक निजी चॉइस सेंटर हैं। यानी सीधे 80% चॉइस सेंटर बंद हो जाएंगे। हालांकि राजधानी के पंडरी स्थित श्याम प्लाजा में एक निजी कंपनी को भी मशुल्क सर्विस कंटिन्यू करने की अनुमति मिली है।

### चॉइस सेंटर संचालकों में आई नाराजगी

इस फैसले से चॉइस सेंटर संचालक भी नाराज हैं। पहले आधार कार्ड में एक निश्चित कमीशन मिलता था, जिससे सेंटर का खर्च, स्टाफ का वेतन और किराया निकल जाता था। अब काम खत्म होने से सेंटर चलाना मुश्किल हो जाएगा। हालांकि, चिप्स की ओर से संचालकों को सरकारी केंद्रों में शिफ्ट होने का विकल्प दिया गया है। लेकिन ज्यादातर इसमें रुचि नहीं दिखा रहे, क्योंकि कमीशन घटाकर 75 रुपए कर दिया जाएगा।

**लोगों को होगी परेशानी**

निजी चॉइस सेंटर बंद होने से होगा यह कि राजधानी के कलेक्ट्रेट, निगम मुख्यालय सहित 9 सरकारी केंद्रों में 4 से 5 गुना भीड़ सकती है। जिसका सीधा इम्पैक्ट आम लोगों पर पड़ेगा। सरकारी केंद्रों की सीमित संख्या के कारण भीड़ बढ़ेगी। जिससे लोगों को लंबी कतारों और बार-बार चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

## दुर्ग-धमतरी समेत 33 जिले भीगेंगे, 10 जिलों में अलर्ट, 9 में बाढ़ का खतरा

# रायपुर में तेज बारिश, दोपहर 3 बजे छाया अंधेरा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर और रायगढ़ में तेज बारिश हो रही है। रायपुर में घने बादलों के कारण दोपहर 3 बजे ही अंधेरा छा गया है। इस बीच मौसम विभाग ने 9 जिलों बलरामपुर, बालोद, बलौदाबाजार, धमतरी, दुर्ग, कोरिया, महासमुंद, रायपुर और सूरजपुर में अचानक बाढ़ आने का खतरा जताते हुए अगले 24 घंटे के लिए अलर्ट जारी किया है।

इसके अलावा आज सेंट्रल छत्तीसगढ़ के दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, कांकेर, महासमुंद, गरियाबंद सहित 10 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। रायपुर-बेमेतरा, कबीरधाम सहित 13 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है। इसके बाद कल यानी 11 जुलाई से

बारिश की तीव्रता में कमी आ सकती है। बुधवार को दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर संभाग के जिलों में भारी बारिश हुई है। कवर्धा जिले के भौराटोला में बिजली गिरने से नाबालिग की मौत हो गई।

### शिवनाथ नदी में बाढ़ का खतरा

राजनांदगांव में लगातार बारिश के बाद शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। जिससे 4 जलाशयों से कुल 36 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। मोंगरा बैराज से 20 हजार क्यूसेक, घुमरिया नाला बैराज से 10,800 क्यूसेक, सूखा नाला बैराज से 5,200 क्यूसेक और खातू टोला बैराज से 600 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। राजनांदगांव जिले में अब तक 250 मिमी पानी बरसा है जो औसत से 10 मिमी अधिक है। इसमें से 156 मिमी बारिश पिछले चार दिनों में ही हुई है।

### शिवनाथ नदी में फंसे 32 मजदूरों का रेस्क्यू

इससे पहले बुधवार को दुर्ग के थनौद गांव में शिवनाथ नदी में आई बाढ़ में फंसे 32 मजदूरों को सुरक्षित निकाला गया। इनमें बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। सभी भारत माला परियोजना में काम करने आए थे। तभी नदी का जलस्तर बढ़ गया। बता दें कि लगातार बारिश से प्रदेश में कई नदी-नाले उफ्नन पर हैं।

### रायगढ़ जिले में सबसे ज्यादा बारिश

इसके अलावा कवर्धा जिले में ही एक ही परिवार की दो महिलाओं की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं चरोटा भाजी (साग) तोड़ने गई थीं।

# पाठ्य पुस्तकों का टोटा और शैक्षणिक कार्य प्रभावित

■ प्राइमरी एवं मीडिल की पुस्तकें बाजार में नहीं मिल रही

रायपुर/नवप्रदेश। पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा पहली से लेकर आठवीं तक की पुस्तकों की आपूर्ति समय पर नहीं की जाने के कारण इस समय शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों ने बताया कि पुरानी पाठ्य पुस्तकों के आधार पर पाठ्यक्रम पूरा किया जा रहा है। पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा उचित भंडारण नहीं किये जाने के कारण इस समय पाठ्य पुस्तकों का टोटा बना हुआ है।

छग शिक्षक संघ के अध्यक्ष विकास राजपूत ने बताया कि राज्य में पहली से लेकर आठवीं तक की हिंदी अंग्रेजी गणित सामान्य ज्ञान सहित अन्य पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण शिक्षकों को अध्यापन कराने में काफी समस्याएं आ रही है। उन्होंने बताया कि पाठ्य पुस्तक पहली से लेकर दसवीं तक की आबंटित करता है।

पाठ्यपुस्तक निगम ने राजधानी के कई शिक्षकों को अपने यहां बुलाकर स्केनिंग करने का काम करने को कहा है लेकिन सर्वर डाउन होने से शिक्षक परेशान हो रहे हैं। इधर शिक्षकों ने पाठ्य पुस्तक निगम कार्यालय का घेराव कर दिया था लेकिन अभी भी समस्या हल नहीं हो पा रही है। शिक्षक संघ का आरोप है कि युक्तियुक्तकरण के कारण कई शालाओं में शिक्षकों का टोटा हो गया है। एकतरफा पद से कार्य मुक्त करने के कारण हमें परेशानी हो रही है। शिक्षकों ने इसके लिए धरना प्रदर्शन किया था। निजी स्कूल के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने भी आरोप लगाए की निजी स्कूलों को पाठ्यपुस्तक देने में भेदभाव किया जा रहा है।

### बलौदाबाजार-भाटापारा में ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, 127 वाहन चालकों से 64,200 समन शुल्क वसूला

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में जिला यातायात पुलिस ने 9 जुलाई 2025 को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुल 127 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए ₹64,200 समन शुल्क वसूला गया। दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाने वाले 27 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8100 का जुर्माना वसूला गया। वहीं, बिना हेलमेट वाहन चलाने के मामले में 43 चालकों से 21,500 समन शुल्क लिया गया। इसके अलावा नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने पर 20 लोगों से ₹6000 का जुर्माना वसूला गया।

नवप्रदेश
www.navpradesh.com
सकरी, गनियारी में दैनिक नवप्रदेश की प्रति प्राप्त करने के लिए संपर्क करें -
रुद्र दत्त तिवारी 88899 69939 7747999724

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-यशवंत धोटे (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com